राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 08 फ़रवरी 2026
वर्ष 07, अंक 128, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

परेशानी पीएचसी पर वैक्सीन नहीं...03

सड़कों पर गड्ढों से मौत अव्यवस्था की ज्वलंत तस्वीर पेश करती है....12

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा , वही दिखेगा

स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।

जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।

अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254

www.swatantraprabhat.com www.epaper.swatantraprabhat.com

## बच्चों की कस्टडी, मिलने के अधिकार... पति-पत्नी के झगड़ों के मामले में पैरेंटिंग प्लान बनाएगा कोर्ट

**● दिल्ली हाई कोर्ट वैवाहिक विवादों में बच्चों की कस्टडी, मिलने-जुलने के अधिकार और पेरेंटिंग प्लान के लिए गाइडलाइंस बनाने पर विचार कर रहा है. एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल को रिप्रेजेंटेशन देने का निर्देश दिया.कलकत्ता और कर्नाटक हाईकोर्ट में पहले से ही ऐसी गाइडलाइंस मौजूद हैं**



दिल्ली हाई कोर्ट ने हाल ही में इशारा किया कि वह दिल्ली में शादी के झगड़ों से जुड़े बच्चों की कस्टडी, मिलने-जुलने के अधिकार और पेरेंटिंग प्लान पर गाइडलाइंस बनाने पर विचार करेगा. कोर्ट ने याचिकाकर्ता को 2 हफ़्ते के अंदर रजिस्ट्रार जनरल को रिप्रेजेंटेशन देने का निर्देश दिया है. दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की डिवीजन बेंच ऐसी गाइडलाइंस बनाने की मांग वाली एक पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (पीआईएल) पिटीशन पर सुनवाई कर रही थी. इस दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ता को 2 हफ़्ते के अंदर रजिस्ट्रार जनरल को रिप्रेजेंटेशन देने का निर्देश दिया. जिसके बाद कोर्ट का एडमिनिस्ट्रेटिव पक्ष ऐसी गाइडलाइंस बनाने पर विचार कर सकता है।

**कोर्ट ने कही ये बात**

4 फरवरी को मामले में शुरुआती दलीलें सुनने के बाद चीफ जस्टिस ने कहा था कि आप रिप्रेजेंटेशन दीजिए, हम विचार करेंगेकी कोर्ट ने कहा कि ऐसी रिप्रेजेंटेशन मिलने पर, इस कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मामले को सही कमेटी/अथॉरिटी के सामने रखेंगे, जो स्टेकहोल्डर्स के साथ सलाह करके ऐसी पॉलिसी बनाने के लिए इस रिट पिटीशन में की गई प्रार्थनाओं के अनुसार फैसला लेगी।

**एकम न्याय फाउंडेशन ने दायर की याचिका**

यह जनहित याचिका नॉट-फॉर-प्रॉफिट ऑर्गनाइज़ेशन, आयुष्मान इनिशिएटिव फॉर चाइल्ड राइट्स और पत्रकार दीपिका नारायण भारद्वाज की लीडरशिप वाले एकम न्याय फाउंडेशन ने दायर की थी. हत्तह्य ने कोर्ट से अपील की कि वह शादी के झगड़ों, बच्चों की कस्टडी और विज़िटेशन राइट्स से जुड़े मामलों में पेरेंटिंग प्लान के साथ-साथ बच्चों तक एक्सेस और कस्टडी के लिए गाइडलाइंस जारी की।

**कलकत्ता और कर्नाटक ॥ष्ट बना चुके गाइडलाइंस**

याचिका में बताया गया कि ऐसी गाइडलाइंस कलकत्ता हाई कोर्ट और कर्नाटक हाई कोर्ट पहले ही बना चुके हैं.एनजीओ ने आगे कहा कि उन्हें एक आर टी आई जवाब से पता चला कि दिल्ली में बच्चों तक एक्सेस और विज़िटेशन को कंट्रोल करने वाली कोई यूनिफॉर्म गाइडलाइंस नहीं हैं, इसलिए ऐसी ही गाइडलाइंस अपनाने की मांग करते हुए पीआईएल पिटीशन फाइल की गई थी।

याचिका में कहा गया है कि यूनियन मिनिस्ट्री ऑफ विमेन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट ने भी माना है कि कलकत्ता हाई कोर्ट की गाइडलाइंस एक मॉडल स्टैंडर्डाइज्ड कस्टडी फ्रेमवर्क बनाती हैं, जिसे दूसरे हाई कोर्ट भी अपना सकते हैं।

## दिल्ली जनकपुरी हादसे पर CM रेखा सख्त, राजधानी में सभी खुदाई स्थलों की रिपोर्ट 3 दिन में पेश करने के निर्देश



पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी क्षेत्र में शुक्रवार को हुए हादसे के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सख्त रुख अपनाया है. सीएम ने ऐसी घटनाएं दोबारा न हो उसे रोकने के लिए सभी विभागों और कार्यान्वयन एजेंसियों को एक आदेश जारी किया है. उन्होंने खुदाई स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं में हूई चूक पर चिंता व्यक्त करते हुए सुरक्षा मानकों के सख्त अनुपालन के निर्देश दिए हैं और अधिकारियों तथा ठेकेदारों की स्पष्ट जवाबदेही तय की है।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद मुख्य सचिव ने एक व्यापक कार्यालय आदेश जारी किया गया है जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को लेकर आठ-सूत्रीय सुरक्षा ढांचे का पालन अनिवार्य किया गया है. साथ ही समयबद्ध कदम के तहत, सभी विभागों और संगठनों को दिल्ली में चल रहे तथा हाल ही में किए गए सभी खुदाई कार्यों की तत्काल समीक्षा करने के आदेश दिए गए हैं। ऐसे स्थलों के स्थान, वहां लागू सुरक्षा उपायों और जहां भी कमी पाई जाए वहां उठाए गए सुधारात्मक कदमों का विवरण देते हुए एक समेकित रिपोर्ट 3 दिनों के भीतर मुख्य सचिव कार्यालय को प्रस्तुत की जानी होगी।

**इन विभागों और एजेंसियों पर निर्देश लागू**



ये निर्देश दिल्ली सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में आने वाले सभी विभागों और एजेंसियों पर लागू होंगे, जिनमें लोक निर्माण विभाग (पी डब्ल्यूडी), सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग (I&FC), दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी ), नगर निगम दिल्ली (एम सीडी), नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी), विद्युत वितरण कंपनियां (DISCOMs) और अन्य सभी कार्यान्वयन एजेंसियां और ठेकेदार शामिल हैं, लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं हैं. दिल्ली सरकार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जनकपुरी दुर्घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया है और स्पष्ट किया है कि लापरवाही के कारण किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि अस्वीकार्य है. जनसुरक्षा से किसी भी परिस्थिति में समझौता नहीं किया जा सकता. जहां भी चूक पाई जाएगी, वहां जवाबदेही तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**आठ-सूत्रीय निर्देश में क्या-क्या?**

वहीं सरकार आठ-सूत्रीय निर्देश के अनुसार, सभी कार्य स्थलों पर सभी दिशाओं से पर्याप्त दूरी पर स्पष्ट और पर्याप्त चेतावनी संकेतक अनिवार्य रूप से लगाए जाएं. विशेष रूप से रात्रि समय और कम दृश्यता की स्थिति में खुदाई वाले क्षेत्रों और बैरिकेड्स के चारों ओर रिफ्लेक्टर लाइट्स, ब्लिंकर्स और चमकीले टेप अनिवार्य रूप से लगाए जाएं।

शेष खबर पेज न.- 12

## संक्षिप्त ख़बरें

### मुस्कान मिश्रा को क्या नहर के किनारे हत्या करके फेंका गया था, दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज




**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज के मऊआइमा थाना क्षेत्र में नहर से मिली अज्ञात युवती की लाश की पहचान हो गई है। मृतका बहरिया थाना क्षेत्र के मेल्हा गांव की रहने वाली मुस्कान मिश्रा (22) थी। मायके वालों ने सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों से उसकी पहचान की। इसके बाद पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया गया है। दो साल पहले हुई थी शादी मुस्कान मिश्रा, प्रेम नारायण मिश्रा की सबसे छोटी बेटी थी। उसकी शादी 28 फरवरी 2023 को प्रतापगढ़ जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र के बरहदा गांव निवासी धीरज मिश्रा, पुत्र पुष्कर मिश्रा के साथ हुई थी।

दहेज को लेकर प्रताड़ना का आरोप मुस्कान के भाई सुनील मिश्रा ने मऊआइमा थाने में शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही धीरज और उसके परिवार वाले दहेज की मांग को लेकर मुस्कान को परेशान करते थे। पति समेत चार नामजद सुनील मिश्रा की तहरीर पर पुलिस ने बहनोई धीरज मिश्रा, ससुर पुष्कर मिश्रा, जेठ नीरज मिश्रा और ननद रिया मिश्रा को नामजद किया है। इन पर मुस्कान की हत्या कर शव नहर में फेंकने का आरोप है।

फोन आया- 'मुस्कान गायब है' सुनील ने बताया कि 5 तारीख की शाम ससुराल से फोन आया था कि मुस्कान घर से लापता है। इसके बाद सोशल मीडिया और अखबारों में छपी तस्वीर देखकर परिवार ने शव की पहचान की। गौरतलब है कि शुक्रवार भोर में मऊआइमा थाना क्षेत्र के भवानीगढ़ तिलाई बाजार के पास नहर में अज्ञात महिला का शव मिला था, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मुंबई में मेयर पद के लिए क्या उम्मीदवार खड़ा करेगी UBT? उद्धव ठाकरे ने बैठक में लिया ये फैसला

**● दिल्ली हाई कोर्ट वैवाहिक विवादों में बच्चों की कस्टडी, मिलने-जुलने के अधिकार और पेरेंटिंग प्लान के लिए गाइडलाइंस बनाने पर विचार कर रहा है. एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल को रिप्रेजेंटेशन देने का निर्देश दिया.कलकत्ता और कर्नाटक हाईकोर्ट में पहले से ही ऐसी गाइडलाइंस मौजूद हैं**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

मुंबई बीजेपी अध्यक्ष अमित सातम ने शनिवार को रितु तावड़े को मेयर पद के लिए और शिवसेना (शिंदे गुट) ने डिप्टी मेयर पद के लिए संजय शंकर घाड़ी को उम्मीदवार बनाने का ऐलान किया. इसके बाद से मुंबई नगर निगम के मेयर चुनाव के लिए राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं. उसके बाद शनिवार को उद्धव ठाकरे की उपस्थिति में मातोश्री स्थित आवास पर शिवसेना ठाकरे गुट के नेताओं और पार्षदों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।

इस बैठक के बाद पूर्व महापौर किशोरी पेडनेकर ने मेयर पद को लेकर ठाकरे गुट का रुख स्पष्ट किया. इस अवसर पर उन्होंने यह भी संकेत दिया कि ठाकरे गुट मेयर पद के लिए उम्मीदवार खड़ा करेगा या नहीं। किशोरी पेडनेकर ने कहा कि अब एक मराठी मेयर नियुक्त हो चुका है. हम संख्या के गणित को स्वीकार करते हैं और हमने इसे स्वीकार कर लिया है. इस बार उन्होंने संकेत दिया है कि मेयर के चुनाव का रास्ता खुला है।

**उद्धव सेना का महायुति पर हमला**

किशोरी पेडनेकर ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि 2022 में चाहे जो भी लड़ाई चल रही हो, उस संघर्ष में भी बालासाहेब ठाकरे द्वारा तैयार मराठा जनमानस मुंबई में आज भी शान से खड़ा है. जनता खुली आंखों से देख रही है कि बालासाहेब के नाम पर मिले जनादेश का इस्तेमाल कौन किस उद्देश्य से कर रहा है. किशोरी पेडनेकर ने जोर देकर कहा कि हमारी लड़ाई हमेशा से मराठा जनमानस की पहचान के लिए रही है और यह जारी रहेगी।

इस बार उन्होंने मेयर पद के लिए उम्मीदवार उतारने पर सीधे टिप्पणी किए बिना एक सक्षम विपक्षी दल होने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि हम लोकतंत्र में संख्या के महत्व को जानते हैं. पहले सत्ता में रहते हुए भी हमने अक्सर जनता के मुद्दों के लिए विपक्षी दल की भूमिका निभाई है. अब हम आधिकारिक तौर पर उसी जिम्मेदारी को निभाएंगे. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हमारे सभी पार्षद बिना किसी दबाव या पक्षपात के अपने वार्ड के मुद्दों को सदन में उठाएंगे।

**महायुति के ऐलान के बाद घमासान तेज**

संजय राउत के महापौर चुनाव संबंधी सांकेतिक बयान का जिक्र करते हुए किशोरी पेडनेकर ने कहा, 'राउत साहब ने राजनीति के भविष्य के बारे में संकेत दे दिए हैं. मुंबई की राजनीति किस दिशा में जाएगी, यह तो समय ही बताएगा. शिवसेना ठाकरे गुट मुंबई के हित में जो भी आवश्यक होगा, वह करने के लिए प्रतिबद्ध है. 'इस बीच, महायुति ने मुंबई नगर निगम के मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव के लिए अपनी आधिकारिक उम्मीदवारी की घोषणा कर दी है. भारतीय जनता पार्टी ने रितु तावड़े के नाम पर मुहर लगा दी है और शिवसेना (शिंदे गुट) ने डिप्टी मेयर पद के लिए संजय शंकर घाड़ी को उम्मीदवार बनाया है।

## एसआईआर की गड़बड़ियों पर भड़की सपा, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्तीजिलेमें अधिकारियों की मनमानी एसआईआर मे हो रही गड़बड़ियों, जनपद की कानून व्यवस्था तथा गन्ना किसानों की समस्याओं का समधान न होने पर नाराजगी जताते हुये समाजवादी पार्टी ने स्थानीय प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन भेजकर तत्काल कार्यवाही की मांग किया है। शास्त्री चौक पर इकट्ठा हुये पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पहुचे और राज्यपाल को सम्बोधित 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एसआईआर के तहत बाहरी व फर्जी व्यक्तियों द्वारा फार्म-7 में मतदाताओं के नाम व इपिक नम्बर प्रिण्ट कराकर बीएलओ को जमा करने हेतु दबाव बनाने लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की गई है। ज्ञापन के माध्यम से जनपद मे लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था, थानो पर मची लूट, चोरी, हत्या, महिलाओं, बच्चियों पर हो रहे अत्याचार, मारपीट की घटनाओं, अवैध खनन, यूरिया के बोरियों का वजट घटाये जाने, वाल्ह्यटरगंज चीनी मिल कर्मियों के बकाया भुगतान, विद्युत विभाग के संविदा कर्मियों की छटनी पर सवाल खड़े किये गये। वन विहार में



संत रविदास की प्रतिमा लगाने की मांग की गई।

कप्तानगंज विधायक कविन्द्र चौधरी ने कहा मांग पत्र का सही समय पर निस्तारण न होने की दशा में पार्टी धरना प्रदर्शन को मजबूर होगी। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, राजाराम यादव, मो. स्वाले, सुरेन्द्र सिंह छोटे, सौरभ मिश्रा, जावेद पिंडारी, गुलाब चन्द सोनकर, एबादुल हक, मो. युनुस आलम, प्रशांत यादव, विजय विक्रम यादव, गजानन्द यादव, शंकर यादव, मो. सलीम, रामसिंह यादव, प्रमोद यादव, जमील अहमद, गुलाम गौस, ज्ञानचन्द्र चौधरी, अजय यादव, गीता भारती, विजय लक्ष्मी, मंशाराम कनौजिया, अखिलेश यादव, राहुल सिंह, डा. रामप्रकाश सुमन, हनुमान चौधरी, तूफानी यादव, श्यामसुन्दर यादव, संजय गौतम, रजनीश यादव, रहमान सिद्धीकी, जहीर अहमद, कुलदीप मौर्य आदि मौजूद रहे।

## गोण्डा सदर में वोट कटौती को लेकर सियासी घमासान, फर्जी हस्ताक्षर से लोकतंत्र की हत्या का आरोप

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोण्डा।** गोण्डा सदर विधानसभा क्षेत्र में वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने को लेकर राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। सदर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी रहे सूरज सिंह ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि व्यक्ति विशेष को निशाना बनाकर वोट काटने की साजिश रची जा रही है, जो लोकतंत्र की मूल भावना पर सीधा हमला है। सूरज सिंह का कहना है कि जिन मतदाताओं के वोट काटने के लिए फॉर्म-7 भरे गए हैं, वे सभी लोग मौजूदा तौर पर अपने पूरे दस्तावेज़—आधार कार्ड, वोटर आईडी और निवास से जुड़े प्रमाण—के साथ मौके पर मौजूद हैं। इसके बावजूद उनके नाम वोटर लिस्ट से हटाने की प्रक्रिया की गई।सबसे गंभीर आरोप यह है कि वहीं के सभासद का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर यह पूरी कार्रवाई की गई।



इस संबंध में सूरज सिंह ने बताया कि जब उन्होंने स्वयं सभासद से बातचीत की, तो सभासद ने साफ कहा कि उन्होंने न तो किसी फॉर्म पर हस्ताक्षर किए हैं और न ही किसी का वोट कटवाने की संस्तुति दी है, और वे इस फर्जीवाड़े के खिलाफ कहीं भी शिकायत करने को तैयार हैं।इसके बाद सूरज सिंह मौके पर पहुंचकर लोगों के बीच दिखाई दिए, जहां मतदाता अपने-अपने दस्तावेज़ दिखाते हुए यह साबित करते नजर आए कि वे वहीं के वास्तविक निवासी हैं और वर्षों से वहां रह रहे हैं।सूरज सिंह ने कहा कि 'यह कोई प्रशासनिक गलती नहीं, बल्कि एक सोची-समझी राजनीतिक साजिश है। वोटर लिस्ट के नाम पर चुनिंदा लोगों का मताधिकार छीना जा रहा है, जो लोकतंत्र की खुली हत्या है। ' उन्होंने बूथ लेवल अधिकारी (BLO) और भारत निर्वाचन आयोग से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए,

फर्जी हस्ताक्षर करने वालों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई हो और लोकतंत्र से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा न जाए। सदर विधानसभा में सामने आया यह मामला अब केवल वोट कटौती का नहीं, बल्कि चुनावी निष्पक्षता और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा का बड़ा सवाल बनता जा रहा है।

## संतान न होने के ताने ने ली मासूम की जानः चाचा-चाची ने 9 साल के भतीजे को ईंट से कूचकर मार डाला, 6 दिन बाद सरयू से मिली लाश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलिया।** संतान न होने के ताने से उपजे पारिवारिक विवाद ने बलिया में एक मासूम की जान ले ली। जिले के सहतवार थाना क्षेत्र के सिंगही गांव में चाचा और चाची ने मिलकर अपने ही 9 वर्षीय भतीजे की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोप है कि बच्चे की मां द्वारा संतान न होने का ताना दिए जाने से आहत चाची ने पति से कहा— 'अगर वह हमें ताना देती है, तो उसके बेटे को भी मार डालो।' इसी मानसिकता के तहत हत्या की साजिश रची गई।

घटना 25 जनवरी की है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त गणेश और उसकी पत्नी अमृता ने 23 जनवरी को ही हत्या की योजना बना ली थी। कई प्रयासों के बाद 25 जनवरी को उन्हें मौका मिला, जब मृतक अभिषेक स्कूल से घर लौटा। योजना के तहत गणेश ने पड़ोस के एक बच्चे को पतंग और टॉफी का लालच देकर अभिषेक को घर से बाहर बुलवाया।

दोनों बच्चों को पतंग-टॉफी दिलाने के बहाने गणेश सरयू नदी की ओर ले गया। नदी से करीब 200 मीटर पहले उसने दूसरे बच्चे को वहीं रुकने को कहा और अभिषेक को अकेले नदी किनारे ले गया। वहां ईंट से सिर पर तीन-चार वार कर उसकी हत्या कर दी और शव को सरयू नदी में फेंक दिया।

हत्या के बाद गणेश ने खुद को बेगुनाह दिखाने के लिए शातिराना नाटक किया। बच्चे के लापता होने पर वह भी खोजबीन में शामिल रहा और शाम को सहतवार थाने पहुंचकर अपहरण की तहरीर तक दे दी। इधर, परिजन लगातार अभिषेक की तलाश करते रहे। छह दिन बाद 31 जनवरी की शाम सरयू नदी में शव उतराने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया, जिसकी पहचान चंदन प्रजापति के पुत्र अभिषेक के रूप में हुई।

शव मिलने के बाद आक्रोशित परिजनों ने थाने का घेराव कर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि यदि समय रहते गंभीरता से तलाश होती तो बच्चे



की जान बच सकती थी। गांव में घटना को लेकर मातम और गुस्से का माहौल है।

मृतक के पिता चंदन प्रजापति ने बताया कि अभिषेक उनका इकलौता बेटा था, जबकि तीन बेटियां हैं। बेटे की हत्या की सच्चाई सामने आने के बाद परिवार पूरी तरह टूट चुका है। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए चाचा गणेश और उसकी पत्नी अमृता को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों से पूछताछ जारी है। पुलिस का दावा है कि हत्या से जुड़े सभी साक्ष्य जुटा लिए गए हैं और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बस्ती में रहस्यमयी गुमशुदगी! बिजलपुर का सोनू चौधरी नहर किनारे गाड़ी छोड़ हुआ लापता



**अपहरण या साजिश जिले में गायब हो रहे दरोगा सहित दो युवक खोजने में खाली हाथ दिख रही है बस्ती पुलिस हर एंगल से कर रही जांच**

**बस्ती।** बस्ती जिले के रूधौली थाना क्षेत्र से एक युवक के रहस्यमय तरीके से लापता होने का मामला सामने आया है। बिजलपुर निवासी सोनू चौधरी कल शाम से लापता है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि युवक की गाड़ी नसीबगंज नहर के पास लावारिस हालत में मिली, लेकिन सोनू चौधरी का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। सूचना मिलते ही रूधौली पुलिस मौके पर पहुंची और नहर क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में छानबीन शुरू कर दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल और पारिवारिक जानकारी के आधार पर हर पहलू की जांच कर रही है। अब बड़ा सवाल यह उठ रहा है किक्या सोनू चौधरी का अपहरण हुआ है? या फिर यह किसी सोची-समझी साजिश का हिस्साया मामला इससे भी ज्यादा गंभीर है? फिलहाल पुलिस कुछ भी कहने से बच रही है और जांच जारी है। परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है और गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### कड़ी मेहनत ,निरंतर अभ्यास और सही मार्ग दर्शन का परिणाम :जतिन प्रकाश



**लम्भुआ ,सुलतानपुर ।** राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में जतिन प्रकाश श्रीवास्तव ने इतिहास विषय में पहले प्रयास में ही जेआरएफ क्वालिफाई कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है । जतिन ने कुल 300 अंकों में 208 अंक प्राप्त कर 99.397 पर्सेंटाइल हासिल किया है । जो एक असाधारण उपलब्धि है । इस परीक्षा के माध्यम से जतिन को जेआरएफ एवं असिस्टेंट प्रोफेसर दोनों के लिए योग्य घोषित किया गया है। जूनियर रिसर्च फेलोशिप (JRF) परीक्षा उत्तीर्ण करना शोध और अकादमिक करियर में एक बड़ी उपलब्धि है । जतिन प्रकाश ने बताया कि कड़ी मेहनत निरंतर अभ्यास और सही मार्ग दर्शन का परिणाम है। जतिन प्रकाश की प्राथमिक शिक्षा लम्भुआ, बीएचएस इलाहाबाद (प्रयागराज ) से उच्च प्राथमिक , मैट्रिक व इण्टर मीडिएट की परीक्षा लखनऊ के सीएमएस से प्राप्त की । स्नातक बीटेक सिविल से परास्नातक इतिहास से हासिल की है। जतिन प्रकाश नगर पंचायत लम्भुआ के रामनगर के निवासी रहे स्व. ओम प्रकाश श्रीवास्तव के सुपुत्र है । उनकी इस उपलब्धि पर परिजन , गुरुजन व शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर की है।

### कॉलेज प्रबंधक की गाड़ी से हादसा



**बाइक सवार मामा-भांजे की मौत, दोस्तपुर से लौट रहे थे घर**

**सुल्तानपुर/ कादीपुरः-** शनिवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार मामा-भांजे की मौत हो गई। एक कॉलेज प्रबंधक की गाड़ी ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान अमित कुमार (22 वर्ष) पुत्र सुखीराम निवासी देवपरापार, थाना जयसिंहपुर, और रघुवीर (20 वर्ष) पुत्र रामशरण निवासी इटकौली, थाना गोसाईगंज के रूप में हुई है। दोनों शहर में मजदूरी करते थे और अपनी मोटरसाइकिल (UP 44 BD 4715) से दोस्तपुर से अपने घर लौट रहे थे। अमित मामा और रघुवीर उसका भांजा था। यह हादसा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के लिंक रोड पर कालीगंज अंडरपास के पास हुआ। सामने से आ रही एक वाहन (UP 32 LA 3222) ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें बिरसिंहपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जयसिंहपुर के सीओ आरके चतुर्वेदी ने बताया कि गाड़ी नंबर के आधार पर जांच की जा रही है और मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। हादसे के बाद टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और बाइक को कब्जे में ले लिया है। घटना स्थल पर कोतवाल और क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर भी पहुंचे थे।

# परशुरामपुर थाने के प्रभारी उपनिरीक्षक अजय कुमार गौड़ लापता, पुलिस महकमे में हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में पुलिस खुद अपनी सुरक्षा नहीं कर पा रही तो वह जनता और समाज की क्या सुरक्षा करेगी ताजा मामला जिले के परशुरामपुर थाने में उस समय हड़कंप मच गया, जब थाने का प्रभार संभाल रहे उपनिरीक्षक अजय कुमार गौड़ अचानक लापता हो गए। इसी तरह क्षेत्र में कई लोग लापता हो गए हैं जिनका कोई पता नहीं चल रहा है थानाध्यक्ष विश्व मोहन राय के अवकाश पर जाने के बाद अजय कुमार गौड़ को थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जानकारी के मुताबिक, किसी आवश्यक कार्य से बाहर निकलने के बाद से वे लापता हैं। लगभग 24 घंटे बीत जाने के बावजूद उनका अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। उनका निजी मोबाइल फोन और थाने का सीयूजी नंबर दोनों बंद बताए जा रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया, वहीं आमजन में भी तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। थानाध्यक्ष विश्व मोहन राय ने बताया कि सुबह संपर्क करने पर अजय कुमार गौड़ का फोन बंद मिला, जिसके बाद स्टाफ को सूचना दी गई और थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। उपनिरीक्षक अजय कुमार गौड़ मूल रूप से जनपद देवरिया के निवासी बताए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है और संभावित स्थानों पर छानबीन की जा रही है। दूसरी घटना कप्तानगंज थाना क्षेत्र के रतासी का मामला है बाल कटवाने गया लड़का गायब अभी तक सुराग नहीं लगा पुलिस जब स्वयं सुरक्षित नहीं है आम जनता को क्या सुरक्षा देगी भ्रष्टाचार का बढ़ावा होने के कारण अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है अपराधियों के शिकंजा कसना पुलिस के लिए आसान नहीं है जिले में अपराधियों के मनोबल बढ़ाने से आमजन मानस चिंतित नजर आ रहे हैं कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है

## पालिका बोर्ड बैठक में ईओ के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पेश

**कोंच(जालौन)-** नगरपालिका परिषद की बोर्ड बैठक में सभासदों ने अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव को कार्रवाई में शामिल कर लिया गया है। इसके अलावा वार्डों में नाली खड़ंजा आदि के भी प्रस्ताव दिए जिन्हें मंजूर कर लिया गया। पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न बोर्ड मीटिंग में लगभग सारे सभासद अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव के खिलाफ लामबंद नजर आए और जमकर हंगामा काटा। अधिशासी अधिकारी की कार्यशैली से नाराज पालिका सभासदों ने शनिवार को बोर्ड मीटिंग में उनके खिलाफ निंदा प्रस्ताव रखा। इस निंदा प्रस्ताव को बोर्ड मीटिंग की कार्रवाई में शामिल कर लिया गया है। सभासद अमित यादव के लैटर हेड पर लिखे गए पालिकाध्यक्ष को संबोधित इस निंदा प्रस्ताव में कहा गया है कि नगरपालिका की अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव का आचरण व्यवहार अनुकूल नहीं रहता है जिसे देखते हुए सभासदगण इनकी घोर निंदा करते हैं और अपेक्षा करते हैं कि इसे बोर्ड कार्रवाई में शामिल किया जाए।

## बस पर फायरिंग करने वाले बाइक सवार दो अभियुक्त गिरफ्तार, असलहा व बाइक बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** जिले केथाना छावनी क्षेत्र में शव ले जा रही बस पर हुई फायरिंग की घटना का पुलिस ने तेजी से खुलासा कर दिया है। मामले में शामिल बाइक सवार दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध असलहा और बाइक भी बरामद की है। क्षेत्राधिकारी हरैया स्वर्णिमा सिंह के अनुसार, बीते दिन शव को लेकर जा रही बस पर अचानक फायरिंग की सूचना मिली थी, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना छावनी और थाना परशुरामपुर पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर तत्काल जांच शुरू की गई। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय सूचनाओं के आधार पर दोनों आरोपियों की पहचान की गई।

पुलिस कार्रवाई के दौरान दोनों युवकों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में घटना से जुड़े अहम तथ्य सामने आए, जिसके बाद प्रयुक्त असलहा और बाइक बरामद कर ली गई। वहीं सूत्रों के मुताबिक, थाना परशुरामपुर के थानाध्यक्ष के दबाव में एक आरोपी ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए थाना परशुरामपुर पहुंचकर सरेंडर किया। इस सरेंडर की खबर सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रही है। पुलिस ने साफ किया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और इस तरह की किसी भी आपराधिक घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लेकिन अपराधियों में पुलिस का भयसमाप्त होता नजर आ रहा है पुलिस के लापरवाही से अपराधी बेलगाम हो गए जिससे अपराध का ग्राफ जिले में पड़ता नजर आ रहा है इस पर कार्रवाई न होने से अपराधियो का मनोबल बढ़ता जा रहा है घटना होने के बावजूद पुलिस सक्रिय होती है।

# विकासखंड परशुरामपुर केग्राम पंचायत छेरियापारा के भ्रष्टाचार के दल-दल में फंसे सचिव व टी ए जेई मिली भगत से हो रहा भ्रष्टाचार

**● - 04 मनरेगा कार्यों का एक बार मस्टर रोल हो चुका है पूर्ण पुनः उसी मनरेगा कार्यों का मस्टर रोल जारी रोजगार सेवक विजय पाण्डेय महिलाओ के जाब कार्ड पर पुरुषों का फोटो व पुरुषों के जाब कार्ड पर महिलाओं फोटो कर रहे अपलोडयदि ग्राम पंचायत छेरियापारा के भ्रष्टाचार की निष्पक्ष हुई जांच तो जिम्मेदारों पर गिर सकती है गाज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खंडपरसरामपुर ग्राम पंचायत छेरियापारा की महिला प्रधान कौशिल्या देवी के द्वारा विकास कार्यों में जमकर की गई लूट खसोट की पोल धीरे - धीरे खुल रही है जिसमें रोजगार सेवक विजय पाण्डेय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं वर्तमान समय में ग्राम पंचायत छेरियापारा में 04 मनरेगा कार्यों के नाम पर 91 मनरेगा मजदूरों का आनलाइन मस्टर रोल जारी है प्रथम कार्य राम देव के खेत से श्री किशन के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य, दूसरा कार्य धीरज के घर से पल्टू के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य, तीसरा कार्य राम अशीष के खेत से मनोज के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य , चौथा कार्य पक्की सड़क से मुन्नी लाल के घर सीसी रोड निर्माण कार्य है जिस पर प्रतिदिन मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लग रही है ।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान कौशिल्या देवी द्वारा वर्तमान समय में जारी 04 मनरेगा कार्यों का पहले एक बार मस्टर रोल पूर्ण करके भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है दोबारा उसी मनरेगा कार्यों का मस्टर रोल जारी कराया गया है । क्रमशः प्रथम कार्य में मस्टर रोल संख्या - 7537 में 34272 रुपये एवं 7538 में 35028 रुपये भुगतान के लिए दिनांक - 12-01-2026 को व दूसरे कार्य में मस्टर रोल संख्या - 7529 में 1008 रुपये भुगतान के लिए दिनांक -13-01-2026 को एवं तीसरे कार्य में मस्टर रोल संख्या - 7536 में 1008 रुपये दिनांक - 13-01-2026 को और चौथे कार्य में मस्टर रोल संख्या - 7524 में 2016 रुपये दिनांक - 31-12- 2025 को भुगतान के लिए मनरेगा आनलाइन साइड पर फीड कराया जा चुका है । एक ही मनरेगा कार्यों के नाम पर दो बार मस्टर रोल जारी होने पर सचिव , टी ए / जे ई व मनरेगा एपीओ की भूमिका संदिग्ध है । रोजगार सेवक द्वारा मनरेगा कार्यों में पुरुषों के मनरेगा जाब कार्डो पर महिलाओ का फोटो व महिलाओं के मनरेगा जाब कार्डो पर पुरुषों का फोटो अपलोड किया जा रहा है और दोनों पालियों (सुबह - शाम ) में हाजिरी लगाने के बजाए एक ही पाली (सुबह) में मात्र हाजिरी लगाई जा रही है । इस प्रकार स्पष्ट है कि मनरेगा कार्यों के नाम पर बड़े पैमाने पर खेल चल रहा है । अब देखना यह है कि सचिव , टी ए / जे ई एवं मनरेगा एपीओ द्वारा फर्जी आनलाइन फर्जी मस्टर रोल की जीरो किया जाता है यह लेन - देन करके मामले को रफा दफा कर दिया जाता है । उक्त प्रकरण में खण्ड विकास अधिकारी परसरामपुर विनोद कुमार सिंह ने जांच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया है ।

## जनजाति गांव में हजारों लोगो को मिला स्वास्थ सेवा



**गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ सेवा यात्रा के द्वारा एन एम ओ की टीम कर रही है निशुल्क चिकित्सा**

**बलरामपुर-** गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ सेवा यात्रा के दूसरे दिन जनपद के चार खंडों,पचपेड़वा , गैसडी, तुलसीपुर, शिवपुरा के लगभग 36 गांवों में नेशनल मेडिकोज आर्गनाइजेशन की टीम द्वारा सीमावर्ती जनजाति गांव में सुबह 10 बजे से कैंप लगाकर निशुल्क चिकित्सा किया, हजारों लोगो ने चिकित्सा का लाभ लिया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत प्रचारक के निर्देशन में विभाग प्रचारक प्रवीण जी के पर्यवेक्षण में जिला प्रचारक जितेंद्र जी के देखरेख में सैकड़ों स्वयं सेवक और संघ के अनुषांगिक संगठन के कार्यकर्ता चिकित्सा शिविर कैंप की व्यवस्था में उपस्थित होकर मरीजों को निशुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराया।गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ सेवा यात्रा के जिला संयोजक रामकृपाल सुबह से ही सभी चिकित्सा शिविर में पहुंच कर स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराया। पचपेड़वा खंड के थारू जनजाति गांव इमलिया कोडर के चिकित्सा शिविर में डॉक्टर विनोद शुक्ला, डॉक्टर निखिल, डॉक्टर शिवानी और शिवानी मरीजों का इलाज कर दवाई दी।

# ओपी राजभर बोले-लाखों यादव बीजेपी का झंडा लगाकर रहे घूम

**●करोड़ो मुसलमान ओवैसी के साथ गया**

**अखिलेश यादव 2027 जीतने की कैसे कर रहे बात**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर शनिवार को सुल्तानपुर पहुंचे। जिला पंचायत सभागार में उन्होंने मीडिया के सामने बजट पर चर्चा किया। मीडिया से बात करते हुए मंत्री ओपी राजभर ने कहा अखिलेश यादव को नौ साल हो गया सत्ता से दूर हैं। आज की तारीख में लाखों यादव समाज के लोग चाहे वो ठेकेदार हों, ब्लॉक प्रमुख हों, जिला पंचायत हों बीजेपी का झंडा टांग कर घूम रहे हैं। और करोड़ो मुसलमान चला गया ओवैसी के साथ और वो 2027 जीतने की बात कर रहे हैं। प्रधानमंत्री पर राहुल गांधी की सदन में टिप्पणी पर हुए सवाल पर ओपी राजभर ने आगे कहा अगर राहुल जी, अखिलेश जी, ममता जी ये सरकार की अच्छाई को कहने लगेंगे की सरकार बहुत अच्छा कार्य कर रही है तो चुनाव में जनता के बीच में जाएंगे तो जनता कहेगी न जब ये सब अच्छा काम कर रहे हैं तब काहे वोट मांगने आए हो। राजभर ने पंचायत चुनाव को लेकर फिर कहा, जो स्ढ्क्रको लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है, दूसरे जो आगे बोर्ड की परीक्षा है उसके बाद जनगणना का काम है। लोगों में भ्रम है, राज्य निर्वाचन आयोग मत पत्र बनवाकर सभी जिले में पहुंचवा दिया है। मतदाता सूची में जो आपत्ति मांगी गई थी उसका निस्तारण हो गया है, मत पत्र छप रहा है 28 तारीख तक प्रकाशन हो जाएगा। चुनाव समय पर होगा उसकी तैयारी सब चल रही है। वहीं राज्यसभा में सरकारी स्कूलों के बंद होने के आकड़ो पर मंत्री ने कहा जब हम लोग प्राइमरी में पढ़ते थे तो पैदल चलते थे। आज आप जाकर गांव में देखिए 90 प्रतिशत घर में मोटर साइकिल आ गई है। कम से कम 5 प्रतिशत से ज्यादा गांव में लोगों के पास फोर व्हीलर आ गई है। कल तक हमारे होश में चार रुपए मजदूरी थी आज 238 रुपए जो सरकार का है वो आ गया। आप सुविधा की बात करते हैं, अगर दस साल पहले जाए तो 5-6 घंटे हम बिजली पाते थे। आज 15-16 घंटे ग्रामीण इलाके में बिजली मिल रही है।

# पचपेड़वा में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा शिविर, 83 मरीजों का निःशुल्क उपचार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इमलिया कोडर में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन अवध प्रांत 'गोरक्ष प्रांत' एवं श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के सहयोग से राम कृपाल शुक्ला (गुरु जी) के नेतृत्व में संपन्न हुआ। थारू जनजाति बाहुल्य इस पिछड़े क्षेत्र में आयोजित शिविर से ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच एवं इलाज की सुविधा सुलभ रूप से प्राप्त हुई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे, जिससे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। समय रहते जांच व उपचार मिलने से लोगों को बीमारियों से बचाव में भी सहायता मिली।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. विजय कुमार ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रसून गुप्ता ने जानकारी दी कि शिविर में कुल 83 मरीजों की जांच की गई तथा सभी को निःशुल्क दवाएं वितरित की गई। इस अवसर पर समाजसेवी राम सरन गुप्ता द्वारा शिविर में सेवाएं दे रहे चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने चिकित्सकों के सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सेवा शिविर समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। शिविर में डॉ. प्रसून गुप्ता (प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, इमलिया कोडर), डॉ. यशराज, डॉ. आदित्य यादव, ओम प्रकाश गौतम (फार्मासिस्ट), विशाल श्रीवास्तव (एल.टी.), मीना गौड़ (स्टाफ नर्स), ज्योतिसना मंगलम (स्टाफ नर्स) सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# थाना हरैया कस्बा बना नशा कारोवरी का अड्डा मिली भगत से बिक रहा है गंजा स्मैक पुलिस को मिल रही विटामिन

**●नए कप्तान के आने सेनशा कारो वारियो पर क्या होगी कार्रवाई हरैया थाना अध्यक्ष की मिले भगत गाजा कारोबारी के लिए बना सुरक्षित ठिकाना लोगों की माने तो सु.भारती नाम के व्यक्ति अपने गुर्गो से बेचवा रहा है अवैध गाजा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के हरैया थाना क्षेत्र नशे के कारोबार तेजी से बढ़ रहा है थाना क्षेत्र के हर चौराहे पर गांजा सहित कई नशे की पाउडर बिक रही है रोडवेज चौराहे के पास महू घाट के तमाम गुमटी वाले गांजा और स्मैक का कारोबार चल रहा है वहां पर अगर कोई शिकायत करता है तो उसी को उल्टा गंज में चालान कर दिया जा रहा है कट गया मोड पर नदी के छोर पर घाटों पर नशा का कारोबार तेजी चल रहा है दूसरी तरफ पुरानी तहसील के बीच नशे कारोबार के लोग का जमाव वाला रहता है पुलिस की मिले भगत से जैसे बेलाडे शुक्ला मोड़ पर हाइट बैरियर के बगल पीपल पेड़ के पास दादू खाद खाद वाले के पहले nh 28 पर धड़ल्ले से बिक रहा है अवैध गांजा सूत्रों और लोगों की विश्वास करें तो रोज शाम होते हुए अराजक तत्व का जमावड़ा लगने लगता है लोगों की विश्वास करे स्कूल जाने वाले बच्चो के परिजनों को हमेशा अनहोनी का लगा रहता है डर नशे के आदी लोग महिलाओं और छात्राओं रास्ते पर चलना दुबर हो गया है छात्राओं सर नीचे करके नशेड़ियों द्वारा किया जा रहा है दुरव्यवहार की जारही थाना अध्यक्ष और पुलिस की लापरवाही से नशे की कारोबारी की हौसले बुलंद हो गए थाना अध्यक्ष की लापरवाही से नई पीढ़ी नशे के दौर में से गुजर रही सूत्रों के माने तो पुलिस को मिल रहा है विटामिन तो कैसे करेंगे कार्रवाई सूत्रो की माने तो हरैया पुलिस और आबकारी पुलिस की गांजा कारोबारी से हो रही है अवैध कमाई सूत्रों के माने तो बेलाडे शुक्ला मोड़ के बगल nh 28 है 100 और 250 और 500 मे दिख रहा है अवैध गांजा धड़ल्ले से बिक रहा है पुलिस को विटामिन मिल रहे हैं इसी कारण कार्रवाई करने से दूर भाग रहे हैं।

# तहसील दिवस में कुल 50 शिकायते प्राप्त हुई जिसमे से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केभानपुर तहसील सभागार में जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु तहसील दिवस का आयोजन जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में किया गया। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए तथा प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। तहसील दिवस में कुल 50 शिकायते प्राप्त हुई जिसमे से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह ने सुनवाई करते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि थानों से संबंधित मामलों को तत्परता से निस्तारण करायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी हिमांशु कुमार, डीडीओ अजय कुमार सिंह, पीडी राजेश कुमार, डीपीआरओ धनश्याम सागर, एसीएमओ डा. अजय कुमार चौधरी, बीएसए अनूप तिवारी, डीएसओ विमल कुमार शुक्ला, सीवीओ डा. ए.के. गुप्ता, उप निदेशक कृषि अशोक कुमार गौतम, मत्स्य अधिकारी संदीप वर्मा, डीपीओ राजेश कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें। तहसील दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी ने तहसील व नगर पंचायत भानपुर का औचक निरीक्षण किया। तहसील के निरीक्षण में उन्होने कहा कि तहसील न्यायालय में वाद से संबंधित प्रकरण को नियमानुसार शीघ्रअतिशीघ्र निस्तारित किया जाय। नगर पंचायत भानपुर पहुॅचकर उन्होने आवश्यक रजिस्टर का अवलोकन करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होने सीसीटीवी कक्ष का अवलोकन भी किया। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि जो भी शिकायते जनता दर्शन में प्राप्त होती है उसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करायें। उन्होने सालिड वेस्ट मैटेरियल के बारे में भी जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी हिमांशु कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ऋचा सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## एसआईआर को लेकर भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं के साथ किया बैठक

**●भाजपा नेता हिंदेश सिंह, एवं उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला ने राजपूत राइस मिल एवं रामकुमार स्मारक महाविद्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ किया बैठक**

**निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम तिथियॉ की गयी संशोधित के बारे में दी जानकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** भाजपा नेता हिंदेश सिंह एवं वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष भाजपा अमेठी गिरीश चंद्र शुक्ला ने स्ढ्क्रको लेकर राजपूत राइस मिल में वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह, सेक्टर संयोजक अशोक शुक्ला, मंडल अध्यक्ष शंकर बक्श सिंह एवं मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा व अन्य कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। वही रामकुमार स्मारक महाविद्यालय में वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला, सेक्टर संयोजक विनय चौरसिया व अन्य नेताओं के साथ बैठक की तथा कहा कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के पूर्व घोषित कार्यक्रम को संशोधित करते हुए कार्यक्रम की तिथियां घोषित की गयी है। इस क्रम में उन्होंने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार दावे और आपत्तियॉ दर्ज करने की अवधि 06 जनवरी 2026 (मंगलवार) से 06 मार्च 2026 (शुक्रवार) तक व सूचना चरण, गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावों और आपत्तियों का निस्तारण अवधि 06 जनवरी 2026 (मंगलवार) से 27 मार्च 2026 (शुक्रवार) तक एवं स्वास्थ्य मापदंडों की जांच अवधि 03 अप्रैल 2026 (शुक्रवार) तक तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अवधि 10 अप्रैल 2026 (शुक्रवार) को किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के तहत नए मतदाताओं हेतु प्रारूप-6, घोषणा पत्र के साथ, अपमार्जन के लिए प्रारूप-7, किसी प्रविष्टि में त्रुटि, पता बदलवाने एवं डुप्लीकेट वोटर कार्ड हेतु प्रारूप-8, (घोषणा पत्र (अनुलग्नक-4) के साथ भरकर अपना आवेदन 06 मार्च 2026 तक ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन के माध्यम से सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय अथवा सम्बन्धित भाग संख्या के बीएलओ को अपना आवेदन जमा करना होगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं व जनमानस से अपील किया है कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें और अपना एवं अपने परिवार के सदस्यों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएं।

## संक्षिप्त खबरें

### होमगार्ड की मौत के मामले में डंपर चालक पर मामला दर्ज




**लालगंज (रायबरेली)।** सड़क हादसे में होमगार्ड की मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर पर डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गत एक फरवरी को डलमऊ रोड पर बहाई गांव के लालगंज का पुरवा मोड़ के पास घटना हुई। होमगार्ड रामनाथ यादव ट्रक में लिफ्ट लेकर ड्यूटी से घर जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक सामने खड़े डंपर से टकरा गया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतक के बेटे लवकुश ने पुलिस को तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर डंपर चालक पर लापरवाही का मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### बाइक सवार ने पैदल जा रहें बुजुर्ग को मारी टक्कर




**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के मेरुई गांव के पास शनिवार को तेज रफ्तार बाइक ने पैदल जा रहे बुजुर्ग किसान को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गांव निवासी राजाराम (70) खेत से पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान साउंड लादकर जा रही बाइक बेकाबू हो गई। बाइक सवार युवक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बुजुर्ग सड़क पर औंधे मुंह गिर पड़े। राहगीरों ने घायल बुजुर्ग को फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। बाद में हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### आधे घंटे की गैरहाजिरी, लाखों का नुकसान! पूर्वी दिल्ली में घर से शादी के गहने और लाखों की नकदी ले उड़े चोर

**चंद्रलोक में दिनदहाड़े बंद घर से लाखों की चोरी।**

**परिवार के आधे घंटे बाहर रहने पर चोरों ने की वारदात।**

**शादी के लिए जमा गहने और नकदी भी चोरी हुई।**



**पूर्वी दिल्ली।** शाहदरा जिले के चंद्रलोक इलाके में दिनदहाड़े चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के गहने और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना मानसरोवर पार्क थाना क्षेत्र की है, जहां परिवार के सभी सदस्य आधे घंटे के लिए घर से बाहर थे। इसी दौरान चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित कमलजीत सिंह निजी कंपनी में कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ दवाई लेने के लिए डिस्पेंसरी गए थे। दोपहर 12बजे उनके माता-पिता बच्चों को स्कूल से लेने गए थे।

**घर लौटे तो टूटा मिला ताला**

12.30 बजे जब माता-पिता लौटे तो घर का ताला टूटा था। घर के अंदर रखी अलमारी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के गहनों के साथ नकदी चोरी कर ली गई। चोरी गए सामान में झुमकी, कानों के टाप्स, 11 अंगूठियां, तीन पायल, बच्चों के चांदी के कड़े, चांदी के बर्तन और करीब 1.30 लाख रुपये नकद शामिल हैं। सूचना पर मानसरोवर पार्क थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और क्राइम टीम व एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। फिंगर प्रिंट और अन्य साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया पूरी की गई।

**अप्रैल में है घर में शादी सदमे में परिवार**

कमलजीत ने बताया कि अप्रैल में उनके घर में उनकी बहन की शादी है इसलिए घर में ज्वेलरी इकट्ठा कर रखी थी। लेकिन चोर सब कुछ उड़ा कर ले गए। इसके बाद से परिवार के लोग सदमे में है।पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। दवा है जल्द चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

# परेशानी पीएचसी पर वैक्सीन नहीं

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बिसवां (सीतापुर)।** जहांगीराबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर इन दिनों कुत्ता काटने पर लगाई जाने वाली वैक्सीन न होने से लोगों को 13 किलोमीटर दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां, रेउसा, सांडा आदि जगहों पर जाकर वैक्सीन के इंजेक्शन लगवाने पड़ रहे हैं जिसमें पीड़ितों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। जहांगीराबाद में कुत्तों का आतंक जारी है। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन चार दिनों के अन्दर तीन लोगों को कुत्ते ने काटा है। लोगों को घरेलू उपचार के बाद इलाज के लिए बिसवां सीएचसी भेजा गया है। जहांगीराबाद निवासी ग्यारह वर्षीय बालक दुर्गेश गत वृहस्पतिवार को घर के बाहर खड़ा था कि अचानक कुत्ते ने आकर उसके बायें पैर में काट लिया। दूसरे दिन शुक्रवार को जहांगीराबाद में ही उसी कुत्ते ने हमला कर सिराज के पैर में काट लिया जिससे खून बहने लगा। वह कुत्ता आये दिन बकरियों व बच्चों को दौड़ा लेता है। जहांगीराबाद पीएचसी प्रभारी डा0 अंशुमान शुक्ल ने बताया कि पीएचसी पर वैक्सीन उपलब्ध नहीं है इसलिए इलाज के लिए बिसवां सीएचसी जाना पड़ेगा। जहांगीराबाद सहित आसपास के तमाम लोगों ने जहांगीराबाद



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कुत्ता काटने पर लगाई जाने वाली वैक्सीन उपलब्ध कराये जाने की मांग की है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल लखनऊ रेफर, नैमिषारण्य रेल मार्ग पर ट्रैक पार करते समय कटा पैर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के नैमिषारण्य थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव के पास गुजर रही रेलवे लाइन पर शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका एक पैर कट गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार लक्ष्मणपुर गांव निवासी लल्लू (51) किसी जरूरी काम से घर से निकले थे। इसी दौरान ट्रैक पार करते समय सीतापुर की ओर से आ रही एक मालगाड़ी की चपेट में वह आ गए। हादसा इतना भीषण था कि युवक का एक पैर कट गया और सिर में भी गंभीर चोट आई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल नैमिषारण्य स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज



लखनऊ रेफर कर दिया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक जयप्रकाश पटेल ने बताया कि घायल की स्थिति बेहद नाजुक थी। प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे उच्च चिकित्सा केंद्र भेजना आवश्यक था, इसलिए मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर किया गया है। मालूम हो कि लक्ष्मणपुर और आसपास के इलाकों में रेलवे लाइन के पास सुरक्षा इंतजामों की कमी के चलते लगातार हादसे सामने आ रहे हैं इससे पहले भी इस क्षेत्र में ट्रेन से कटने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। हाल ही में स्कूल जा रही एक छात्रा भी ट्रेन हादसे का शिकार हुई थी, जिसमें उसके दोनों पैर कट गए थे। ग्रामीणों ने रेलवे प्रशासन से जल्द सुरक्षा उपाय किए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं को रोका जा सके!!

### सिद्धार्थनगर में धारदार हथियार से प्रहार कर युवक की हत्या, पांच नामजद, चार गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर,** खेसरहा थाना क्षेत्र के ग्राम बनोहिया बुजुर्ग निवासी मनोज (25) पुत्र दयाराम शनिवार की सुबह दूध देने निकले युवक की पहले से घात लगाकर बैठे हमलावरों ने धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी, पहले धारदार हथियार व लोहे के रॉड से सिर पर कई वार किए इसके बाद धारदार हथियार से हत्या कर फरार हो गए। हत्यारे गांव के लिए लोग बताए जा रहे हैं। उनका 10 दिन पहले युवक से विवाद हुआ था। राहगीरों ने सड़क किनारे खून से लथपथ युवक को देखा। उन्होंने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस तो युवक की सांसे चल रही थी। उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, इस संबंध में थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा ने बताया की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5 लोगों पर नामजद मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें से चार को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं एक आरोपी अभी फरार है। उसकी भी तलाश की जा रही है।

### चलती बाइक से महिला ने लगाई छलांग, गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के रायबरेली रोड स्थित फायर स्टेशन के पास शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक महिला चलती बाइक से अचानक सड़क पर कूद गई। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार गौराकाशी मोहल्ला निवासी पूजा चौरसिया (40) पत्नी राहुल चौरसिया अपने बेटे रुद्राक्ष के साथ बाइक से नगर के आचार्य नगर मोहल्ला स्थित शनि मंदिर से दर्शन कर वापस लौट रही थीं। फायर स्टेशन के पास पहुंचते ही महिला ने अचानक चलती बाइक से छलांग लगा दी। घटना को देखकर मौके पर मौजूद फायर स्टेशन के कर्मचारियों ने तुरंत मदद की और पुलिस को सूचना दी। फायर कर्मियों द्वारा घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। युवक ने डॉक्टरों को बताया कि महिला ने अचानक चलती बाइक से छलांग लगा दी, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चार दिन से लापता युवक का तालाब में मिला शव इलाक़े में दहशत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका शरीर पर चोट के निशान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के थानगांव थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के बाहर एक तालाब में युवक का शव उतराता हुआ मिला। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने शव की पहचान 3 फरवरी से लापता 20 वर्षीय मनीष कश्यप पुत्र नरेश कश्यप के रूप में की घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए और रोते-बिलखते नजर आए। परिजनों ने बताया कि मनीष कश्यप 3 फरवरी की शाम एक नव निर्मित पुलिया के पास से अचानक गायब हो गया था परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों ने युवक की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है परिजनों का आरोप है कि हत्या को छिपाने के लिए शव को रात के अंधेरे में तालाब में फेंका होना प्रतीत होता है। शव की स्थिति देखकर हत्या की आशंका और गहरी हो गई है। मृतक के नाक से रक्तस्राव होने के



साथ-साथ शरीर पर चोट के कई निशान भी पाए गए हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि युवक के साथ मारपीट की गई थी। घटना के बाद गांव में दहशत और शोक का माहौल व्याप्त है। थानगांव थानाध्यक्ष विमल गौतम ने बताया कि सूचना मिलने के बाद से ही पुलिस लापता युवक की तलाश कर रही थी। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए विधिक कार्रवाई की जा रही है!!

### नशे में धुत भतीजे ने की ताऊ की हत्या बाइक जलाने का विरोध करने पर हथौड़ी से किया हमला

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सहरोई सिकटिया गांव में शुक्रवार देर रात घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया नशे में धुत एक युवक ने अपने ही ताऊ पर हथौड़ी से हमला कर दिया, जिससे उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई घटना से गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लिया है जानकारी के अनुसार, गांव निवासी अनूप कुमार पुत्र राधेश्याम शराब के नशे में घर पहुंचा था। इस दौरान उसके भाई ने शराब पीने का विरोध किया, जिस पर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर अनूप ने गुस्से में आकर अपनी बाइक गांव के रास्ते पर ही जला दी। बाइक जलते देख उसके ताऊ गंगाराम पुत्र दुलारी मौके पर पहुंचे और अनूप को डांटने लगे बताया जाता है कि ताऊ की फटकार से अनूप और अधिक उग्र हो गया और पास में रखी हथौड़ी उठाकर गंगाराम के सिर पर जोरदार वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल गंगाराम को परिजन तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर तिहार चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। चौकी इंचार्ज इंद्रजीत पुलिस बल के साथ तथा थाना अध्यक्ष श्यामू कनौजिया ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं आरोपी अनूप कुमार को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ हत्या का



मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है प्रारंभिक जांच में घटना का कारण शराब के नशे में हुआ पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। इस दर्दनाक घटना से गांव में शोक का माहौल व्याप्त है सीओ महोली नागेंद्र चतुर्वेदी का कहना है कि शराब के नशे में वारदात को अंजाम दिया गया है आरोपी युवक को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है!!

### आकाशवाणी लखनऊ के लोकप्रिय कार्यक्रम लोकायतन में होगा बिसवां के साहित्यिकार संदीप मिश्र 'सरस' के अवधी काव्यपाठ का प्रसारण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बिसवां/सीतापुर** आकाशवाणी लखनऊ के लोकप्रिय कार्यक्रम लोकायतन में होगा बिसवां के साहित्यकार सन्दीप मिश्र 'सरस' के अवधी काव्यपाठ का प्रसारण )प्रतिष्ठित आकाशवाणी केंद्र लखनऊ में गत दिवस 'लोकायतन' कार्यक्रम में 'लोकभाषा कवि गोष्ठी' की रिकॉर्डिंग हुई। जिसमें साहित्यकार सन्दीप मिश्र 'सरस' के साथ गंगागंज की साहित्यकार व रचनाकार, कुसुमाकर कुसुम और बाराबंकी के जगन्नाथ दीक्षित निर्दोष भी सम्मिलित रहे। काव्य गोष्ठी का संचालन संदीप मिश्र सरस ने किया। रेडियो के लोकप्रिय कार्यक्रम 'लोकायतन' में 8 फरवरी 2026 दिन रविवार को शाम 6 बजकर 30 मिनट से आकाशवाणी लखनऊ पर इस कार्यक्रम का प्रसारण होगी। इसे मीडियम वेव 747 किलो हर्टज या ट्रुट्र2ह्य श्ट्र ड्डह्लह्य ऐप पर सुना जा सकता है। उल्लेखनीय है कि 'साहित्य सृजन संस्थान' के संस्थापक/अध्यक्ष संदीप मिश्र 'सरस', साहित्य की विभिन्न विधाओं में अपने लेखन से निरंतर सक्रिय अवदान देते रहे हैं और अपने चर्चित कॉलम विमर्श, संवाद, बेबाक, कलमकार, रचनाकार, सृजन के साथी, आदि के माध्यम से तमाम प्रतिष्ठित साहित्यकारों, नवोदित प्रतिभाओं से संवाद करते रहते हैं। उन्होंने बिसवां क्षेत्र की बौद्धिक समृद्धता के लिए 'साहित्य सृजन संस्थान' द्वारा 'सृजन पुस्तकालय' की स्थापना की है। उनके लेखन में एकता और राष्ट्रवादी चेतना के समसामयिक स्वर हैं वहीं दूसरी ओर घर आंगन के रिश्तों की आत्मीयता और सभ्यता संस्कृति की संवेदना से जुड़ा प्रभावी सृजन है। वे अपनी रचनाधर्मिता में जन सरोकारों से सीधा संवाद करते हैं और उनकी रचनाओं में ग्राम्य




संस्कृति, पर्यावरण, जन जागरूकता के संदर्भों की चेतना सदैव जीवंत रहती है। उनकी पुस्तक 'कुछ गजलें कुछ गीत हमारे' बेहद सराही गयी और कई महत्वपूर्ण पुस्तकें प्रकाशन के क्रम में हैं। देश की तमाम प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में उनकी रचनाएं प्रकाशित होती रहती हैं। न्यूज18, आकाशवाणी व दूरदर्शन लखनऊ से उनके काव्य पाठ का प्रसारण होता रहता है।

### राज्य कर विभाग की कार्यप्रणाली और सुविधाओं को लेकर सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**● ....प्रमुख सचिव और कमिश्नर से मिला प्रतिनिधिमंडल; पार्किंग, कैंटीन और जीएसटी पोर्टल की समस्याओं के त्वरित समाधान का मिला आश्वासन।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन, लखनऊ के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को शासन और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर व्यापारियों व अधिवक्ताओं को आ रही व्यावहारिक दिक्कतों की ओर ध्यान आकर्षित किया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रमुख सचिव राज्य कर (उत्तर प्रदेश शासन) कामिनी रतन चौहान और राज्य कर कमिश्नर नितिन बंसल से मुलाकात की। इस दौरान विभाग की वर्तमान कार्यप्रणाली, प्रशासनिक जटिलताओं और बुनियादी सुविधाओं के अभाव को लेकर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। बैठक में मुख्य रूप से राज्य कर भवन में अधिवक्ताओं की बढ़ती संख्या के मद्देनजर अधिवक्ता कक्ष के विस्तार, जर्जर हो चुकी पार्किंग व्यवस्था में सुधार और बंद पड़ी कैंटीन को पुनः शुरू करने जैसी मूलभूत मांगों को प्रमुखता से उठाया गया।

प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को



अवगत कराया कि हाल ही में किए गए सेक्टर परिवर्तन के कारण जीएसटी पंजीकरण और पोर्टल के संचालन में कई तकनीकी बाधाएं आ रही हैं, जिससे न केवल काम में विलंब हो रहा है बल्कि व्यापारियों को भी अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मिश्र और महामंत्री शिव कुमार पाण्डेय ने वादों के निस्तारण, अपील प्रक्रिया में तेजी लाने और प्रशासनिक विसंगतियों को दूर करने पर जोर दिया। प्रमुख सचिव और कमिश्नर ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित करने का आश्वासन दिया। इस दौरान एसोसिएशन के कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने उम्मीद जताई कि शासन के सकारात्मक रुख से जल्द ही अधिवक्ताओं और व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी।

### अशोक नगर के लोगों को जल्द ही जर्जर सड़कों से मिलेगी मुक्ति, 16 लाख की लागत से निर्माण कार्य शुरू

**अशोक नगर वार्ड में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ।**

**लगभग 16 लाख रुपये की लागत से होगा निर्माण।**



**पूर्वी दिल्ली।** अशोक नगर वार्ड में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। लगभग 16 लाख रुपये की लागत से क्षेत्र की कई सड़कों का निर्माण किया जाएगा। निर्माण कार्य का उद्घाटन करते हुए स्थानीय विधायक जितेंद्र महाजन ने कहा कि आज अशोक नगर के लोगों की बहुप्रतिक्षित कार्य का शुरुआत किया गया है, जिसमें कई मुख्य मार्गों का निर्माण किया जाएगा। पार्षद रीना माहेश्वरी ने कहा कि अशोक नगर के लोगों को टूटी और बेहाल सड़कों से अब निजात मिलेगी। लंबे समय से सड़क निर्माण के लिए बजट की दरकार थी जो अब मिल गया है। इस अवसर पर विनीत राठी, संजय पांचाल, मुकेश महेश्वरी, विकास भारद्वाज, अनिल कटारिया, आशीष तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### मलिहाबाद-मोहान मार्ग: निर्माण की लापरवाही बनी मौत का जाल, रात में गड्ढों में गिर रहे वाहन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मलिहाबाद-** मोहान मार्ग पर निर्माण कार्य हादसों का बड़ा कारण बन रहा है लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा मलिहाबाद से मोहान तक करीब 16 किलोमीटर लंबे मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य चल रहा है, लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण यह मार्ग अब हादसों का प्रमुख केंद्र बन गया है। सड़क के दोनों ओर जेसीबी मशीनों से लगभग 1.5 मीटर चौड़ा और करीब 2 फीट गहरा खोदा जा रहा है, ताकि मार्ग को विस्तार दिया जा सके। हालांकि, निर्माण स्थल पर कोई उचित संकेतक बोर्ड, बैरिकेडिंग या चेतावनी लाइट नहीं लगाई गई है। स्थानीय लोगों और राहगीरों के अनुसार, दिन में तो किसी तरह काम चल जाता है, लेकिन रात के समय खोदी गई सड़क अंधेरे में दिखाई नहीं देती। केवल खानापूर्ति के तौर पर कुछ बोरियों में मिट्टी भरकर रख दी गई है, जो पर्याप्त सुरक्षा प्रदान नहीं करती। इस कारण ट्रक, अन्य भारी वाहन अनियंत्रित होकर पलट जा रहे हैं, जबकि बाइक सवार





अक्सर इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। कई मामलों में गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें चोटिल होने के साथ-साथ वाहनों को भी भारी नुकसान पहुंचा है।एक स्थानीय निवासी ने बताया, 'रात में लाइट्स के अभाव में गड्ढे नजर नहीं आते। कई बार बाइक वाले सीधे गिर जाते हैं। ट्रक ड्राइवर भी कहते हैं कि अचानक गड्ढा आने से वाहन संभाल नहीं पाते। पीडब्ल्यूडी को तुरंत संकेतक बोर्ड, रिफ्लेक्टर और लाइटिंग व्यवस्था करनी चाहिए, वरना और हादसे होंगे।' यह मार्ग पहले से ही जर्जर हालत में था और अब चौड़ीकरण की स्वीकृति मिल चुकी है, जिससे करीब 45,000 दैनिक यात्रियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। लेकिन निर्माण के दौरान सुरक्षा उपायों की कमी से स्थानीय लोग परेशान हैं। कई बार सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य प्रगति पर है और जल्द ही सुरक्षा मानकों को पूरा किया जाएगा। हालांकि, राहगीरों की मांग है कि तत्काल संकेतक लगाए जाएं, गड्ढों को बैरिकेड किया जाए और रात में लाइटिंग की व्यवस्था हो, ताकि अनावश्यक हादसों को रोका जा सके।स्थानीय प्रशासन और पीडब्ल्यूडी से अपील है कि इस महत्वपूर्ण मार्ग पर तुरंत सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं, क्योंकि लापरवाही की कीमत लोगों की जान से चुकानी पड़ सकती है।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर अल्टो कार पलटी

**गाजियाबाद के 2 स्ट्ड समेत 4 घायल, रेप के आरोपी को बिहार से ला रहे थे**

**सुल्तानपुर-** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शनिवार को सुबह दस बजे भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां किमी 97 पर एक अल्टो कार पलट गई। जिसमें गाजियाबाद में तैनात दो उप निरीक्षक, बलात्कार के एक आरोपी समेत गाड़ी का चालक भी घायल हो गया। सभी को PRV टीम व यूपीडा की टीम ने पिठला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से आरोपी व चालक को गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज अयोध्या रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, बिहार के रोहतास थाना क्षेत्र के डेहरी निवासी विश्वकांत पुत्र लाल बिहारी के विरुद्ध रेप का मामला दर्ज था। जिसे गिरफ्तार करने के लिए उप निरीक्षक अतुल कुमार व उप निरीक्षक विपिन कुमार बिहार गए। आरोपी को गिरफ्तार कर वे अल्टो कार से लेकर उसे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते गाजियाबाद जा रहे थे। कार को चालक वसीम चला रहा था। कार जब एक्सप्रेस-वे पर किमी 97 पर पहुंची कि एकाएक चालक नियंत्रण खो बैठा और कार डिवाइडर से टकरा कर कई बार पलटी। हादसे में अल्टो चालक सभी घायल हुए। सूचना पर PRV 6105 के चालक सुनील कुमार सिंह और वंश कुमार मौके पर पहुंचे। वहीं यूपीडा की टीम भी घटना स्थल पर पहुंची। कार से सभी घायलों को बाहर निकाल कर एम्बुलेंस से पिठला अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान बलात्कार के आरोपी विश्वकांत और चालक वसीम की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज अयोध्या रेफर किया है। थानाध्यक्ष बल्दीराय नारद मुनि सिंह ने बताया कि घटना जानकारी में है। मामले में जांच की जा रही है।



# एडीएम प्रशासन व अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**महराजगंज,रायबरेली।** सरकार की मंसा को सुचारू रूप से धरातल पर लाने के लिए तहसील दिवस में पहुंचे एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ कुमार ने सख्त लहजे में अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि सभी विभाग के अधिकारी 10:00 बजे से 12:00 बजे तक अपने-अपने कार्यालय में बैठकर जनता की समस्याएं सुने और उस पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। लापरवाही बरतने वाले अधिकारी व कर्मचारी बख्शे नहीं जाएंगे। आपको बता दें कि, शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी विभागों के अधिकारी सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक अपने कार्यालय में बैठकर जनता की समस्याएं सुने। यदि किसी भी अधिकारी को न्यायालय का कोई कार्य हो तो वह जा सकता है अन्यथा लापरवाही करने वाले अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे। इस दौरान तीन किसानों ने इंतखाब पर ग़लत नाम व गाटा संख्या अंकित होने की शिकायत पर तत्काल शुद्धिकरण किया गया। बछरावां के रवि कुमार ने परिवार रजिस्टर में नाबालिक दर्ज थी। जिसको अविलंब बालिग दर्ज किया गया। समाधान दिवस में कुल 44 शिकायतें में राजस्व की 12, पुलिस की 13, विकास की 05 व अन्य की 14 शिकायतें रहीं। जिसमें से 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। एडीएम सिद्धार्थ कुमार ने ईओ राम आशीष वर्मा से कस्बे में आपूर्ति होने वाले दूषित पानी की समस्या के बारे में जानकारी ली तो ईओ राम आशीष वर्मा ने बताया कि सभी लीकेज मिल गए हैं व शुद्ध पेयजल की सप्लाई दी जाती है। एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ कुमार ने उपजिला अधिकारी कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय, अभिलेखागार, इंतखाब खतौनी कार्यालय, निर्वाचन कार्यालय तथा कोषागार का गहन निरीक्षण किया। तथा अभिलेखों की गहनता से जांच की उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी लोग अपने-अपने कार्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए फरियादियों को त्वरित न्याय दिलाते रहें। वहीं अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने नायब तहसीलदार सत्याराम के खिलाफ एक ज्ञापन एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ कुमार को सौंपा। इस मौके पर उप जिलाधिकारी गौतम सिंह, क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी, पूर्ति निरीक्षक मुकेश कुमार पांडे एवं अवधेश चतुर्वेदी, कानूनगो उमेश कुमार दीक्षित, आबिद अली, मोहम्मद अहमद, उपखंड अधिकारी विद्युत विभाग सहित समस्त विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पीड़ा की धरती पर आशा का वृक्ष: बाबा आमटे

**[ बाबा आमटे: दुख की धरती पर स्वाभिमान का राजपथ ]**
**[ आनंदवन से राष्ट्रनिर्माण तक: बाबा आमटे की विरासत ]**

कुछ लोग जन्म लेकर नहीं, बल्कि अपने कर्मों से अमर बनते हैं। वे समय की सीमाओं को लांघकर समाज की आत्मा में स्थायी स्थान बना लेते हैं। बाबा आमटे ऐसे ही विरले व्यक्तित्व थे, जिनका संपूर्ण जीवन करुणा, साहस और सेवा का उज्ज्वल प्रतीक बन गया। 9 फरवरी 2008 को भले ही उनकी देह नश्वरता में विलीन हो गई हो, परंतु उनके विचार आज भी असंख्य जीवनों को दिशा और ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। वे केवल एक समाजसेवक नहीं, बल्कि मानवीय चेतना की सजीव अभिव्यक्ति थे, जिन्होंने पीड़ा को संबल और दुर्बलता को आत्मविश्वास में बदल दिया। उनके लिए सेवा कोई औपचारिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आत्मा की तपस्या थी। उन्होंने यह प्रमाणित किया कि स्थायी परिवर्तन बाहरी सहायता से नहीं, बल्कि अंतर्मन की जागृति से उत्पन्न होता है।

26 दिसंबर 1914 को महाराष्ट्र के हिंगणघाट, वर्धा में जन्मे मुरलीधर देवीदास आमटे का प्रारंभिक जीवन वैभव और सुविधा से सुसज्जित था। संपन्न परिवार में पले-बढ़े बाबा आमटे ने बचपन से ही ऐश्वर्य, प्रतिष्ठा और आधुनिक जीवनशैली का अनुभव किया। आकर्षक वस्त्र, तेज रफ्तार वाहन और सामाजिक सम्मान उनके दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा थे। किंतु इस भौतिक चमक-दमक के पीछे उनके मन में एक गहन बेचैनी निरंतर करवट लेती रहती थी। वे जीवन को केवल सुख-साधनों का साधन नहीं मानते थे, बल्कि उसे किसी महान उद्देश्य से जोड़ना चाहते थे। यही आंतरिक मंथन धीरे-धीरे उनके व्यक्तित्व को रूपांतरित करता गया और उन्हें आत्मकेंद्रित सोच से निकालकर सामाजिक दायित्व की ओर अग्रसर करता चला गया।

शिक्षा और बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में बाबा आमटे ने उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कीं। नागपुर से बी.ए. और एल.एल.बी. की उपाधि प्राप्त कर वे एक सक्षम और प्रतिष्ठित वकील बने। न्यायालयों में कार्य करते हुए उन्होंने देखा कि कानून की पहुंच अक्सर निर्बल और वंचित वर्ग तक नहीं हो पाती। निर्णय तो होते थे, परंतु पीड़ितों की पीड़ा अनसुनी रह जाती थी। इसी काल में एक उपेक्षित कुष्ठ रोगी को असहाय अवस्था में देखकर उनका अंतःकरण विचलित हो उठा। समाज द्वारा ठुकराए गए उस मानव की दुर्दशा ने उनकी आत्मा को भीतर तक झकझोर दिया। उसी क्षण उन्होंने दृढ़ निश्चय किया कि वे अपना संपूर्ण जीवन उन लोगों के उत्थान के लिए समर्पित करेंगे, जिन्हें समाज ने उपेक्षा और तिरस्कार के अंधकार में छोड़ दिया है।

जब संकल्प सच्चा हो और उद्देश्य पवित्र, तब वह इतिहास का रूप ले लेता है। बाबा आमटे के इसी दृढ़ निश्चय ने 1949 में आनंदवन को जन्म दिया। चंद्रपुर जिले की वीरान और उपेक्षित भूमि पर स्थापित यह आश्रम केवल उपचार का केंद्र नहीं, बल्कि स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता की कार्यशाला बन गया। यहाँ पीड़ितों को सहानुभूति नहीं, सम्मान की अनुभूति कराई जाती थी। बाबा आमटे ने श्रम, शिक्षा और कौशल को जीवन की आधारशिला बनाया। प्रत्येक व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया गया, ताकि वह अपने भविष्य का निर्माण स्वयं कर सके। कृषि, हस्तकला, शिक्षण और उद्योग के माध्यम से आनंदवन आत्मगौरव का प्रतीक बन गया। यह स्थान टूटे हुए आत्मबल को फिर से जाग्रत करने का पावन स्थल बन गया।

एक व्यक्ति नहीं, टूटे जीवनों की पुनर्रचना बाबा आमटे की करुणा और संघर्ष की सीमा कभी किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं रही। उनका हृदय समाज के प्रत्येक उपेक्षित, शोषित और पीड़ित व्यक्ति के लिए धड़कता था। आदिवासी समाज, दिव्यांगजन, निर्धन परिवार और विस्थापित समुदाय सभी उनके संरक्षण और मार्गदर्शन के पात्र बने। वे दृढ़ विश्वास रखते थे कि मनुष्य का मूल्य उसकी परिस्थितियों से नहीं, बल्कि उसकी चेतना, साहस और आत्मसम्मान से मापा जाता है। उन्होंने लोगों के मन से हीनता की भावना को मिटाने का प्रयास किया और यह समझाया कि दुर्बलता कोई अभिशाप नहीं, बल्कि संघर्ष और सफलता की पहली सीढ़ी हो सकती है। उनका लक्ष्य केवल सहायता प्रदान करना नहीं था, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन का निर्माता बनाना था।

प्रकृति के प्रति बाबा आमटे की संवेदनशीलता उनकी दूरदर्शिता का प्रतीक थी। वे विकास के नाम पर पर्यावरण के अंधाधुंध विनाश के प्रखर विरोधी थे। नर्मदा बचाओ आंदोलन में उनकी सक्रिय सहभागिता इसी चेतना का प्रमाण बनी। उनका स्पष्ट मत था कि प्रगति तभी सार्थक है, जब उसमें मानव और प्रकृति दोनों का संरक्षण सुनिश्चित हो। उन्होंने संतुलित विकास की अवधारणा को केवल विचार तक सीमित नहीं रखा, बल्कि अपने जीवन में उसे आत्मसात किया। उनके लिए नदियाँ, जंगल और भूमि मात्र संसाधन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर थीं। उन्होंने समाज को बार-बार चेताया कि प्रकृति की उपेक्षा करने वाली सभ्यताएँ कभी स्थायी नहीं रह सकतीं।

जब राष्ट्र की आत्मा को जगाने का संकल्प जाग्रत हुआ, तब 1985 में 'भारत जोड़ो अभियान' का सूत्रपात हुआ। यह केवल एक पदयात्रा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का महाअभियान था। बाबा आमटे ने पैदल चलकर गांव-गांव और नगर-नगर जाकर भाईचारे, सहयोग और सौहार्द का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। उन्होंने लोगों को यह समझाया कि सशक्त राष्ट्र की नींव आपसी विश्वास और समानता पर टिकी होती है। यद्यपि उन्हें अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से अलंकृत किया गया, किंतु वे कभी इन उपलब्धियों के मोह में नहीं बंधे। पदक और उपाधियाँ उनके लिए महत्वहीन थीं। उनके लिए सबसे बड़ा पुरस्कार उन चेहरों की मुस्कान थी, जिन्हें उन्होंने आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान का मार्ग दिखाया। यही संतोष उनके जीवन की सबसे मूल्यवान पूंजी था।

त्याग, तपस्या और अटूट संकल्प से निर्मित एक व्यक्ति, एक विचार, एक युग बाबा आमटे का जीवन मानवता की अमर गाथा है। 9 फरवरी 2008 को भले ही उनका पार्थिव शरीर इस संसार से विदा हो गया हो, परंतु उनकी चेतना आज भी समाज के हर कोने में स्पंदित होती है। वे हमें यह शिक्षा देते हैं कि जीवन की सार्थकता केवल स्वयं के सुख में नहीं, बल्कि दूसरों के दुःख को दूर करने में निहित है। प्रेम, करुणा और निरंतर परिश्रम से ही सामाजिक उत्थान संभव होता है। उनके आदर्श हमें निरंतर प्रेरित करते हैं कि हम अन्याय के विरुद्ध निर्भीक होकर खड़े हों और संवेदनशीलता को अपना आभूषण बनाएं। उनके विचारों को अपने जीवन में उतारना ही उनके प्रति सच्ची और स्थायी श्रद्धांजलि है।

**प्रो. आरके जैन**

# संपादकीय

## राष्ट्रवाद का समावेशी चरित्र,चेतना, लोकतांत्रिक अधिनायकवाद के परहेज की आवश्यकता

राष्ट्रवाद राष्ट्र-की वैचारिक आधारशिला है। यह केवल भौगोलिक सीमाओं या राजनीतिक सत्ता से संबद्ध अवधारणा नहीं है, बल्कि साझा इतिहास, सांस्कृतिक स्मृति, संवैधानिक मूल्यों और नागरिक उत्तरदायित्वों का समन्वित स्वरूप है। राष्ट्रवाद का मूल चरित्र सार्वभौमिक और समावेशी होता है, जो समानता, स्वतंत्रता, न्याय और मानवीय गरिमा जैसे मूल सिद्धांतों को पुष्ट करता है। ऐतिहासिक रूप से यह सिद्ध हुआ है कि राष्ट्र-निर्माण की प्रत्येक प्रक्रिया में राष्ट्रवादी चेतना की भूमिका निर्णायक रही है। किंतु जब यही चेतना सत्ता-केंद्रित राजनीति, संकीर्ण वैचारिक आग्रहों और तात्कालिक राजनीतिक लाभों से संचालित होने लगती है, तब यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन जाती है। लोकतांत्रिक राष्ट्र में प्रत्येक नागरिक का यह नैतिक और संवैधानिक दायित्व है कि वह राष्ट्र के प्रति निष्ठावान और सजग रहे। किंतु इस निष्ठा का आशय अंध-समर्थन या आलोचनात्मक विवेक का त्याग नहीं है। दुर्भाग्यवश, समकालीन राजनीतिक परिदृश्य में राष्ट्रवाद को धर्म, जाति और संप्रदाय के साथ जोड़कर सत्ता-प्राप्ति का साधन बनाए जाने की प्रवृत्ति निरंतर बढ़ी है। ऐसी राजनीति न केवल राष्ट्रीय एकता को खंडित करती है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता और निष्पक्षता को भी कमजोर करती है। इतिहास साक्षी है कि सत्ता के दीर्घकालिक केंद्रीकरण ने राजाओं, सम्राटों और शासकों को निरंकुश बनाया है। आधुनिक लोकतंत्र में भी यह खतरा कम नहीं हुआ है, बल्कि अधिक परिष्कृत रूप में उपस्थित है। लोकतंत्र का मूल सिद्धांत सत्ता का निरंतर आवर्तन है। सत्ता का परिवर्तनशील होना शासन को उत्तरदायी, पारदर्शी और जनोन्मुख बनाता है। इसके विपरीत, जब सत्ता लंबे समय तक एक ही राजनीतिक शक्ति के अधीन रहती है, तो अधिनायकवादी प्रवृत्तियों का उदय स्वाभाविक हो जाता है। अवसरवादी राजनीति, पद-लोलुपता और जातिगत समीकरणों का अतिवादी प्रयोग लोकतांत्रिक संतुलन को बिगाड़ देता है। इस प्रक्रिया में जनता को दूरगामी राष्ट्रीय हितों के स्थान पर तात्कालिक लाभों के प्रलोभन में उलझाया जाता है, जिससे नीति-निर्माण की गुणवत्ता और राष्ट्रीय विकास की क्षमता दोनों प्रभावित होती हैं।

लोकतंत्र में राजनीति का उद्देश्य जनभावनाओं का शोषण नहीं, बल्कि उनका संरक्षण और संवर्द्धन होना चाहिए। किंतु जब राजनीति का केंद्र बिंदु सत्ता-प्राप्ति और सत्ता स्थायित्व बन जाता है, तब सिद्धांतों की प्रतिबद्धता कमजोर पड़ जाती है। अवतारवाद, सस्ती लोकप्रियता और भावनात्मक ध्रुवीकरण लोकतंत्र को भीतर से खोखला कर देते हैं। भारतीय राजनीतिक परंपरा में 'शाम, दाम, दंड, भेद' को शासन के उपकरण के रूप में स्वीकार किया गया है, किंतु आधुनिक संवैधानिक लोकतंत्र में इनका अति प्रयोग अनुशासन, नैतिकता और संस्थागत विश्वास को क्षीण करता है। लोकप्रियता को मापने के सुदृढ़ लोकतांत्रिक उपकरणों के अभाव में कई बार संगठित किंतु संख्यात्मक रूप से छोटे समूह नीति-निर्माण पर विपरीत प्रभाव डालने लगते हैं। यह स्थिति बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श के विपरीत है। दलबदल, अवसरवादी गठबंधन और सिद्धांतहीन राजनीतिक व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों के क्षरण के प्रमुख कारण बन चुके हैं। भारतीय संविधान के भीतर विद्यमान कुछ प्रक्रियात्मक छिद्रों का उपयोग कर राजनीतिक दल सत्ता-संरक्षण के जटिल ताने-बाने बुनते हैं, जिनके दीर्घकालिक दुष्परिणाम समाज और राष्ट्र दोनों को भुगतने पड़ते हैं। जातिवादी राजनीति और लोकप्रियता की व्यावहारिक मजबूरियों ने खाप पंचायतों जैसी समानांतर संरचनाओं को जन्म दिया है। ये संरचनाएँ पंचायती राज व्यवस्था को प्रतिस्थापित करने का प्रयास करती हैं, जिससे लोकतंत्र की जमीनी संस्थाएँ कमजोर होती हैं। इसी प्रकार, धर्म और धार्मिक प्रथाओं में समानता तथा स्वतंत्रता का हनन तुष्टीकरण-आधारित राजनीति का प्रतिफल है। लोकतांत्रिक समाज में समानता, स्वतंत्रता और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत किसी भी नीति-निर्णय के मूल में होने चाहिए। एकतरफा और भावनात्मक निर्णय इन मूल्यों के प्रतिकूल प्रभाव उत्पन्न करते हैं।

अतिराष्ट्रवाद की अवधारणा, जब लोकतांत्रिक विवेक से विमुख हो जाती है, तब तानाशाही प्रवृत्तियों को वैधता प्रदान करने लगती है। सैनिक राष्ट्रवाद, भय की राजनीति और सस्ती लोकप्रियता ने बीसवीं शताब्दी में अनेक देशों में लोकतंत्र को क्षतिग्रस्त किया है। पाकिस्तान, म्यांमार और उत्तर कोरिया जैसे उदाहरण दर्शाते हैं कि सुरक्षा और राष्ट्रहित के नाम पर सैन्य या अधिनायकवादी नियंत्रण किस प्रकार लोकतांत्रिक अधिकारों को सीमित कर सकता है। ये उदाहरण लोकतंत्र के लिए सतत चेतावनी के रूप में देखे जाने चाहिए। लोकतंत्र का अंतिम उद्देश्य जनता का विश्वास अर्जित करना, उनकी सामाजिक-आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति करना और उनके मौलिक अधिकारों की रक्षा करना है। किंतु जब शासन सत्ताचरित्र, अवसरवाद और सत्ता में बने रहने की रणनीतियों में उलझ जाता है, तब लोकतंत्र के संस्थागत स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया कमजोर होने लगते हैं। ऐसे समय में समाज के प्रबुद्ध, सजग और जिम्मेदार वर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि समय रहते विवेकपूर्ण हस्तक्षेप नहीं हुआ, तो लोकतंत्र के दुरुपयोग के परिणाम दीर्घकालिक और विध्वंसकारी हो सकते हैं। अतः यह आवश्यक है कि तात्कालिक लोकप्रियता और अवसरवादी लाभों के स्थान पर संतुलित, समावेशी और बहुआयामी लोकतांत्रिक विकास को प्राथमिकता दी जाए। सरकार, राजनीतिक दल, मीडिया, सिविल सोसाइटी और नागरिक समाज–सभी को मिलकर संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक सिद्धांतों और सामाजिक संतुलन की रक्षा करनी होगी। यही समेकित प्रयास राष्ट्रवाद को उसकी मूल, मानवीय और उदात्त चेतना में पुनर्स्थापित कर सकता है तथा लोकतंत्र को अधिनायकवाद की संभावित खतरों से सुरक्षित रख सकता है।

**संजीव ठाकुर**

# वैश्विक टैरिफ समझौते: भारतीय निर्यातकों एवं उत्पादनकर्ताओं के लिए स्वर्णिम युग

भारत के विदेश व्यापार के इतिहास में वर्तमान समय एक ऐतिहासिक मील के पत्थर के रूप में उभर रहा है। अमेरिका, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे दुनिया के सबसे प्रभावशाली आर्थिक केंद्रों के साथ किए गए हालिया टैरिफ समझौतों ने भारतीय उत्पादकों और निर्यातकों के लिए असीमित संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। ये द्विपक्षीय संधियाँ न केवल भारतीय बाजार में विदेशी वस्तुओं की पहुंच सुगम बनाएंगी, बल्कि भारतीय उत्पादों को भी वैश्विक पटल पर अधिक प्रतिस्पर्धी, किफायती और सुलभ बनाएंगी। यह रणनीतिक कदम 'ब्रांड इंडिया' को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के केंद्र में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**प्रमुख देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी**

व्यापारिक संबंधों की इस नई इबारत में अमेरिका के साथ हुआ तालमेल अत्यंत महत्वपूर्ण है। अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगने वाले शुल्कों में की गई भारी कटौती ने फार्मास्यूटिकल्स, वस्त्र और आईटी, हार्डवेयर जैसे क्षेत्रों को एक नई ऊर्जा प्रदान की है। इसी प्रकार, यूरोपीय संघ के साथ हुआ दीर्घकालिक समझौता भारतीय वस्तुओं को शून्य-टैरिफ की दिशा में ले जा रहा है, जिससे ऑटोमोबाइल, रसायन और कृषि उत्पादों के लिए यूरोप के विशाल बाजार में पैठ बनाना आसान हो जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के साथ हुए समझौते भी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं हैं। ऑस्ट्रेलिया के साथ आर्थिक सहयोग ने भारतीय मसालों, अनाज और मशीनरी के लिए बाधाओं को समाप्त कर दिया है। वहीं, ब्रिटेन के साथ हुए द्विपक्षीय करार ने वस्त्र और विनिर्माण क्षेत्र के लिए रियायतों का एक नया मार्ग प्रशस्त किया है, जो स्थानीय इकाइयों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन सिद्ध हो सकता है।

इन वैश्विक समझोतों को वास्तविक लाभ में बदलने के लिए भारतीय उत्पादकों को अपनी कार्यप्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन करने होंगे। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को सिद्ध करने के लिए अब उच्च गुणवत्ता, अंतरराष्ट्रीय मानकों की पैकेजिंग और प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण पर ध्यान देना होगा।

भारतीय उद्योगों को अब वैश्विक खरीदारों के बीच दीर्घकालिक विश्वास कायम करने के लिए डिजिटल ट्रेसिबिलिटी और पर्यावरण अनुकूल उत्पादन तकनीकों को प्राथमिकता देनी होगी। वस्त्र उद्योग द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन मानकों को अपनाकर हासिल की गई सफलता अन्य क्षेत्रों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण हो सकती है।

व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें तो ये समझौते केवल व्यापारिक लेनदेन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये देश में बड़े सामाजिक-आर्थिक बदलाव के संकेत हैं। निर्यात में होने वाली वृद्धि से न केवल देश का विदेशी मुद्रा भंडार सुदृढ़ होगा, बल्कि श्रम-गहन क्षेत्रों में रोजगार के लाखों नए अवसर भी पैदा होंगे। यह उपलब्धि भारत के व्यापार असंतुलन को कम करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

अंततः, यह समझना बेहद आवश्यक है कि वैश्विक बाजारों के खुलने के साथ घरेलू बाजार में विदेशी प्रतिस्पर्धा भी बढ़ेगी। ऐसी स्थिति में भारतीय उद्यमियों की तत्परता और नागरिकों की 'वोकल फॉर लोकल' के प्रति प्रतिबद्धता ही आत्मनिर्भरता की असली कसौटी होगी। इन टैरिफ समझौतों की वास्तविक सफलता इस बात पर टिकी है कि हमारे उत्पादक कितनी कुशलता से वैश्विक मानकों को अपनाते हैं और भारतीय समाज अपनी आर्थिक प्राथमिकताओं को किस प्रकार दिशा देता है।

**डा मनमोहन प्रकाश**

# कैंसर का बढ़ता साया और समय रहते चेतना की ज़रूरत

**महिलाओं के स्वास्थ्य से लेकर समाज की सामूहिक जिम्मेदारी तक**

देश में कैंसर अब केवल एक बीमारी नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक चुनौती बन चुका है। हालिया संसदीय आंकड़े बताते हैं कि महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के मामलों में तेज़ बढ़ोतरी हो रही है, वहीं ओवेरियन कैंसर जानलेवा साबित हो रहा है। यह स्थिति केवल चिकित्सा व्यवस्था की परीक्षा नहीं है, बल्कि हमारी जीवनशैली, जागरूकता, समय पर जांच और सरकार की प्राथमिकताओं पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। कैंसर की बढ़ती रफ्तार यह संकेत देती है कि यदि अभी ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में यह संकट और गहराएगा।

ब्रेस्ट कैंसर के मामलों में बढ़ोतरी का एक बड़ा कारण शहरीकरण और बदलती जीवनशैली है। देर से विवाह, देर से मातृत्व, कम शारीरिक गतिविधि, तनाव, असंतुलित खान-पान और मोटापा ऐसे कारक हैं जो धीरे-धीरे शरीर में हार्मोनल असंतुलन पैदा करते हैं। इसके साथ ही ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में जानकारी की कमी के कारण महिलाएं शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देती हैं। परिणामस्वरूप जब तक बीमारी सामने आती है, तब तक वह गंभीर अवस्था में पहुंच चुकी होती है। ओवेरियन कैंसर इसीलिए सबसे घातक माना जाता है क्योंकि इसके लक्षण शुरू में बहुत सामान्य होते हैं और अक्सर पेट की समस्या या थकान समझकर टाल दिए जाते हैं।

इससे बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है समय पर पहचान। नियमित स्क्रीनिंग, स्वयं परीक्षण और डॉक्टर से परामर्श ऐसी आदतें हैं जिन्हें सामान्य जीवन का हिस्सा बनाना होगा। ब्रेस्ट कैंसर के लिए आत्म-परीक्षण एक सरल लेकिन प्रभावी तरीका है, जिसे हर महिला को सीखना चाहिए। ओवेरियन और सर्वाइकल कैंसर के लिए अल्ट्रासाउंड, पैप स्मीयर और अन्य जांचें समय-समय पर कराना जरूरी है। इसके साथ ही संतुलित आहार, जिसमें हरी सब्जियां, फल, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर हों, शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद केवल सामान्य स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि कैंसर जैसी बीमारियों से लड़ने में भी मददगार है।

रोकथाम का मार्ग केवल व्यक्तिगत प्रयासों से नहीं, बल्कि सामूहिक सोच से प्रशस्त होता है। समाज में कैंसर को लेकर भय और मिथकों को तोड़ना जरूरी है। आज भी कई परिवारों में कैंसर को लाइलाज मान लिया जाता है, जबकि सच यह है कि शुरुआती चरण में पहचाना गया कैंसर काफी हद तक ठीक हो सकता है। स्कूलों और कॉलेजों में स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से किशोरियों को शरीर और स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना भविष्य की बड़ी तैयारी हो सकती है। कार्यस्थलों पर महिलाओं के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच की सुविधा देना भी एक प्रभावी कदम होगा। सरकार की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में बेहद अहम है। जिला स्तर पर डे-केयर कैंसर सेंटर, मोबाइल स्क्रीनिंग वैन और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को आधुनिक जांच उपकरणों से लैस करना समय की मांग है। केवल बड़े शहरों में एम्स या कैंसर संस्थान बना देने से समस्या का समाधान नहीं होगा। बिहार और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में तेज़ी से बढ़ते मामलों के पीछे स्वास्थ्य ढांचे की कमजोरी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी भी एक कारण है। सरकार को यह समझना होगा कि कैंसर का इलाज केवल अस्पतालों में नहीं, बल्कि नीति, बजट और ज़मीनी क्रियान्वयन से जुड़ा है।

गरीब परिवारों के लिए कैंसर इलाज आज भी सबसे बड़ा आर्थिक संकट बन जाता है। कई बार लोग बीमारी से ज्यादा इलाज के खर्च से टूट जाते हैं। ऐसे में सरकार को बीमा योजनाओं को और व्यापक व व्यावहारिक बनाना होगा। आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं में कैंसर के इलाज की सीमा बढ़ाई जानी चाहिए और निजी अस्पतालों की मनमानी पर सख्त नियंत्रण होना चाहिए। इसके अलावा दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करना और जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता बढ़ाना गरीबों के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकता है। कैंसर के मरीजों के लिए यात्रा, पोषण और मनोवैज्ञानिक सहायता भी उतनी ही जरूरी है, जितनी कीमोथेरेपी या सर्जरी। एक अहम लेकिन अक्सर अनदेखा पहलू है मानसिक स्वास्थ्य। कैंसर का नाम सुनते ही मरीज और परिवार मानसिक रूप से टूट जाते हैं। भय, अपराधबोध और सामाजिक दबाव इलाज को और कठिन बना देता है। यदि हर बड़े अस्पताल में काउंसलिंग और सपोर्ट ग्रुप अनिवार्य हों, तो मरीजों का आत्मविश्वास बढ़ सकता है। शोध बताते हैं कि सकारात्मक मानसिक स्थिति इलाज के परिणामों को बेहतर बनाती है। यह जानकारी अभी आम चर्चा का हिस्सा नहीं है, लेकिन इसका महत्व कम नहीं है।भविष्य में कैंसर का खतरा पूरी तरह खत्म होगा या नहीं, यह कहना कठिन है। लेकिन विज्ञान और तकनीक की प्रगति से उम्मीद ज़रूर बंधती है। जीन-आधारित जांच, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस डायग्नोस्टिक सिस्टम और पर्सनलाइज्ड मेडिसिन कैंसर के इलाज की दिशा बदल रहे हैं। आने वाले वर्षों में यह संभव है कि कैंसर को एक घातक बीमारी की बजाय एक नियंत्रित दीर्घकालिक रोग के रूप में देखा जाए। इसके लिए रिसर्च और स्वदेशी तकनीक में निवेश बढ़ाना होगा, ताकि इलाज केवल अमीरों तक सीमित न रहे। एक नई और महत्वपूर्ण जानकारी यह है कि पर्यावरण प्रदूषण और कैंसर के बीच संबंध अब और स्पष्ट हो रहा है। हवा में मौजूद सूक्ष्म कण, पानी में घुले रसायन और भोजन में कीटनाशकों का असर धीरे-धीरे शरीर में जमा होता है। यह तथ्य अभी नीति-निर्माण में पर्याप्त जगह नहीं पा सका है। यदि पर्यावरण संरक्षण को स्वास्थ्य नीति से जोड़ा जाए, तो कैंसर की रोकथाम में बड़ी सफलता मिल सकती है। साफ हवा, स्वच्छ पानी और सुरक्षित भोजन केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य का आधार हैं।

अंततः कैंसर से लड़ाई किसी एक व्यक्ति, डॉक्टर या सरकार की नहीं है। यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। जागरूक नागरिक, संवेदनशील सरकार और मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था मिलकर ही इस संकट का सामना कर सकते हैं। यदि आज हम समय रहते चेत गए, तो आने वाली पीढ़ियों को इस भयावह बीमारी से काफी हद तक बचाया जा सकता है। कैंसर का भविष्य पूरी तरह खत्म होना शायद संभव न हो, लेकिन उसका भयावह वर्तमान जरूर बदला जा सकता है, बशर्ते हम इसे केवल खबर नहीं, चेतावनी मानें।

**कांतिलाल मांडोत**

# रंग और मन: प्रकृति से संस्कृति तक का सफर

**रंगों की मौन भाषा और मनुष्य की भावनाएँ**
**भावनाओं के दो रंग: लाल और नीले की दुनिया**

रंग केवल देखने की वस्तु नहीं हैं, बल्कि वे हमारे मन, सोच और भावनाओं से गहराई से जुड़े होते हैं। जब हम किसी रंग को देखते हैं, तो वह सीधे हमारे मस्तिष्क पर प्रभाव डालता है। लाल बत्ती देखकर हमारा पैर अपने आप ब्रेक पर चला जाता है, और नीले आसमान को देखकर मन शांति से भर जाता है। यह सब संयोग नहीं है। यह रंगों की वह मौन भाषा है, जो वर्षों से मानव जीवन को दिशा देती आ रही है। लाल हमें सतर्क करता है, उत्तेजित करता है और चेतावनी देता है, जबकि नीला हमें ठहरने, सोचने और शांत रहने का अवसर देता है। इन्हीं दोनों रंगों के माध्यम से प्रकृति और मनुष्य के बीच एक गहरा संवाद चलता रहता है।

लाल रंग ऊर्जा, गर्मी और तीव्रता का प्रतीक माना जाता है। जब कोई व्यक्ति अत्यधिक क्रोधित होता है, तो उसका चेहरा लाल पड़ जाता है। उस समय शरीर में रक्त का प्रवाह तेज़ हो जाता है और हृदय तेजी से धड़कने लगता है। यह शरीर की स्वाभाविक प्रतिक्रिया होती है, जिसे लड़ने या भागने की स्थिति कहा जाता है। यह प्रतिक्रिया हमें खतरे से बचाने के लिए बनी है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि लाल रंग देखने पर हमारा ध्यान तुरंत केंद्रित हो जाता है और हम अधिक सतर्क हो जाते हैं। इसी कारण लाल रंग चेतावनी का प्रतीक बन गया है।

प्रकृति में भी लाल रंग अधिकतर खतरे और सावधानी से जुड़ा होता है। आग की लपटें लाल होती हैं, खून लाल होता है, और कई विषैले कीड़े तथा फल लाल रंग के होते हैं। यह रंग हमें अनजाने में सावधान रहने का संकेत देता है। हमारे पूर्वजों ने अनुभव के आधार पर यह सीख लिया था कि लाल रंग से जुड़ी चीज़ों से सतर्क रहना आवश्यक है। यही कारण है कि आज भी लाल रंग हमें बेचैन और सक्रिय बना देता है। गुस्से में 'लाल हो जाना' केवल कहावत नहीं, बल्कि शरीर की वास्तविक स्थिति है।

लाल रंग केवल क्रोध का प्रतीक नहीं है, बल्कि प्रेम, उत्साह और जुनून का भी प्रतीक है। प्रेम में डूबे व्यक्ति के चेहरे पर लालिमा आ जाती है। किसी प्रतियोगिता में जीत का जोश भी लाल रंग जैसी तीव्रता लिए होता है। जब कोई व्यक्ति किसी लक्ष्य के प्रति अत्यधिक उत्साहित होता है, तो उसके भीतर भी वही लाल ऊर्जा दौड़ती है। इस प्रकार लाल रंग हर उस भावना से जुड़ा है, जिसमें गर्मी, गति और आवेग होता है। यह हमें आगे बढ़ने और संघर्ष करने की प्रेरणा देता है।

नीला रंग लाल के बिल्कुल विपरीत प्रभाव डालता है। यह ठंडक, गहराई और विस्तार का प्रतीक है। जब हम खुले नीले आकाश को देखते हैं या समुद्र की नीली लहरों पर ध्यान लगाते हैं, तो मन अपने आप शांत होने लगता है। हमारी साँसें धीमी हो जाती हैं और हृदय की गति सामान्य हो जाती है। यह इसलिए होता है क्योंकि नीला रंग हमारे शरीर के उस हिस्से को सक्रिय करता है, जो विश्राम और संतुलन से जुड़ा होता है। इस कारण नीला हमें मानसिक शांति प्रदान करता है। वैज्ञानिक अनुसंधानों से पता चलता है कि नीले वातावरण में लोग अधिक एकाग्र रहते हैं और कम चिड़चिड़े होते हैं। ऐसे स्थानों पर काम करने वाले लोग बेहतर निर्णय ले पाते हैं और अधिक रचनात्मक होते हैं। प्रकृति में नीला रंग अधिकतर उन तत्वों से जुड़ा होता है, जो दूर और सुरक्षित होते हैं, जैसे आकाश और समुद्र। वहाँ तत्काल कोई खतरा दिखाई नहीं देता, इसलिए हमारा मन भी निश्चिंत रहता है। नीला हमें सुरक्षा और स्थिरता का अनुभव कराता है।

नीला रंग उदासी और गहराई का भी प्रतीक माना जाता है। जब कोई व्यक्ति भीतर से शांत या गंभीर होता है, तो उसे नीले रंग से जोड़ा जाता है। 'नीला मन' का अर्थ होता है गहरी भावना और आत्मचिंतन की अवस्था। यह वह समय होता है, जब व्यक्ति बाहरी दुनिया से थोड़ा दूर होकर अपने भीतर झांकता है। नीला हमें ठहरने, सोचने और स्वयं को समझने का अवसर देता है। इस कारण यह रंग मानसिक संतुलन के लिए अत्यंत उपयोगी है।

रंगों का प्रभाव केवल शरीर और मन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि संस्कृति में भी गहराई से बस जाता है। पश्चिमी देशों में लाल रंग गुस्से का प्रतीक है, जबकि नीला उदासी या शांति का। चीन में लाल रंग शुभ और मंगलकारी माना जाता है और विवाह तथा त्योहारों में इसका विशेष प्रयोग होता है। भारत में नीला रंग आध्यात्मिक शक्ति और संतुलन का प्रतीक है। भगवान कृष्ण का नीला स्वरूप इसी गहराई और शांति का उदाहरण है।

व्यापार और संस्थानों में भी रंगों के इसी मनोविज्ञान का उपयोग किया जाता है। बैंक और बड़ी कंपनियाँ नीले रंग का प्रयोग इसलिए करती हैं, ताकि ग्राहकों को विश्वास और सुरक्षा का अनुभव हो। सामाजिक माध्यमों के प्रतीक भी अधिकतर नीले होते हैं। दूसरी ओर, भोजन की दुकानों में लाल और पीले रंग का उपयोग किया जाता है, ताकि लोगों की भूख बढ़े और वे जल्दी निर्णय लें। इस प्रकार रंग हमारे व्यवहार को बिना बताए नियंत्रित करते हैं।

अस्पतालों में नीले और हल्के रंगों के वस्त्र तथा दीवारें इसलिए होती हैं, ताकि रोगियों को मानसिक शांति मिले। विद्यालयों में हल्के और नीले रंग के कमरे बच्चों को पढ़ाई में ध्यान लगाने में सहायता करते हैं। खेल के मैदान में लाल जर्सी वाली टीम को अधिक आक्रामक और साहसी माना जाता है। इन सभी उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि रंग हमारे विचारों और निर्णयों पर गहरा प्रभाव डालते हैं।

हालाँकि रंग हमारी भावनाओं को पूरी तरह बदल नहीं सकते, लेकिन उन्हें काफी हद तक प्रभावित अवश्य करते हैं। यदि कोई व्यक्ति पहले से क्रोधित हो और चारों ओर लाल रंग हो, तो उसका गुस्सा और बढ़ सकता है। यदि कोई व्यक्ति दुखी हो और नीले वातावरण में बैठ जाए, तो उसे कुछ शांति मिल सकती है। यह संबंध दोतरफा होता है। हम रंगों को अर्थ देते हैं, और रंग हमें भावनाएँ समझाते हैं।

बचपन से ही हम रंगों के साथ भावनाओं को जोड़ना सीखते हैं। गुस्से में 'लाल होना' और उदासी में 'नीला पड़ जाना' जैसे शब्द हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बन जाते हैं। यह प्रकृति और संस्कृति के मेल का सुंदर उदाहरण है। रंग हमारे जीवन की अदृश्य भाषा बन जाते हैं, जिन्हें हम बिना बोले समझ लेते हैं।

लाल और नीला दोनों ही हमारे जीवन के लिए आवश्यक हैं। लाल हमें साहस, ऊर्जा और सतर्कता प्रदान करता है। नीला हमें शांति, संतुलन और आत्मविश्वास देता है। इन दोनों के बिना जीवन अधूरा है। जब अगली बार कोई रंग आपकी आँखों के सामने आए, तो केवल उसे देखिए नहीं, बल्कि महसूस कीजिए। वह आपसे कुछ कह रहा है। वह आपके मन और भावनाओं की कहानी सुना रहा है। क्योंकि रंग केवल दिखाई नहीं देते, वे हमारे जीवन से संवाद करते हैं और हमें स्वयं से जोड़ते हैं।

**कृति आरके जैन**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## रमाबाई आंबेडकर की मनाई जयंती

**देवरिया।** रामपुर कारखाना क्षेत्र के डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर सामाजिक परिवर्तन के पुरोधा ललई सिंह यादव का स्मृति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि ललई सिंह यादव ने दक्षिण भारत के सामाजिक क्रांति के अग्रदूत पेरियार ई.वी. रामासामी के विचारों को उत्तर भारत में आगे बढ़ाया। उन्होंने सच्ची रामायण के हिंदी प्रकाशन और उस पर लगे प्रतिबंध को हटाने के लिए न्यायालय तक संघर्ष किया। इसी क्रम में माता रमाबाई आंबेडकर की जयंती भी मनाई गई। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने परिवार की जिम्मेदारी निभाते हुए डॉ. भीमराव आंबेडकर को सामाजिक न्याय के कार्यों हेतु समर्पित रहने का अवसर दिया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने दोनों महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## हत्या मामले में चार गिरफ्तार

**देवरिया।** देवरिया पुलिस के अंतर्गत थाना तरकुलवा पुलिस ने हत्या के मामले में तीन अभियुक्तों एवं एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में की गई कार्रवाई में कंचनपुर तिराहे के पास से बाबूलाल यादव, हीरमती देवी व अनिता यादव को पकड़ा गया। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त फावड़ा व डंडा बरामद किया गया। प्रकरण जमीनी विवाद से जुड़ा है। आरोप है कि 5 फरवरी को मारपीट में सीमा देवी गंभीर रूप से घायल हुईं, जिनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई, जबकि नरसिंह यादव का इलाज जारी है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

## संगठन की ताकत से ही सत्ता परिवर्तन संभव : मोहसिन

**देवरिया।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मासिक बैठक जिलाध्यक्ष व्यास यादव की अध्यक्षता एवं जिला महासचिव मंजूर हसन के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन की समीक्षा करते हुए उसे और अधिक गतिशील व मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। जिला प्रभारी व पूर्व मंत्री डा. मोहसिन खान ने कहा कि संगठन की ताकत से ही सत्ता परिवर्तन संभव है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सतर्क रहकर लोकतंत्र की रक्षा करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने एसआईआर कार्य में लगे कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया और सभी पदाधिकारियों से फॉर्म-6 भरवाकर अधिक से अधिक मतदाता जोड़ने की अपील की, ताकि लोकतंत्र मजबूत हो सके।

## समाधान दिवस में 53 शिकायतें प्राप्त, 6 का मौके पर निस्तारण

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में सदर तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। कार्यक्रम में राजस्व, पुलिस, विकास व अन्य विभागों से संबंधित कुल 53 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें 28 राजस्व, 10 पुलिस, 3 विकास तथा 12 अन्य विभागों की थीं। छह प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष को समयबद्ध समाधान हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और तय समय सीमा में शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और प्रत्येक प्रकरण की समीक्षा की जाएगी। इस अवसर पर तीन पात्र लाभार्थियों को अन्त्योदय राशन कार्ड तथा एक को दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरित किया गया। बाद में जिलाधिकारी ने तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण एवं लंबित ऑनलाइन फीडिंग शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## घूसखोर पंडित के निर्देशक के विरुद्ध सरकार का संज्ञान, होगीं कार्रवाई : दयाशंकर

**देवरिया।** जनपद के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह विकसित राष्ट्र की मजबूत नींव रखने वाला बजट है। इसमें किसानों, महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। हर जनपद में छात्रावास निर्माण, एमएसएमई उद्योग को प्रोत्साहन तथा प्रत्येक व्यक्ति को रोजगार से जोड़ने का प्रयास सराहनीय है। श्री सिंह देवरिया के लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण गृह में आयोजित प्रेस को सम्बोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि रेलवे, जल और थल मार्गों के बेहतर जुड़ाव से विकास को गति मिलेगी तथा कृषि उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। फिल्म घूसखोर पंडित पर उन्होंने कहा कि सरकार ने संज्ञान लिया है और फ़िल्म निर्देशक के विरुद्ध आवश्यकतानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एनएच पर अनावश्यक कट बंद करने की बात कहते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव ने सैफई में सुविधानुसार कट खुलवाए, जो गलत है। गोरखपुर देवरिया सलेमपुर में भी एन एच पर जो अनावश्यक कट खोले गए हैं दुर्घटना को रोके जाने के उद्देश्य से अनावश्यक कट बंद किये जायेंगे।

# जनता का सीधा सवाल: नीति नियंताओं की क्या है मंशा मुख्यमंत्री-प्रधानमंत्री दें जवाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुशीनगर।** गंडक नदी पर प्रस्तावित बगहा बेलवनिया सड़क सह पूल निर्माण की योजना निरस्त होने से बगहा के विकास का भविष्य अंधकार में आ गया है। इसको लेकर जनता में निराशा व आक्रोश का उबाल है। अब जनता जनप्रतिनिधियों सहित मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री से इसका जबाब मांग रही है। इस योजना के विषय में अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार इस मार्ग पर व्यवसायिक वाहन की संख्या बहुत कम है। यह अनुमान किस आधार पर किया गया है यह स्पष्ट नहीं है। योजना निरस्त होने से लोगो में काफी आक्रोश है पूल निर्माण के लिए संघर्ष जारी है। जनप्रतिनिधियों के प्रयास पर एक बहुत गंभीर प्रश्न खड़ा हो गया है। आइये जानते है कि पूल निर्माण की पृष्ठभूमि क्या है। बगहा से यूपी को जोड़ने के लिए रेल सह सड़क पूल का निर्माण पनियाहवा में हुआ निर्माण पूरा होने के बाद रेल पूल का उद्घाटन तत्कालीन रेलमंत्री और वर्तमान बिहार के मुख्यमंत्री श्री नितीश कुमार ने किया था। रेल परिचालन तो शुरू हो गया लेकिन सड़क पूल से यातायात को शुचारु करने के लिए जो सड़क प्रस्तावित किया गया था वह विटीआर के जंगल से होकर गुजरती है किसी भी टाइगर रिजर्व में रोड निर्माण के लिए विभागीय स्वीकृति होना आवश्यक है जिसके अलोक में वन विभाग ने सड़क निर्माण पर रोक लगा दिया। लगभग 10 वर्षों के प्रयास पर वन एवं पर्यावरण विभाग ने 2022 में पूर्ण विराम लगाते हुए



वैकल्पिक मार्ग का सूझव देते हुए वर्तमान सड़क को बंद करने का नोटिस दे दिया। इसके बाद शुरू हुआ एन एच 727 के लिए वैकल्पिक मार्ग का सर्वे। जिसमे कई प्रस्ताव बने और रद्द हुए इसी बिच एनएचआई ने नए फोर लेन सड़क का इंलाईमेन्ट की योजना की घोषणा कर इस दुविधा पर विराम लगा दिया और इस नए प्रस्तावित सड़क और पूल को ही एनएच 727 का विकल्प मान लिया गया। इस नए सड़क और पूल के लिए भूमि के सर्वे का काम पूरा हो चूका है जो भी एनलाईमेन्ट प्रस्तावित था उसकी प्रारूप बन जाने के बाद अब भुर्जन व डीपीआर की तैयारी चल ही रही थी की लोकसभा चुनाव की घोषणा हो गई और उसके बाद बिहार विधानसभा चुनाव भी शुरू हो गया इस योजना की चर्चा चुनाव प्रचार में भी सत्तपक्ष ने खूब किया लेकिन यह योजना नई सरकार बनते ही निरस्त कर दी गई।

अब एक नजर डालते है गंडक नदी में नव निर्मित पूलो के उपयोगिता पर। प. चम्पारण में गंडक नदी पर पनियहवा पूल के बाद दो नए पूल बने है एक मंगलपुर में जो बेतिया से गोपाल गंज को जोड़ता है दूसरा रतवल धनाहा पूल जो मूल रुप से गंडक पार के चार प्रखंडो को जिला मुख्यालय से जोड़ता है, साथ ही यह पडरौना से यूपी को भी जोड़ता है। इन तीनो पूलो यथा पनियाहवा, धनहा, और मांगलपुर के उपयोगिता की बात करें तो यह पूल आज भी अपनी समृद्धि कनेक्टिविटी के आभाव में अनुपयुक्त है। इसमें दो पूल बिहार सरकार के है और एक पूल केंद्र सरकार के रेल मंत्रालय व यूपी बिहार के सौजन्य से बना हुआ है। इसके पीछे बिहार में पूल व सड़क निर्माण में पदाधिकारियों की अविवेक पूर्ण सोच की साफ झलक दिखाई देती है। यह बगहा बेलवानिया पूल एनएचआई से प्रस्तावित था जिसको लेकर लोगो में बहुत उम्मीद थी की बगहा को एक आधुनिक रफ्तार के सड़क से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। इस योजना के निरस्त होने के बाद आप सोच सकते है की निराशा की कितनी गहरी पीड़ा से बगहा की जनता गुजर रही है। यही नहीं इसके नहीं बनाने से केंद्र सरकार की अती महत्वपूर्ण सीमा सड़क की उपयोगिता भी अधूरी होती दिख रही है साथ ही वाल्मीकिनगर का धार्मिक व इको टूरिज्म की परिकल्पना भी प्रभावित होगी। साथ ही आजादी के लगभग आठ दशक बीतने के बाद भी इस क्षेत्र के विकास पर ग्रहण लग जायेगा। यह सिर्फ एक सड़क पूल नहीं इस क्षेत्र के लोगो का भविष्य के उड़ान का पूल है जो सिर्फ सड़को को ही नहीं दिल को भी जोड़ता है। स्थानीय जन प्रतिनिधि सहित इस योजना की विफलता के लिए मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री भी जनता के सवालों के घेरे में हैं।

# परीक्षा तनाव मुक्त कार्यशाला का सफल आयोजन, छात्रों में पैदा किया गया आत्मविश्वास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार, गोरखपुर-** गोला तहसील तिराहे पर स्थित एलपीएम पब्लिक स्कूल में आगामी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए छात्रों के लिए परीक्षा तनाव मुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों के मन से परीक्षा का भय दूर करना, सकारात्मक सोच विकसित करना और बेहतर प्रदर्शन के लिए मानसिक रूप से तैयार होना रहा। प्राप्त विवरण के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक अमरनाथ वर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन यही जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं है। शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि ज्ञान, समझ और व्यक्तित्व का विकास करना है। छात्रों को बिना किसी दबाव के अपनी तैयारी पर भरोसा रखना चाहिए। कार्यशाला काउंसलर



अंकिता बक्सर ने छात्रों को बताया कि परीक्षा के दौरान मानसिक संतुलन बनाए रखना सबसे आवश्यक है। अतीत या भविष्य की चिंता करने के बजाय वर्तमान समय में की जा रही तैयारी पर ध्यान देना चाहिए। काउंसलर ने पढ़ाई के सही तरीकों, बैठने की मुद्रा, योग, ध्यान और समय प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की। मोबाइल फोन को पढ़ाई में बाधक बताते हुए इससे दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई। साथ ही विषयों को रटने के बजाय उनके मूल सिद्धांतों को समझने पर जोर दिया गया।

छात्रों ने परीक्षा तनाव और असफलता के डर से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका समाधान सरल और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से किया गया। कार्यशाला में यह भी बताया गया कि लगातार कई घंटों तक पढ़ने के बजाय 50 मिनट अध्ययन के बाद 10 मिनट का विश्राम अधिक प्रभावी होता है। पर्याप्त नींद, कम से कम 7-8 घंटे का विश्राम और संतुलित, पौष्टिक आहार को परीक्षा की तैयारी का अहम हिस्सा बताया गया। अभिभावकों से अपील किया गया कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें, बल्कि उनके प्रयासों को समझें और प्रोत्साहित करें। विशेष रूप से पहली बार बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों में भय स्वाभाविक है, जिसे सही मार्गदर्शन से दूर किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एकता वर्मा, रेवरन डी के, समन्वयक मनीष यादव, सह-समन्वयक अनूप सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# गोरखपुर में अपराधियों का दुस्साहस, युवक की चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या

**●नए पुलिस कप्तान की तैनाती के बीच कानून-व्यवस्था को खुली चुनौती**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जिले में नए पुलिस कप्तान की तैनाती के बीच अपराधियों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। गीडा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां पवनपुर हाईवे के समीप गांव के सिवान में एक युवक की चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या कर शव फेंक दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। कई घंटे की मशक्कत के बाद मृतक की पहचान अभिषेक सिंह पुत्र विजय सिंह, निवासी नौसढ़ के रूप में हुई। शव पर कई स्थानों पर चाकू के गहरे घाव के निशान मिले हैं, जिससे स्पष्ट है कि हत्या बेहद नृशंस तरीके से की गई। घटनास्थल की स्थिति



देखकर पुलिस को आशंका है कि युवक की हत्या कहीं और की गई और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को सिवान में लाकर फेंका गया। सोमवार सुबह खेत की ओर जा रहे ग्रामीणों ने जब सिवान में खून से लथपथ शव देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची गीडा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। थोड़ी ही देर में घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों में भय और आक्रोश साफ नजर आया। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से अहम साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, हत्या के कारणों का फिलहाल स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है, लेकिन आपसी रंजिश, पुरानी दुश्मनी और आपराधिक विवाद समेत सभी संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है। मृतक के परिजनों को सूचना देकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे और उसके आसपास के इलाकों में आपराधिक घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। खासकर नौसढ़ चौकी क्षेत्र में रात्रि गश्त और पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का आरोप है कि नियमित गश्त होती तो इतनी बड़ी वारदात को रोका जा सकता था। नए पुलिस कप्तान के कार्यभार संभालने के तुरंत बाद हुई इस जघन्य हत्या को अपराधियों की खुली चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने दावा किया है कि हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस निर्मम हत्या ने एक बार फिर जिले की कानून-व्यवस्था और पुलिस गश्त की प्रभावशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# गौरा की आस्था, गौरा का विकास गौरा विधानसभा क्षेत्र के टीकर(श्रवण पाकर धाम) संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न

**●धार्मिक, सामाजिक एवं आवागमन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु एवं आम नागरिक आवागमन करते हैं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर गोंण्डा-** गौरा विधानसभा क्षेत्र मे वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जनपद गोंडा में टीकर (श्रवण पाकर धाम) संपर्क मार्ग (ग्रामीण) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम मे सम्मिलित होकर वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर कार्य का शुभारंभ कराया ।यह संपर्क मार्ग लगभग 2.600




किलोमीटर लंबा है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 5 करोड़ है। मार्ग निर्माण कार्य को 6 माह की निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। धार्मिक, सामाजिक एवं आवागमन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु एवं आम नागरिक आवागमन करते हैं। यह संपर्क मार्ग क्षेत्र की लगभग 25 हजार की आबादी को सीधे जोड़ते हुए उनके आवागमन को सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाएगा, जिससे क्षेत्रीय विकास को भी नई गति मिलेगी।यह सड़क न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ी है, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक एवं यातायात विकास की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।हमारी प्राथमिकता है कि विधानसभा क्षेत्र का हर गांव, हर धाम और हर सड़क विकास से जुड़े, इसी संकल्प के साथ निरंतर कार्य किया जा रहा है।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख छपिया अनिल कुमार पासवान , सहायक अभियंता लो0नि0वि0 प्रिंस मल्ल , अवर अभियंता दिनेश मल्ल , मंडल अध्यक्ष रामचंद्र वर्मा , राजन सिंह , जितेन्द्र पाण्डेय केशव राम वर्मा, आनंद प्रताप सिंह, रामसरन पाण्डेय, विष्णु सिंह , मुरलीधर मिश्रा , पप्पू सिंह , विश्वनाथ पाठक, घनश्याम तिवारी , शिवप्रसाद प्रजापति, सुरेन्द्रनाथ मिश्रा , सुभाष पटेल , विनय वर्मा, अनिल जायसवाल , रामसिंह पटेल , राम लौटन यादव , पुष्पेश वर्मा सहित सम्मानित प्रधानगण एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## कम्पोजिट विद्यालय में 16.56 लाख रुपये की लागत से सोलर लाइट, फर्नीचर एवं शौचालय का होगा निर्माण : सीडीओ



**देवरिया।** पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड द्वारा सीएसआर निधि से विकास खंड भटनी के जिगिना दीक्षित कम्पोजिट विद्यालय में सोलर लाइट, फर्नीचर एवं शौचालय निर्माण हेतु 16.56 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। परियोजना के क्रियान्वयन के लिए मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह एवं पावरग्रिड के महाप्रबंधक के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। सीडीओ ने कहा कि विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता से बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिलेगा और उनका समग्र विकास होगा। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक गौतम कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# तहसील न्यायालय में भ्रष्टाचार व अनियमितताओं का आरोप, जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर,देवरिया।** तहसील परिषद रूद्रपुर में स्थित विभिन्न न्यायालयों और कार्यालयों में व्याप्त अनियमितताओं व भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए शनिवार को तहसील समाधान दिवस के अवसर पर तहसील बार एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन एडीएम प्रशासन को सौंपा। अधिवक्ताओं ने प्रकरणों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब, पत्रावलियों में हेरफेर और चयनित मामलों को ही प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। ज्ञापन में कहा गया कि नए मुकदमों के दाखिले में महीनों का समय लगाया जा रहा है, जबकि सेटिंग के आधार पर चुनिंदा पत्रावलियों को शीघ्र दर्ज कर अगली तिथि भी तय कर दी जाती है। कई बंटवारा, सीमांकन, वरासत व नामांतरण के मामले वर्षों से लंबित हैं, बावजूद इसके अब तक कोई ठोस आदेश पारित नहीं हुआ। कुछ मामलों में बहस पूर्ण होने के बाद भी आदेश सुरक्षित रखे जाने और पत्रावलियों के उपलब्ध न कराए जाने का आरोप लगाया



गया। अधिवक्ताओं ने कंप्यूटर खतौनी में जानबूझकर त्रुटियां छोड़ने, न्यायालयी आदेशों का समय से अंकन न करने तथा शुद्धिकरण के नाम पर काश्तकारों के शोषण की बात भी कही। साथ ही एकपक्षीय आदेशों के विरुद्ध प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों को पोर्टल पर दर्ज न कर वर्षों तक लंबित रखने का आरोप लगाया गया। बार एसोसिएशन ने मांग की कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई हो, ताकि आम जनता को समयबद्ध और निष्पक्ष न्याय मिल सके। इस दौरान तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यानंद पांडेय, महामंत्री विनोद कुमार पाठक सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप, गोला थाने में युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ग़ोला – गोरखपुर –** गोला थाना क्षेत्र से नाबालिग लड़की के अपहरण का गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम गौर बेदौली निवासी एक महिला ने बगल के गांव के युवक पर अपनी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर, शादी का झांसा देकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर गोला थाने में युवक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम गौर बेदौली निवासी महिला ने थाना गोला में दी गई लिखित शिकायत में बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को पड़ोसी गांव का एक युवक लंबे समय से बहला-फुसलाता आ रहा था। आरोप है कि युवक ने लड़की को शादी का झांसा देकर विश्वास में लिया और 6 फरवरी की रात करीब ढाई बजे उसे घर से भगा ले गया। घटना के बाद जब परिजनों



को इसकी जानकारी हुई तो परिवार में हड़कंप मच गया।

पीड़िता की मां का कहना है कि बेटी के लापता होने के बाद परिजनों ने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद मजबूर होकर उन्होंने थाने पहुंचकर तहरीर दी। तहरीर में आरोपी युवक का नाम, पता और मोबाइल नंबर भी अंकित किया गया है, ताकि पुलिस को कार्रवाई में सुविधा हो सके। पीड़िता की मां ने आशंका जताई है कि उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाया गया है और उसके साथ कोई अनहोनी भी हो सकती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गोला पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 137(2) एवं 87 के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण इसे प्राथमिकता पर लिया गया है। आरोपी की तलाश के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर भी जांच की जा रही है। गोला थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की बरामदगी पुलिस की पहली प्राथमिकता है। जैसे ही लड़की को सकुशल बरामद किया जाएगा, आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, क्षेत्र में इस घटना के बाद चर्चा का माहौल है और लोग नाबालिगों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठा रहे हैं। पुलिस ने परिजनों को भरोसा दिलाया है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आवश्यक कार्रवाई की।

# खजनी में सस्ते गल्ले की दुकान पर अनियमितताओं का आरोप, ग्रामीणों ने कोटेदार हटाने की उठाई मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खज़नी – गोरखपुर।** तहसील खजनी क्षेत्र के उरुवा बाजार ब्लॉक अंतर्गत ग्रामसभा टिकरी बुजुर्ग में संचालित सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आया है। ग्राम के स्थायी निवासियों और राशन कार्ड धारकों ने कोटेदार एवं उसके सहयोगी पर गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने खजनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्रशासन को लिखित शिकायत सौंपकर अपनी व्यथा रखी। ग्रामीणों के अनुसार ग्रामसभा की सस्ते गल्ले की दुकान कोटेदार रितु देवी पत्नी स्वर्गीय रामवृक्ष के नाम से आवंटित है, लेकिन दुकान का संचालन स्वयं कोटेदार द्वारा न होकर उनके सहयोगी रामपुरानी पुत्र रामअचल द्वारा किया जा रहा है। आरोप है कि राशन वितरण से लेकर



अंगूठा लगवाने तक का पूरा काम यही व्यक्ति करता है और इसी दौरान लगातार अनियमितताएं सामने आ रही हैं।

शिकायत में कहा गया है कि कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा से कम राशन दिया जाता है। प्रत्येक यूनिट से जानबूझकर अनाज घटाया जाता है। जब कोई उपभोक्ता इसका विरोध करता है तो उसे राशन कार्ड निरस्त कराने की धमकी दी जाती है, जिससे अधिकांश ग्रामीण भय के कारण चुप रहने को मजबूर हैं। महिला कार्डधारकों को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। प्रार्थना पत्र में उल्लेख है कि सहयोगी द्वारा महिलाओं को बार-बार अंगूठा लगवाने के बहाने दुकान पर बुलाया जाता है और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के व्यवहार से गांव की महिलाएं असहज और असुरक्षित महसूस कर रही हैं शिकायतकर्ताओं करिश्मा, गन्नेश, आदिवास, स्मा देवी, अनारमली, अभिमन्यु, संगीता, आर्यन, झोनमती देवी, रामनरेश सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही दोषी पाए जाने पर संबंधित कोटेदार व सहयोगी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और ग्रामसभा में नए कोटेदार का चयन कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि सस्ते गल्ले की दुकान गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए जीवन रेखा है, लेकिन अनियमितताओं के चलते उन्हें उनके हक से वंचित किया जा रहा है। अब इस शिकायत के बाद क्षेत्रवासियों की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई।

# खजनी में सम्पूर्ण समाधान दिवस बना लापरवाही का आईना, एडीएम प्रशासन ने दिखाया सख्त रुख

**●तहसील खजनी में संपूर्ण समाधान दिवस मे आधा दर्जन से अधिक अधिकारियों की अनुपस्थित होने पर स्पष्टीकरण के दिये निर्देश एडीएम प्रशासन सहदेव मिश्रा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी-** गोरखपुर खजनी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस उस समय सुर्खियों में आ गया, जब कई महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारी बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए आयोजित इस महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्यक्रम में ऐसी घोर लापरवाही देखकर एडीएम प्रशासन सहदेव मिश्रा ने तत्काल कड़ा कदम उठाया और अनुपस्थित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल अनुपस्थित कर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिये वहीं एसीडीएम राजेश प्रताप सिंह ने भी अधिकारियों की गैर-जिम्मेदाराना कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जताई। शनिवार को खजनी तहसील परिसर में सम्पूर्ण समाधान दिवस



एडीएम प्रशासन सहदेव मिश्रा की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में एसडीएम खजनी राजेश प्रताप सिंह, तहसीलदार ध्रुवेश सिंह, खंड विकास अधिकारी रमेश शुक्ल, खंड शिक्षाधिकारी सावन दुबे सहित मौजूद अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। लेकिन जब फरियादों से जुड़े कई विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं मिले, तो प्रशासनिक अनुशासन पर सवाल खड़े हो गए।

एडीएम प्रशासन सहदेव मिश्रा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस शासन की प्राथमिकता में शामिल है और इसमें किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता दूर-दराज से उम्मीद लेकर आती है और यदि जिम्मेदार अधिकारी ही गायब रहें, तो यह शासन-प्रशासन की छवि को धूमिल करता है। इसी के साथ उन्होंने अनुपस्थित अधिकारियों की सूची तलब कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

एसडीएम राजेश प्रताप सिंह ने भी अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि समाधान दिवस केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता को न्याय दिलाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा समाधान दिवस के दौरान पुलिस बिभाग से सीओ खजनी , थाना खजनी , सिकरिगंज ,सहायक अभियन्ता सिंकरीगंज हाडिल , आपकारी इंस्पेक्टर सहित कई अधिकारी अनुपस्थित पाए गए हैं, उनके विरुद्ध रिपोर्ट भेजी जाएगी और भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई होगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व, विकास, शिक्षा, बिजली, आवास और पेंशन से जुड़ी कई शिकायतें सामने आई। मौजूद अधिकारियों ने फरियादों को गंभीरता से सुना गया ।कुल 40आवेदन पत्र आये जिसमे 5का मौके पर निस्तारण किया गया। जबकि शेष प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निपटाने के आदेश दिए गए। प्रशासन की इस सख्ती से एक ओर जहां जनता में भरोसा बढ़ा है, वहीं लापरवाह अधिकारियों में भी स्पष्ट संदेश गया है कि अब समाधान दिवस को हल्के में लेना भारी पड़ सकता इसी क्रम में तहसील खजनी बार एशोसिएशन के अधिवक्ताओं ने तहसीलदार खजनी के खिलाफ गर्म जोशी से नारा लगाते हुए तहसील दिवस में पहुंचे कर एडीएम प्रशासन को ज्ञापन देकर तहसीलदार के स्थानांतरण की मांग किया जिस पर एडीएम प्रशासन ने उनके ज्ञापन को पढ़कर जल्द ही निस्तारण करने का आश्वासन दिये।

## संक्षिप्त खबरें

### बालाजी मंदिर पर हुआ खिचड़ी भोज का आयोजन पहुंचे ब्लॉक प्रमुख



**बरेली**/शारदा सागर खंड नहर पर स्थित बालाजी मंदिर पर सामूहिक खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया इस आयोजन के तहत भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार मुख्य अतिथि बताओ सम्मिलित हुए और उन्होंने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। यह कार्यक्रम लंबे समय तक चलता रहा इसका आयोजन केला डाडी के गोधनलाल कपिल कुमार ठाकुर सतपाल सिंह एवं मंदिर के महंत राजेश कुमार सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे इस कार्यक्रम का आयोजन इस मार्ग से निकलने वाले सभी राहगीरों को भी खिचड़ी सहभोज का प्रसाद ग्रहण कराया गया।

### उत्तम कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री ने जिला सहकारी बैंक के जीएम कोकिया सम्मानित



**बरेली**/मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली जिला सहकारी बैंक के जीएम देवेंद्र कुमार को उनके उत्तम कार्य के लिए उनको सम्मानित किया गया है यह कार्य मुख्यमंत्री ने देवेंद्र कुमार के द्वारा जिला सहकारी बैंक के सराहनीय कार्य करने उनकी मेहनत के परिणाम स्वरूप जिला सहकारी बैंक को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसके लिए उनको अवार्ड देकर लखनऊ के लोक भवन में सम्मानित किया गया जिसके तहत बरेली की समितियां का कंप्यूटरी कारण किए जाने पर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली जनपद के जिला सहकारी बैंक के महाप्रबंधक देवेंद्र कुमार को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया इस कार्य के लिए लोगों ने उनको बधाई दी और जिले का नाम प्रदेश स्थान पर रोशन हुआ इसके लिए गणमान्य लोगों ने भी बधाई दी।

### लखनऊ में कांवड़ियों की सेवा के लिए लगे भंडारे, स्थापित हुआ 50 फीट ऊंचा शिवलिंग



**लखनऊः** /B15 फरवरी को होने वाली वाली महाशिवरात्रि को लेकर मंदिरों में तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। राजेंद्र नगर के महाकाल मंदिर में उज्जैन से आई भस्म से भोर में आरती होगी तो पूर्व संध्या पर महिलाओं ने भजनों के बीच हल्दी रस्म के तहत महाकाल को हल्दी लगाई जाएगी। मंदिर के व्यवस्थापक अतुल मिश्रा ने बताया कि भस्म आरती के साथ ही दर्शन के लिए मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे।

मनकामेश्वर मंदिर में भोर में आरती के साथ मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे। मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्या गिरि ने बताया कि महिलाओं और पुरुषों की अलग-अलग लाइन लगेगी। बेरीकेडिंग के साथ ही क्लोज सर्किट कैमरे से निगरानी की जाएगी। बुद्धेश्वर मंदिर और बड़ा शिवाला में शिवार्चन के साथ श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। सदर के द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर, सिद्धानाथ मंदिर, कोनेश्वर मंदिर,झगड़ेश्वर महादेव मंदिर कोतवालेश्वर मंदिर, सहसोबीर मंदिर, इंद्रेश्वर महादेव मंदिर के अलावा शहर के सभी छोटे-बड़े शिवालयों में पूजन होगा। लालबाग के हरि ओम मंदिर में पूजन के साथ ही भजन होंगे। ठाकुरगंज के कल्याण गिरि मंदिर से शहर की सबसे बड़ी शिव बारात निकलेगी। संयोजक अनुराग पांडेय ने बताया कि दोपहर दो बजे के बाद शिव परिवार के साथ बरात निकलेगी। नरही के नागेश्वर ओम मंदिर व बुद्धेश्वर मंदिर के पास बरात निलेगी। वहीं कांवड़ियों की सेवा के लिए जगह-जगह भंडारे लगाए जा रहे हैं। अयोध्या रोड पर नीलगिरि कांप्लेक्स के पास श्री गौरी शंकर समिति की ओर से शिविर की शुरुआत हुई। संयोजक अशोक शर्मा ने ताया कि 50 फीट ऊंचा शिवलिंग स्थापित किया गया है। महादेवा जाने वाले कांवड़ियों के आराम की सुविधा दी गई है। समिति के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन दो निर्धन कन्याओं का विवाह होगा। वहीं जानकीपुरम के ब्रह्माकुमारीज शाखा की ओर से रविवार से ज्योतिर्लिंग मेले की शुरुआत होगी। 60 फिट रोड पर मेला 16 फरवरी तक चलेगा।

# गौवंशीय पशुओं के नाम पर खुली लूट!

**● जिम्मेदारों की साठगांठ से गौसेवक परेशान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी** जनपद के निघासन ब्लॉक क्षेत्र से एक बेहद गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ पालतू गौवंशीय पशुओं के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता राशि में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। सूत्रों के अनुसार, विभागीय डॉक्टर और उनके सहयोगी गांव-गांव जाकर मिलने वाली सरकारी राशि में अपना हिस्सा तय कर रहे हैं। कई गांवों में यह खेल धड़ल्ले से चल रहा है। आरोप है कि गौसेवकों से आधा पैसा न देने पर धमकी दी जाती है।

**सत्यापन बना वसूली का जरिया**– गौवंशीय पशुओं के सत्यापन के नाम पर मोटी रकम वसूले जाने के आरोप हैं। यही नहीं, फीडिंग का कार्य एक प्राइवेट व्यक्ति को सौंप दिया गया है, जो आए दिन गौसेवकों को फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी देता है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि सरकारी आईडी और पासवर्ड एक प्राइवेट व्यक्ति के पास आखिर पहुंचे कैसे?

क्या बिना विभागीय संरक्षण के यह संभव है?

**जबरन टैगिंग और धमकी का आरोप---**

हाल ही में आरोप है कि डॉक्टर व सहयोगियों ने एक गौसेवक से भारी रकम मांगी, और रकम न मिलने पर जबरन टैग उतार दिए गए। बताया जा रहा है कि इस पूरे मामले से जुड़े साक्ष्य सुरक्षित हैं।सूत्र यह भी दावा कर रहे हैं कि फर्जी सत्यापन कर सरकारी धन की लूट की जा रही है, जिसमें विभाग के कुछ पशु मित्रों की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है।

**बड़ा सवाल**– जब साक्ष्य मौजूद हैं, तो अब तक जिम्मेदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं?क्या गौसेवकों की आवाज़ दबाई जा रही है?अब देखना यह है कि

**प्रशासन कब जागेगा?** और कब होगी उन जिम्मेदारों पर बड़ी कार्रवाई जो गौसेवकों से अवैध वसूली कर रहे हैं? यह मामला पूरे जिले में चर्चा का विषय बनता जा रहा है।

### फोन पर बात करने के बाद युवक ने फंदे से लटककर दी जान, दोस्तों के साथ किराए के कमरे में रहथा था संजीव

**लखनऊ।** इंदिरा नगर की भरत विहार कालोनी में शुक्रवार शाम कानपुर देहात के अकबरपुर निवासी 21 वर्षीय संजीव सिंह ने फंदे से लटककर जान दे दी। वह दोस्तों के साथ किराये पर रहता था और देवा रोड की टेल्को कंपनी में अप्रेंटिस कर रहा था। दोस्तों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है। युवक के गले में नेकबैंड लटका हुआ था।मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इंदिरा नगर इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह ने बताया कि संजीव अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ किराये पर कमरा लेकर रहता था। शुक्रवार को अन्य दोस्त खाने के लिए बाहर गए थे, लेकिन संजीव कमरे पर ही था। दोस्त लौटे तो संजीव का शव गमछा और मफलर से बने फंदे से पंखे में लटका हुआ था। दोस्तों ने सूचना मकान मालिक को दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है। पुलिस ने मृतक का मोबाइल कब्जे में लिया है। पुलिस के मुताबिक, आत्महत्या से पहले युवक की फोन पर किसी से बातचीत हुई थी। हालांकि, परिवार ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाए हैं। पुलिस प्रेम प्रसंग, अवसाद समेत अन्य बिंदुओं पर छानबीन कर रही है। मृतक के पिता कानपुर नगर में सिपाही के पद पर हैं।

## तहसील दिवस में 1:00 बजे पहुंचे डीएम सुनी शिकायतें निस्तारण का दिया निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली**/नवाबगंज तहसील दिवस में छाई रही उदासीनता 12:30 बजे पहुंचे एडीएम फरियादियों की जुटी भीड़ 1:00 जिलाधिकारी अविनाश सिंह तहसील दिवस में पहुंचे तो वहां पर फरियादियों का ताता लग गया तहसील दिवस में आए फरियादियों को जिला अधिकारी ने विधिवत सुना संबंधित को निस्तारण का निर्देश दिया गया। यहां पर 271 शिकायतें पंजीकृत की गई इनमें से सात का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया शेष264 शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया यहां पर सबसे अधिक शिकायतें राजस्व से संबंधित थी 1 घंटे के दौरान जिला अधिकारी ने शिकायतों को सुनकर विभागों को शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया।

एस आई आर की व्यस्तता के कारण सभी अधिकारी पहुंचे परंतु समय से पूर्व ही अधिकांश अधिकारी चले गए परंतु जो जिलाधिकारी के आने तक रुके रहे उनको पूरा समय देना पड़ा यहां पर उपस्थित एसडीम उदित पवार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विश्राम सिंह दोनों विकास खंडों के खंड विकास अधिकारी रमाशंकर सिंह पटेल महेश चंद्र कुशवाहा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद मुगीश एवं अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत बस्तौली और जहांपुर में भारी भ्रष्टाचार के आरोप

**● यदि जिला स्तरीय जांच टीम द्वारा की गई जांच तो होगा बड़े भ्रस्टाचार का खुलासा, और जे.ई, टी .ए. पंचायत सचिव समेत अन्य कई जिम्मेदार होंगे बेनकाब**

**श्री राम के घर से पवन के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य शुरू कराया ही नहीं गया और फर्जी तरीके से निकल गया मजदूरी का पैसा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी** जनपद के विकासखंड बिजुआ में विकास कार्य के नाम पर भारी भ्रष्टाचार होने का मामला जन चर्चा का विषय बना है जिसकी बानगी ग्राम पंचायत जहानपुर और बस्तौली में देखी जा सकती हैं।जहां महज काग़ज़ों पर अधूरे काम को पूरा दिखा सरकारी धन का बंदर बाट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।सूत्र बताते हैं कि उक्त दोनों ग्राम पंचायतों में कहीं काग़ज़ों पर काम दिखा तो कहीं आधे अधूरे कामों को पूरा दिखाकर सरकारी धन की जमकर लूट की गई है द्य ग्रामीणों का आरोप है कि इस भ्रस्टाचार के खेत.मे प्रधान, पंचायत सचिव रोजगार सेवक,सहित जे. ई..टी. ए और ए.पी . ओ तक के शामिल होने के आरोप लगाये जा रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत जहांपुर में राजाराम के घर से मनोरथ के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य की वर्क आईडी आरसी 064 9915 में बॉक्सिंग बोल नहीं बनाई गई पश्चिम साइड में पहले से पक्का बाल बना हुआ है और पूरब साइड में बॉक्सिंग नहीं बनाई गई है उक्त पर बी बिल के सापेक्ष कार्य नहीं कराया गया दूसरा मामला रामकुमार के घर से वेद प्रकाश के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य जिसकी वर्क आईडी आरसी 06499 18 है की लंबाई 5 मीटर और चौड़ाई 3.5 मी स्थल में कम पाई गई है 15 * 3.5 बराबर 17.5 मीटर बल एवं बी के अनुरूप कार्य नहीं कराया गया तीसरा नंबर पीडब्ल्यूडी की रोड से कुलदीप के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण क आईडी 6499 26 की लंबाई सत्यापन मापन के दौरान 3.5 * 3 मीटर = 10.5 मीटर कम पाई गई। यहां पर भी बी वे बिल के अनुरूप कार्य नहीं कराया गया कल्याण के चारों तरफ खाई खुदाई कार्य में भी म से 40 मी कार्य काम कराया गया और भुगतान पूरे का निकाल लिया गया यह खुलासा मौके पर की गई मैप से होने की बात सामने आई है एमपी में कुल लंबाई 362 मीटर है और मौके पर मात्र 322 मी ही कार्य कराया गया है सुरेंद्र के घर से कुंडा के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य की वर्क आईडी आरसी पब्लिक 64 9929 में एक तरफ पहले से बनी नाली का निर्माण कार्य देखा गया है तथा दूसरी तरफ एक रद्द लगाकर इंटरलॉकिंग की बॉक्सिंग बनाई गई है जो मानक विपरीत है अधूरी बॉक्सिंग बिल अनुसार कार्य नहीं कराया गया है वही श्री राम के घर से पवन के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य आईडी आरसी 6499 23 पर काम शुरू ही नहीं कराया गया और फर्जी तरीके से निकाल लिया गया मजदूरों का भुगतान चर्चा का विषय बना है बताया जाता है कि इस खेल में प्रधान से लेकर खंड विकास अधिकारी बिजुआ तक के शामिल होने की चर्चाएं थमने का नाम नहीं ले रही। फर्जी तरीके से निकल गया मजदूरों की मजदूरी का भुगतान जहां चर्चा का विषय बना हुआ है बताया जाता है कि यही हाल ग्राम पंचायत बस्तौली में भी प्रकाश में आया है कि ग्राम पंचायत बस्तौली में भी ठेकेदारी पर काम कराए जाने के आरोप लगाया जा रहे हैं ठेके द्वारा मनवाने तरीके से मानकों के अनदेखी करते हुए आधा अधूरा काम करवा कर कागजों पर कार्य पूर्ण दिखाकर लाखों का घोटाला किया गया है दोनों ग्राम पंचायत में प्रधान सचिव और के सहित रोजगार सेवक तथा ता की मिली भगत से काफी बड़ा घोटाला किया जाने का बताते हुए मामले की शासन प्रशासन से शिकायत किए जाने की बात सामने आई है सूत्र बताते हैं उक्त मामले की जांच के लिए जांच टीम गठन की भनक लगते ही प्रधानों ने काम पूरा कराने में एड़ी चोटी का जोर लगा हैं । यदि इस मामले की कर ली जाए निष्पक्ष जांच जिसमें माप पुस्तिका, कार्य पूर्ति रजिस्टर, मास्टर रोल ,आदि की गहनता से कर ली जाए जांच तो एक बहुत बड़ा भ्रष्टाचार खुल कर आएगा सामने ।

खंड विकास अधिकारी बीजूआ से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि आप अपनी जानकारी दुरुस्त कर लीजिए कहीं कोई भुगतान नहीं निकाला गया है द्य कहीं कोई काम आधा अधूरा नहीं जबकि हकीकत के धरातल पर कई जगह माप में कार्य अपूर्ण एवं भुगतान से कम लंबाई में कार्य कराए गए हैं।

## खनन माफियाओं के हौसले बुलंद, नहीं रुक रहा क्षेत्र में खनन

**● क्षेत्र में खनन माफियाओं के लिए वरदान साबित हो रहा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिंगाही खीरी।** डीएम का खनन पर रोक लगाने के बाद भी तहसील निघासन के निघासन, सिंगाही, बेलरायां, तिकुनिया में अवैध मिट्टी एवं सफेद रेती बालू का खनन का काला कारोबार खुले आम किया जा रहा है। बालू एवं मिटटी खनन का धंधा क्षेत्रीय पुलिस एवं राजस्व विभाग के लिए अवैध कमाई करने का जरिया बना हुआ है। विभागीय अधिकारियों को सूचना मिलते ही खनन माफियाओं के पास संदेश पहुंचा दिया जाता है जिससे वह चौंकने होकर थोड़ी देर के लिए अपने काम को अंजाम रोक कर स्थान बदल कर छुप जाते हैं।खनन माफियाओं व प्रशासनिक अफसरों की आंख मिचोली का खेल बनता जा रहा है। सिंगाही थाना क्षेत्र में खनन अधिकारी पर जान लेवा हमला का मुकदमा भी दर्द हुआ था फिर भी खनन माफियाओं के हौसले को खत्म नहीं कर पाया। बताते चलें की एक माह पहले अवैध खनन रोकने के लिए। जिला खनन इंस्पेक्टर आशीष सिंह पर खनन माफियाओं पर कार्रवाई करने के लिए मोतीपुर भौंका घाट पर पहुंचे कुछ बालू से लदी ट्रालियों को पकड़ था इसकी भनक खनन माफियाओं को लग गई। माफियाओं ने ट्रॉली को छुड़ाने के लिए उन पर जान लेवा हमला कर उनके साथ मारपीट की और उनकी कनपटी पर तमंचा लगाकर जान से मारने की कोशिश की जिसका मुकदमा सिंगाही थाने मे दर्ज किया गया। लेकिन पुलिस की मेहरबानी से खनन माफिया पकड़े नहीं गए और वह हाईकोर्ट से स्टे लाकर गिरफ्तार होने से बच गये।

उसके बाद सिंगाही के खैरीगढ रोड़ पर चौराहा नाला मांझा घाट पर जिला प्रशासन के द्वारा खनन का पट्टा बनाया गया। जिसको निरस्त करने के लिए क्षेत्रीय किसानों ने अपनी जमीन नदी मैं कट जाने का हवाला देकर एक हफ्ता तक तम्बू कनात लगाकर आंदोलन किया। उसके बाद जिलाधिकारी के आदेश पर नदी में बना होम पाइपों का पुल हटा दिया गया। बालू खनन करने का रास्ता साफ होते ही अवैध खनन करने वालों बालू माफिया फिर से सक्रिय हो गये। और धरती की कोख को खोद कर धरती को बाँझ बनाने की कावायद शुरू कर दी है। मिट्टी और बालू खनन करने वालों के लिए फिर से वरदान बन गया है क्षेत्रीय प्रशासन भी गोरख धंधे से दिन दूनी रात चौगुनी कमाई कर रहा है। निघासन तहसील में हरी पुरवा खनन माफियाओं का गढ़ बना है।यहां पर खनन माफियाओं के ट्रैक्टर-ट्रॉली फर्राटा भरकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं सिंगाही भौंका, मोतीपुर में सरजू नदी के घाटों से रात के अंधेरे में जेसीबी मशीन से खनन किया जाता है तिकुनिया कोतवाली के बघैया में बालू डम्प की गयी है।

## शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूर्व आई आरएस संजय पन्त ने सरकारी स्कूल को दान की बेंचे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही संवाददाता।** कस्बे के पूर्व आईआरएस अधिकारी ने बच्चों की शिक्षा को बढावा देने के लिए कस्बे के एक सरकारी स्कूल में करीब एक लाख की लागत से बनी बेंच दान की हैं।शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान इन्हे बच्चों को सौंपा गया।

कस्बे के मोहल्ला छावनी निवासी पूर्व आईआरएस अधिकारी संजय पंत प्रिंसिपल कमिश्नर पद से रिटायर होकर बेंगलूरू में रहते हैं। इस समय सर ड्रेजिंग इण्डिया कार्पोरेशन में सरकार की ओर से स्वतंत्र निदाशक हैं। कस्बे से दूर रहने बाद भी उनका लगाव अपनी पैतृक जन्म भूमि से बना हुआ है। नवम्बर माह में दशहरा मेले में वह अपने घर आये थे,तो अपने मोहल्ले के भ्रमण के दौरान उन्होने पुरैना ताल के किनारे स्थित बने प्राइमरी स्कूल में जब बच्चों को जमीन पर बिछी टाटपट्टी पर पढाई करते देखा तो उन्होने स्कूल के प्रधानाध्यापक से बच्चों



के लिए बेंच उपलब्ध कराने को कहा, इसके बाद करीब एक लाख की लागत से बनी बीस बेंच बनवाकर कर दान कर की। इसको लेकर शनिवार को स्कूल परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ,जिसमें बेंच बच्चों की प्रदान की गई। इस दौरान चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम, प्रभारी निरीक्षक मनीष सिंह, पूर्व प्रधान श्रीराम सिंह,अनूप भंडारी , दीप शाह, अतुल भंडारी, आशीष भंडारी, दीप कुमार सक्सेना, नरेंद्र कुमार गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाअध्यापक ज्ञानेंद्र तिवारी , रवी शुक्ला, सहित तमाम गणमान्य लोग इस दौरान मौजूद रहे।

### ठंड से बचने को जलाया अलाव, चिंगारी से लगी बिस्तर में आग, फिरोजाबाद में जिंदा जला वृद्ध

**फिरोजाबाद।** अलाव की चिंगारी से बिस्तर में आग लगने से वृद्ध की जिंदा जलकर मृत्यु हो गई। वह सांस के मरीज होने के साथ कमजोरी के कारण उठने-बैठने में असमर्थ थे। शनिवार सुबह सात बजे लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। आगरा में फतेहाबाद के गावं रूपपुर निवासी 60 रामदास एक वर्ष से स्वर्गाश्रम में रहते थे। उन्होंने राधाकृष्ण मंदिर के के पास में कुटिया बना ली थी। वह पांच दिनों से बीमार थे। कमजोरी के कारण उठ-बैठ भी नहीं पा रहे थे। शुक्रवार रात उन्होंने ठंड की वजह से बिस्तर के पास में ही अलाव जलाया था। आशंका है कि रात में अलाव से उठी चिंगारी किसी तरह बिस्तर तक पहुंच गई। जिससे आग लग गई और उनकी जलकर मृत्यु हो गई। सांस का मरीज होने के कारण वह बचाव के लिए गुहार भी नहीं लगा सके। शनिवार सुबह मंदिर पहुंचे लोगों ने कुटी में जला हुआ शव देखा तो पुलिस को सूचना दी थी। इधर कुछ क्षेत्र में आग साजिश के तहत लगाए जाने की चर्चा भी रही। लोगों का कहना था कि पुलिस को इस एंगल से भी जांच करनी चाहिए। थानाध्यक्ष रमित आर्या ने बताया कि कुटी में वृद्ध के कपड़ा और अन्य सामान भी जल गए थे।

## जिला अधिकारी ने किया तहसील मितौली का औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पलिया कलां (खीरी)** लखीमपुर खीरी, 07 फरवरी। शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसपी डॉ. ख्याति गर्ग के साथ तहसील मितौली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील के विभिन्न अनुभागों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। डीएम ने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न्यायालय की अलमारियां खुलवाकर अभिलेखों की स्थिति देखी और दस्तावेजों के सुव्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश दिए। इसके अलावा रिकॉर्ड रूम, भूलेख एवं संग्रह अनुभाग, अभिलेखागार, राजस्व निरीक्षक कार्यालय तथा नजारत अनुभाग की व्यवस्थाओं को परखा। अभिलेखागार में उन्होंने कॉम्पैक्टर खुलवाकर पुराने अभिलेखों का परीक्षण किया। ग्राम किशनपुर की पूर्व षष्ठवार्षिक खतौनी तथा 1359 फसली खसरे का अवलोकन कर अभिलेखों के संरक्षण एवं सुव्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश दिए।

तहसील परिसर के भ्रमण के दौरान डीएम ने आमजन के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की भी जांच की। वेटिंग बेंच, वाटर कूलर, साफ-सफाई तथा बैठने की व्यवस्था का निरीक्षण किया। पुरुष एवं महिला संसाधन कक्षों की क्रियाशीलता भी देखी गई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं जनसुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मधुसूदन गुप्ता, प्रभारी तहसीदार दिनेश कुमार मौजूद रहे।

**धौरहरा तहसील में एडीएम का औचक निरीक्षण, अभिलेख रख-रखाव पर नाराजगी**

एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने भी शनिवार को तहसील धौरहरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों का रख-रखाव संतोषजनक नहीं पाया गया। कई अभिलेखों पर धूल जमी मिली, जिस पर एडीएम ने नाराजगी जताते हुए सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण में आरके राजीव का कार्य भी अपेक्षित स्तर का नहीं पाया गया। उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीएम कार्यालय के पेशकार के नए होने पर उन्हें प्रशिक्षण दिलाए जाने की बात कही गई। साथ ही पेशकार तहसीलदार को भी कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए। एडीएम ने तहसील भवन की रंगाई-पुताई, विद्युत व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता जताई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक




कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**एडीएम न्यायिक ने तहसील पलिया का निरीक्षण**

आज एडीएम न्यायिक अनिल कुमार रस्तोगी ने तहसील पलिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संग्रह अनुभाग, रजिस्ट्रार अनुभाग, नजारत, राजस्व लिपिक पटल, उप जिला अधिकारी न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय और नायब तहसीलदार न्यायालय का अवलोकन किया। अभिलेखों की समीक्षा करते हुए एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को ज़रूरी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार, तहसीलदार ज्योति वर्मा, नायब तहसीलदार गण और अन्य स्टाफ भी मौजूद रहे।

## बाबा तुरंतनाथ धाम तेंन्धुआ मंदिर पर धनुष यज्ञ मेला मे पंचम दिवस के अवसर पर धनुष यज्ञ के साथ मेले का समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला तहसील क्षेत्र के गाँव कपरहा के मजरा तेन्धुआ मन्दिर पर पौराणिक धनुष यज्ञ मेले आयोजन किया जा रहा है जिसमे दिनांक सात अक्टूबर को समापन के अवसर पर कलाकारो के द्वारा धनुष भंग की लीला का मंचन किया गया।

सीता स्वयंवर के लिये राजा जनक ने यह शर्त रखी कि जो इस भगवान भोले नाथ के धनुष भंग करेगा उसके साथ सीता का विवाह होगा। इस स्वयंवर को सुनकर देश विदेश के राजा जनकपुर को प्रस्थान करने लगे, अपने गुरू विश्वामित्र के रात राम लक्ष्मण भी सीता स्वयंवर मे पधारे,जव स्वयंवर का आयोजन किया गया उस समय दर्जनो राजाओं ने उस धनुष को उठाना चाहा लेकिन कोई उस धनुष को नही उठा सका, अन्त मे विश्वामित्र के आदेश लेकर उस धनुष को भगवान राम भंग दिया और सीता का राम के साथ विवाह हो गया। इस लीला को देखकर दर्शक भावविभोर हो गये। इस अवसर पर आयोजक उमा शकर मिश्र, ललुआ सेठ, मेला कमेटी के अध्यक्ष कमलेश शुक्ला व कोषाध्यक्ष राजू



वर्मा,राधेश्याम वर्मा,गौरव शुक्ला,लालता प्रसाद पुजारी, आशाराम शुक्ला,तिलक राम,मुनेश दिक्षित, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## कस्बा खीरी में जल्द खुलेंगे आंगनबाड़ी केंद्र-आमिर

**● खीरी विकास समिति का संघर्ष लाया रंग**

**स्थानीय प्रशासन से लेकर शासन तक दिया गया था ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खीरी टाउन खीरी।** आंगनबाड़ी केदो की स्थापना के लिए संघर्ष कर रही खीरी विकास समिति का संघर्ष रंग लाएगा और जल्द ही कस्बा खीरी में आंगनबाड़ी केंद्र खुलेंगे, यह बात खीरी विकास समिति के अध्यक्ष आमिर रज़ा पम्मी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं। आमिर रज़ा पम्मी ने कहा यह कस्बा खीरी की बदनसीबी है कि 70 हजार की आबादी वाले कस्बा खीरी में एक भी आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है, जबकि यहां पर इस जिले में सबसे ज्यादा अंतोदय और बीपीएल कार्ड धारक है। उन्होंने कहा कि खीरी में आंगनबाड़ी की स्थापना को लेकर विगत 8-10 वर्षों से वह संघर्ष कर रहे हैं इसको लेकर हस्ताक्षर अभियान, ज्ञापन और विभागीय मंत्रालय तक लिखा पड़ी उनके द्वारा की जा चुकी थी। इस मामले में शासन द्वारा जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों से डिमांड मांगी है। डिमांड मिलने के बाद आंगनबाड़ी केंद्र खुलने का रास्ता आसान हो जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि विगत दिनों नगर पंचायत खीरी द्वारा जो प्रशासन से डिमांड मांगी गई थी, उसमें मात्र 16 आंगनबाड़ी केंद्र मांगे गए थे, जबकि विभागीय मानक के अनुसार 800 की जनसंख्या पर एक आंगनबाड़ी केंद्र का प्रावधान है। ऐसे में लगभग 70 हजार की कस्बा खीरी की आबादी में कम से कम 80 से 90 आंगनबाड़ी का स्थापित किए जाने चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन के साथ-साथ नगर पंचायत से भी मांग की है कि मानक के अनुसार शासन में रिपोर्ट भेज कर डिमांड की



जाए ताकि कस्बा खीरी के सभी लोगों को इसका लाभ मिल सके।

उन्होंने चेताया कि यदि नगर पंचायत प्रशासन और जिला प्रशासन इस मामले में पक्षपात करता है तो वह इसको लेकर नगर पंचायत खीरी से लेकर जिला मुख्यालय तक आंदोलन प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान खीरी विकास समिति के अन्य साथियों में डॉ नज़र अंसारी, डॉ एहराज अरमान, अनस अंसारी सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्थानीय निधि लेखा परीक्षा निदेशक ने किया जिला लेखा परीक्षा अधिकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण



**भदोही।** स्थानीय निधि लेखा परीक्षा निदेशक अनिल कुमार सोनी ने शनिवार को जनपद भदोही स्थित जिला लेखा परीक्षा अधिकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में संचालित समस्त कार्य अप-टू-डेट एवं संतोषजनक पाए गए। निरीक्षण के समय निदेशक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गत वित्तीय वर्ष से संबंधित प्रकरणों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, जिससे लेखा परीक्षा से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लंबित स्थिति न बने। उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त करते हुए अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, समय पर कार्य निष्पादन तथा विभागीय दायित्वों के प्रति गंभीरता बनाए रखने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर जिला लेखा परीक्षा अधिकारी अनिल कुमार, प्रथम वरिष्ठ लेखा परीक्षक पंकज कुमार सिंह, वरिष्ठ लेखा परीक्षक डॉ. हेमलता, कनिष्ठ सहायक हर्षित कुमार एवं शिवम उपस्थित रहे।

### आर्यन ग्रीन्स मैरिज लॉन का चेयरमैन विनय चौरसिया द्वारा किया गया भव्य उद्घाटन



**भदोही**/सुरियावा दिनांक 7 फरवरी 2026 शनिवार को नगर पंचायत सुरियावा स्थित बरेतर वार्ड नंबर न,9 मे स्थित आर्यन ग्रीन्स मैरिज लॉन का चेयरमैन सुरियावा विनय चौरसिया द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैरिज लान होने से नगर वासियों व क्षेत्र वासियों को इसकी सुविधा का लाभ मिलेगा बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए लोगों द्वारा मैरिज लान की उपयोगिता को अक्सर विशेष महत्व दिया जा रहा है इसलिए आज के युग में मैरिज लान विशेष रूप से सफल चल रहे हैं कि मौके पर पंजाबी मोदनवाल डीएम जायसवाल विक्की सिंह बघेल गोपाल बब्बू भोजवाल रोहित चौरसिया मोहम्मद इसराइल विजय मोदनवाल मोहर्रम अली शाहिद काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा कराने के पश्चात किया गया पौध रोपण



**मीरजापुर।** 07 फरवरी 2026 को 3875वें दिन लगातार पौध रोपण के क्रम में खेल क्रान्ति एवं पर्यावरण शुद्धिकरण फाउंडेशन, ट्रस्ट द्वारा संचालित पर्यावरण शुद्धिकरण अभियान के संस्थापक, सचिव, अनिल कुमार सिंह, ग्रीन गुरु जी, प्रधानाचार्य, शान्ति निकेतन इण्टर, कॉलेज, पचोखरा, मीरजापुर, नमामि गंगे, जिला गंगा संरक्षण समिति, ब्रांड अम्बेस्डर तथा ध्वजारोहक स्वच्छता, नगरपालिका परिषद, मीरजापुर, जनपदीय समिति सदस्य, एक पेड़ मां के नाम 2.0' बृक्षा रोपण अभियान मीरजापुर द्वारा 01जुलाई 2015 से लगातार प्रति दिन किये जा रहे पौध रोपण के 3875 वें दिन के क्रम में पी .एम .श्री नवोदय विद्यालय पटेहरा में कक्षा नौ में प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने व सील,पैक कराने के पश्चात शान्ति निकेतन इण्टर कॉलेज के परिसर में दो हाइब्रिड टी. गुलाब के पौध का रोपण जवाहर नवोदय पटेहरा से आये राधे मोहन श्रीवास्तव व अरुण भट्ट जिनको शान्ति निकेतन ई .का .पचोखरा व कमलेश कुमार व शालिनी कुशवाहा जिनकी ड्यूटी किसान ई .का. राजगढ़ की परीक्षा कराने की जिम्मेदारी मिली थी। सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के बाद उन लोगो के साथ केद्राध्यक्ष व विद्यालय के प्रधानाचार्य, अनिल कुमार सिंह,ग्रीन गुरु जी ने किया गुलाब के पौध का रोपण। इस अवसर पर ग्रीन गुरु जी ने नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य,राम सिंह जी को खेल क्रान्ति अभियान व पर्यावरण शुद्धि कारण अभियान का कप सप्रेम भेंट किया। साथ ही बतलाया कि लगातार प्रति दिन पौध रोपण का उद्देश्य, हरा, भरा रहे धरा, लोगो मे पौध रोपण व संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना है।

# तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस, 15 मामलों का त्वरित निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** शासन के मंशानुरूप जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से जनपद भदोही की सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। विभिन्न तहसीलों में जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, पुलिस एवं विभागीय अधिकारियों ने उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और निस्तारण की प्रक्रिया प्रारंभ कराई। तहसील भदोही में जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 98 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा स्थलीय मुआयना कर 15 मामलों का उसी दिन त्वरित निस्तारण कराया गया, जबकि शेष प्रकरणों के समाधान हेतु सात दिवस की समय-सीमा निर्धारित की गई।

जिलाधिकारी ने अंतरविभागीय समन्वय को और सशक्त बनाते हुए प्रत्येक राजस्व एवं पुलिस टीम में एक-एक जनपदीय अधिकारी को टीम लीडर के रूप में नामित किया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी प्रकरणों का मौके पर जाकर वस्तुस्थिति का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर केवल कागजी खानापूर्ति न की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और समयबद्धता अनिवार्य है। शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित कर, स्पष्ट आख्या प्रस्तुत करते हुए समाधान कराया जाए, अन्यथा लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी शिविर भी लगाए गए, जिनमें बाल विकास एवं पुष्टाहार, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, परिवार नियोजन, समाज कल्याण विभाग की वृद्धावस्था पेंशन योजना, महिला कल्याण विभाग की मिशन शक्ति योजना, राजस्व हेल्प डेस्क सहित अन्य सेवाएं प्रदान की गईं।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस शासन की सुशासन की प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य जनता को तहसील स्तर पर ही न्याय एवं समाधान उपलब्ध कराना है। उन्होंने निर्देश दिया कि पुलिस व राजस्व अधिकारी आपसी समन्वय से भूमि विवाद एवं अन्य संयुक्त मामलों का त्वरित एवं न्यायोचित निस्तारण सुनिश्चित करें।

## गंगा के दोनों तटों पर 30 किमी क्षेत्र कछुआ वन्यजीव विहार घोषित

### अवैध बालू खनन पर सख्त चेतावनी

**भदोही।** जनपद भदोही में गंगा नदी के दोनों तटों पर आबद्ध 30 किलोमीटर क्षेत्र को कछुआ वन्यजीव विहार घोषित किया गया है। इसके साथ ही उक्त क्षेत्र की 10 किलोमीटर परिधि को इको-सेंसिटिव जोन निर्धारित किया गया है। इस कारण जनपद में गंगा नदी से साधारण बालू खनन के लिए किसी भी प्रकार का पट्टा अथवा परमिट संचालित नहीं है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर वीरेंद्र मौर्य ने दी। उन्होंने बताया कि इसके बावजूद गंगा नदी से अवैध बालू खनन की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं, जो मुख्य रूप से इब्राहिमपुर, पुरवा, बेरासपुर, बिहरोजपुर, सेमराध, दानीपट्टी, रामपुर, गुलौरी, जंहगीराबाद सहित गंगा तटवर्ती गांवों से सामने आ रही हैं। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर निरंतर कार्रवाई करते हुए नियमानुसार जुर्माना अधिरोपित किया जा रहा है, लेकिन कुछ मामलों में ट्रैक्टर चालकों पर इसका अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जनपद में किसी भी दशा में गंगा नदी से अवैध बालू खनन या परिवहन करते हुए कोई वाहन पकड़ा जाता है, तो संबंधित वाहन पर प्रति वाहन 2 लाख से 4 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही खनन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध कारोबार का भंडाफोड़, एक आरोपी गिरफ्तार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद भदोही में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना औराई पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध बिक्री एवं फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से कारोबार में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में की गई। गिरफ्तार आरोपी शैलेन्द्र तिवारी (44 वर्ष) पुत्र अमरनाथ तिवारी, निवासी भिखारीदास लेन, थाना चौक, जनपद वाराणसी को माधोसिंह रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारा औषधि विक्रय अनुज्ञप्ति का दुरुपयोग करते हुए कोडीन युक्त कफ सिरप को बिना चिकित्सकीय परामर्श एवं वैधानिक प्रक्रिया के खुले बाजार में नशे के उद्देश्य से बेचा जा रहा था। साथ ही फर्जी इनवॉइस, कूटरचित ई-वे बिल एवं फर्जी वाहन नंबरों के माध्यम से कागजों में बड़े पैमाने पर दवा की खरीद-बिक्री दर्शाई गई। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वर्ष 2024 से वह इस नेटवर्क से जुड़ा था और उसे प्रति बोतल कागजी बिलिंग के बदले भुगतान मिलता था।

कागजों में लगभग 10 लाख बोतल कोडीन सिरप की सप्लाई दर्शाई गई। आरोपी के बैंक खातों में करीब 3 करोड़ रुपये के लेन-देन का खुलासा हुआ है। वर्ष 2025 में ही उसके खाते में 12 करोड़ रुपये से अधिक की जमा व निकासी की गई। इस अवैध कारोबार के एवज में आरोपी को 12 से 15 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई। मामले में थाना औराई एवं थाना चौरी में पूर्व से पंजीकृत अभियोगों में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21सी/27क/29(1) की बढ़ोतरी करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक दिनेश कुमार (विवेचक), उप निरीक्षक गजानन चौबे, हेड कांस्टेबल इमरान अहमद (थाना औराई) शामिल रहे।

# महानिदेशक कारागार ने जिला कारागार ज्ञानपुर का किया आकस्मिक निरीक्षण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं के महानिदेशक पी.सी. मीणा द्वारा शनिवार को जिला कारागार ज्ञानपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार की सुरक्षा, व्यवस्थाओं एवं बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया। महानिदेशक ने कारागार में प्रवेश करते ही प्रथम व द्वितीय गेट के मध्य मेनवाल एवं बैरकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का निरीक्षण किया। इसके उपरांत बंदियों की परेड कराई गई तथा उन्हें मिलने वाले भोजन, मुलाकात, न्यायालय में पेशी, पीसीओ सुविधा एवं अपील संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान बैरकों की सघन तलाशी ली गई, हालांकि कोई भी अवैध वस्तु बरामद नहीं हुई। पाकशाला में बनाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता भी जांची गई। इसके साथ ही कारागार परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों एवं उनकी प्रगति का भी अवलोकन किया गया। महानिदेशक ने महिला बंदियों से संवाद कर उन्हें फल वितरित किए तथा कारागार में बंदियों द्वारा तैयार की जा रही कालीनों एवं लगाए गए स्टाल का निरीक्षण किया। उन्होंने कारागार अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण को संतोषजनक एवं सकुशल बताया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भदोही, वरिष्ठ जेल अधीक्षक वाराणसी, अधीक्षक जिला कारागार वाराणसी, जेल अधीक्षक जिला कारागार भदोही, जेलर, उपकारापाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जवाहर नवोदय समिति द्वारा कक्षा 9 छात्रों के प्रवेश परीक्षा का आयोजन



**मीरजापुर।** नवोदय विद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेजों में कक्षा 9 मैं प्रवेश पाने हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन नवोदय विद्यालय समितिके द्वारा किया गया।नवोदय विद्यालय, जो कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध हैं, कक्षा-6 से कक्षा-12 तक प्रतिभाशाली बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करते हैं। नवोदय विद्यालयों में कक्षा-6 के स्तर पर प्रवेश के साथ-साथ प्रवेश परीक्षा के माध्यम से कक्षा-9 और कक्षा-11 में भी प्रवेश दिया जाता है। इसी क्रम में शांतिनिकेतन इंटर कॉलेज पचोखरा ,मिर्जापुर में भी काफी छात्रों का हुजूम देखने को मिला। प्रवेश परीक्षा के निर्धारित समय से पहले पहुंचकर छात्र-छात्राएं विद्यालय परिसर का दरवाजा खुलने का इंतजार करते हुएदेखे गए।

# ऑपरेशन 'नया जीवन' से बदली 54 बच्चों की तक़दीर

● शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ने की हुई शुरुआत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जनपद भदोही में असहाय एवं वंचित बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में पुलिस प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा 'ऑपरेशन नया जीवन' एक प्रभावशाली पहल बनकर सामने आया है। दुर्गागंज थाना परिसर में आयोजित विशेष कैंप के दौरान अभियान के तहत 54 बच्चों को चिन्हित किया गया, जिनमें 28 बालक व 26 बालिकाएं शामिल हैं। इस अभियान का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल द्वारा किया गया था, जबकि कार्यक्रम की समीक्षा एवं सराहना करने पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मलिक स्वयं मौके पर पहुंचे। एसपी ने अभियान की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। चिन्हित सभी बच्चों के आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक तैयार कराए जा चुके हैं। साथ ही बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि सभी बच्चों का शीघ्र विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि वे शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मलिक ने कहा कि 'यदि समाज का यह वर्ग शिक्षित होगा तो न केवल बेरोजगारी में कमी आएगी, बल्कि अपराध पर भी प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। 'उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को शिक्षा से वंचित न रखें और स्कूल में प्रवेश के लिए पूरा सहयोग करें।

एसपी ने अभियान की परिकल्पना के लिए अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल की विशेष सराहना करते हुए कहा कि उन्हीं के विचार से यह अभियान शुरू हुआ, जिसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'ऑपरेशन नया जीवन' आगे भी पूरे जनपद में निरंतर चलाया जाएगा।

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग, एचटीयू विभाग भदोही, विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। साथ ही बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथाओं पर जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली शो का आयोजन किया गया। लोगों को बताया गया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है और इसकी सूचना मिलने पर तत्काल डायल 112, 1090, स्थानीय थाना या जनपद अधिकारियों को अवगत कराएं। इस अभियान की समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा सराहना की गई और इसे बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में एक सराहनीय व प्रेरणादायक पहल बताया गया।

# राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता चुनार प्रीमियर लीग का हुआ शुभारंभ

● पूर्व मेयर सरोज सिंह के स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन चुनार विधायक ने किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीखड़, मीरजापुर।** पूर्व मेयर सरोज सिंह के स्मृति में राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता चुनार प्रीमियर लीग का आयोजन विंध्य क्रिकेट एसोसिएशन मीरजापुर के तत्वावधान में शनिवार को मिनी स्टेडियम मेड़िया के प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन चुनार के विधायक अनुराग सिंह ने किया। चुनार विधायक अनुराग सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों से परिचय के उपरांत मैच का शुभारंभ किया गया। शनिवार को पहला मैच विंध्य एसोसिएशन मीरजापुर और भदोही के बीच खेला गया, जिसमें विंध्य क्रिकेट एसोसिएशन ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। भदोही की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 114 रन बनाई। जबाब में उतरी विंध्य क्रिकेट एसोसिएशन ने भदोही को आठ विकेट से मैच हराकर विजई रही।वही प्रतियोगिता का दुसरा मुकाबला मैच पी पी अकादमी और सुल्तानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के बीच खेला गया।टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सुल्तानपुर की टीम ने निर्धारित 20ओवर में 213रन का विशाल स्कोर का लक्ष्य पी पी अकादमी वाराणसी के सामने खड़ा किया। जबाब में उतरी पीपी अकादमी वाराणसी ने निर्धारित 20ओवर में 209 रन ही बना सकी। उक्त अवसर पर प्रमोद कुमार पांडेय, प्रवीण सिंह किट्टू, रजत सिंह, गौतम सिंह, ज्योति प्रकाश सिंह विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह, सुरजीत सिंह सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# विधानसभा चौपाल का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीखड, मीरजापुर।** बजट 2026-27 को लेकर चुनार के सीखड मंडल के मेडिया स्टेडियम में आयोजित विधानसभा चौपाल में भाजपा सीखड मंडल अध्यक्ष विजय भारद्वाज पटेल के नेतृत्व में आयोजित हुई कार्यक्रम में चुनार विधायक अनुराग सिंह, जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र नारायण, जिला महामंत्री श्री हरिशंकर, मंडल अध्यक्ष सीखड विजय पटेल, मंडल अध्यक्ष जमालपुर धीरज सिंह, मंडल महामंत्री चुनार अभिलाष सिंह, मंडल अध्यक्ष नारायण पुर चंद्र शेखर सिंह, विधायक।प्रतिनिधि आलोक सिंह, सुरजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे ! चौपाल के दौरान बजट पर विस्तृत चर्चा हुई ! विधायक अनुराग सिंह ने विस्तार से बजट के बारे में बताया और साथ ही मिशन 2047 विकसित भारत के लक्ष्य के VB G RAM G योजना किस तरह गांवों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जाए।

केंद्रीय बजट 2026-27 के संदर्भ में सीखड मंडल के मेडिया स्टेडियम में आयोजित विधानसभा चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता कर बजट के विभिन्न महत्वपूर्ण प्रावधानों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकासोन्मुखी नीतियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'विकसित भारत-2047' के दूरदर्शी संकल्प को साकार करने में यह बजट किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, साथ ही किसानों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों एवं समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान में यह बजट कितना उपयोगी एवं लाभकारी सिद्ध होगा—इस विषय पर गंभीर एवं सार्थक विमर्श किया गया।

## नवागंतुक' पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा पुलिस कार्यालय मीरजापुर का निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिया गया आवश्यक निर्देश



**मीरजापुर।** शनिवार को 'अपर्णा रजत कौशिक' पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा पुलिस कार्यालय जनपद मीरजापुर का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर का भ्रमण कर परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस कार्यालय स्थित विभिन्न शाखाओं के रजिस्टरों एवं महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन करते हुए अभिलेखों को अद्यावधिक रखने एवं उचित रख-रखाव हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# नौगवां बलमपुर के ग्रामीणों ने तहसील दिवस पर शिकायत की

● मिर्जापुर में जल जीवन मिशन राशन कार्ड समेत कई मुद्दों पर डीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया, मीरजापुर।** हलिया विकासखंड स्थित ग्राम पंचायत नौगवां बलमपुर से तहसील दिवस पर सार्वजनिक शिकायतों का तांता लगा रहा ग्रामीणों ने जिला अधिकारी को विभिन्न मुद्दों पर शिकायत पत्र सौंपे। बलमपुर से मीरा, बिंदा देवी, मीना देवी, और रामवती, ने जल जीवन मिशन और राशन कार्ड से संबंधित। शिकायतें दर्ज कराई उन्होंने बताया कि उनके घरों तक नल से पानी नहीं आ रहा है जिससे उन्हें दूर से पानी लाकर काम चलाना पड़ता है साथी साथ राशन कार्ड न होने के कारण उन्हें राशन भी नहीं मिल पा रहा है। नौगावां से सुशीला देवी और कौशल्या देवी ने विद्यालय में एसएमसी स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक न होने की शिकायत की। इसी क्रम में सीगंवा से वार्ड सदस्य बैसाखू राजू वर्मा और शांति देवी ने ग्राम पंचायत की खुली बैठके आयोजित ना होने पर आपत्ति जताई। कोलहा से सुनीता सीता देवी और संगीता देवी ने वीएचएसएनडी ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण दिवस के लिए सामग्री की कमी और आशा कार्यकर्ता की अनियमिताओं को लेकर शिकायत दर्ज कराई। सरदारपुर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ती रिंकी किरण देवी की अनियमितताओं को लेकर भी शिकायत की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे उन्होंने अपनी समस्याओं को लेकर जिला अधिकारी के नाम शिकायती पत्र सौंपा।

## 12 वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**चुनार, मीरजापुर।** द ग्लेनहिल स्कूल में शनिवार को 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक आफताब अहमद रहे। सर्वप्रथम 11 वीं के छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि एवं प्रधानाचार्य दिलीप कुमार मिश्रा को पुष्प देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर के किया गया। कार्यक्रम में चलचित्र के माध्यम से 12 वीं कक्षा के छात्राओं का मधुर स्मृति दिखाया गया। 11वीं कक्षा के छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम अपने वरिष्ठ भाई बहनों के लिए आयोजित किए। जिसमें रैंप, वॉक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता,नृत्य, गीत इत्यादि शामिल रहा। आज के कार्यक्रम में उदयन त्रिपाठी एवं दिव्या पटेल को मिस्टर एंड मिस ग्लेनहिल चयनित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने उद्बोधन द्वारा बच्चों को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। 12वीं की छात्रा दिव्या पटेल ने धन्यवाद एवं 11वीं की छात्रा तस्मिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। संचालन अध्यापिका तूलिका, रश्मि शर्मा, इम्तियाज़ खान ने किया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मण्डलायुक्त व पुलिस महानिरीक्षक तहसील लालगंज में सुनी गई जन समस्याएं

● सम्बन्धित को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के दिए गए निर्देश

जमीन सम्बन्धी मामलों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम कराये निस्तारण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** शनिवार को मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल 'राजेश प्रकाश' व पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र, मीरजापुर 'आर.पी. सिंह' द्वारा जनपद मीरजापुर के तहसील लालगंज में फरियादियों की समस्या सुनकर समाधान का भरोसा दिलाया तथा अधीनस्थों को निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जाए, समाधान ऐसा करें कि फरियादी संतुष्ट हो जाए और उन्हें दोबारा शिकायत करने की जरूरत न पड़े एवं यह भी निर्देश दिया कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाए। राजस्व से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा समयबद्ध और गुणवत्तापूर्वक निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाए तथा शिकायतों का निस्तारण कागजों तक सीमित न हो, शिकायतकर्ता की शिकायत का वास्तविक निस्तारण हो। भूमि विवाद, चकरोड व अवैध कब्जा आदि की शिकायतों का निस्तारण राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर करें। संबंधित थाना प्रभारी को असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए निरोधात्मक कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### महर्षि मोड़ पर भीषण एक्सीडेंट, 3 की मोके पर

**ब्यूरो रीवा मप्र।** रायपुर कर्चुलियान के महर्षि मोड़ पर भीषण एक्सीडेंट में, 3 की मोके पर मौत हो गई। यह लोग शादी का कार्ड बांटने जा रहे थे लेकिन इस घटना के बाद ढ़खुशियों वाले घर में पसरा सन्नाटा पसर गया। हादसे में दो पुरुष और एक महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि इलाहाबाद की ओर से आ रही कार ने बाइक सवारों को रौंदा जिससे घटना के बाद हाईवे पर घंटों बाधित यातायात हो गया। , पुलिस ने जाम. खुलवाया कार जब्त, कर लिया। शव को रीवा के संजय गाँधी ह्रद्र के लिए लाया गयापुलिस मामले की जाँच कर रही है।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के काजीपुर मोहल्ले में शुक्रवार को 18 वर्षीय युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के मुताबिक नितिन जायसवाल (18) पुत्र स्वर्गीय लाल चंद अनेक परिवार में सबसे छोटा था और हाल ही में 12वीं की पढ़ाई पूरी की थी।परिवार के अनुसार, शुक्रवार दोपहर नितिन नैनी बाजार अपने भाई को टिफिन देने गया था। वहां से लौटने के बाद वह भूसा लेने गया और फिर कुछ दोस्तों के साथ घर से थोड़ी दूर चला गया। देर शाम जब वह घर पहुंचा तो उल्टी करने लगा और तुरंत बिस्तर पर लेट गया।नितिन की हालत तेजी से बिगड़ती देख उसके दोनों भाई उसे तुरंत स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच कर रही है। इस मामले में पुलिस का कहना है की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो पाएगा।

### अस्सी नदी को टैप किए जाने पर हत्रअ नाराज, न्यायमूर्ति ने दी डेडलाइन- कहा बताएं 6 सप्ताह में ऐसा क्यों किया

**ब्यूरो प्रयागराज।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने बनारस की अस्सी नदी को लेकर दायर की गई अधिवक्ता सौरभ तिवारी की याचिका पर शुक्रवार को एनजीटी (NGT) दिल्ली में सुनवाई की है। इसमें एनजीटी के चेयरपर्सन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य डॉ ए सोंथिल वेल की संयुक्त खंडपीठ ने कहा कि अस्सी नदी को टैप करने का सीधा मतलब है की गंगा नदी को टैप कर दिया गया हो, गंगा और उसकी सहायक नदियों को गंगा नदी प्राधिकरण आदेश द्वारा पूर्ण संरक्षण प्राप्त है. कोर्ट ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए सरकार से 6 सप्ताह के अंदर जवाब मांगा है। इस बारे में अधिवक्ता और याचिकाकर्ता सौरभ तिवारी ने बताया कि एनजीटी ने गंगा नदी प्राधिकरण आदेश 2016 का हवाला देते हुए कल हुई सुनवाई में कहा है कि उक्त आदेश के संदर्भ में अस्सी नदी को टैप नहीं किया जा सकता।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ता जल सचिव पर्यावरण विभाग के शपथ पत्र के पृष्ठ संख्या 2225 का हवाला दे रहे थे. जिसमें अस्सी नदी को नाला के रूप में दर्शाया गया था. जिस पर चेयरपर्सन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने राज्य सरकार के अधिवक्ता से पूछा है आपने अस्सी नदी को नाला कैसे मान लिया और नदी को टैप कैसे किया गया है? न्यायमूर्ति ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि अस्सी नदी है, ना की नाला. हम इस मामले की याचिका को सुन रहे हैं। वहीं राज्य सरकार के वकील ने कहा कि एनएससीजी ने हमें अस्सी नदी को टैप करने की अनुमति दी है. सुनवाई के बाद कोर्ट में आदेश लिखवाते हुए न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की संयुक्त पीठ में इस संदर्भ में एनएससीजी से 6 सप्ताह में जवाब देने के लिए कहा है कि आपने नदी को टैप कैसे और क्यों किया। वाराणसी में गंगा की दो सहायक नदियां हैं. जिसमें अस्सी और वरुणा शामिल है. अस्सी अपने अस्तित्व को खोकर नाले में तब्दील होती जा रही है और सरकारी दस्तावेजों में भी इसे नाला ही दर्शाया गया है, जबकि वरुणा नदी भी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है. इसी नदी को संरक्षित करने के उद्देश्य से एनजीटी में अधिवक्ता सौरव तिवारी ने पिछले दिनों एनजीटी में याचिका दायर की थी, जिस पर सुनवाई हो रही है। किसी भी नदी को टैप (Tap) नहीं किया जा सकता का मतलब ये है कि इस नदी के पानी को पीने योग्य नहीं बनाया जा सकता है. इसकी सीधा-सा अर्थ है कि अस्सी नदी के पानी को पीने योग्य नहीं बनाया जा सकता है. इसी सीधे तौर पर मानवीय उपयोग लायक नहीं बनाया जा सकता है।

## कूटरचित दस्तावेज तैयार कर नाबालिक बालिका का ओवा एक्सट्रैक्शन कराने वाले 05 अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** सहायक पुलिस आयुक्त थरवई के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना फाफामऊ पर दिनांक-06.2.2026 को पंजीकृत मु0अ0सं0-016/2026 धारा-140(4)/137(2)/143(4)/351(2) भा0न्या0सं0 व 3/5(1) विधि विरूद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम से सम्बंधित पीड़िता को बहला फुसलाकर फर्जी आधार कार्ड तैयार कराकर उसको बालिग तथा विवाहित दर्शाते हुए अवैध रूप से ओवा (अंडाणु) एक्सट्रैक्शन करवाने 05 अभियुक्त/अभियुक्ता 1. रिंकी हेला पत्नी मो0 शहबाज निवासी गडहीया लीडर रोड थाना शाहगंज कमिश्नरेट प्रयागराज 2. पलक हेला पत्नी मिजान निवासी करेली थाना करेली कमिश्नरेट प्रयागराज 3. कल्पना भारतीया पत्नी कुलदीप यादव निवासी डिग्गी थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज 4. सीमा भारतीया पत्नी दिलीप भारतीया व 5. हिमांशू भारतीया पुत्र दिलीप भारतीया निवासीगण 06 कूपर रोड सिविल लाइंस कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना फाफामऊ पुलिस टीम द्वारा दिनांक-07.02.2025 को थाना फाफामऊ क्षेत्रान्तर्गत गिरफ्तार किया गया।

उपरोक्त अभियुक्तों के कब्जे से पीड़िता का कूटरचित आधार कार्ड बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के पश्चात नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। उल्लेखनीय है कि आवेदिक/वादिनी अनीता गौतम पत्नी लवकुश गौतम निवासिनी शान्तिपुरम थाना फाफामऊ कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा आरोपी पलक हेला पत्नी मिजान निवासी थाना करेली कमिश्नरेट प्रयागराज तथा उसकी मां रिंकी हेला पत्नी मो0 शहबाज निवासी गडहीया लीडर रोड थाना शाहगंज कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा अपनी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी के अपहरण तथा जबरन बहला फुसलाकर थाना सिविल लाइन्स प्रयागराज स्थित इन्दिरा आई0वी0एफ0 में अवैध रूप से ओवा एक्सट्रैक्शन करवाने आदि के संबंध में आरोप लगाते हुए थाना फाफामऊ पर तहरीर दी गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना फाफामऊ पर मु0अ0सं0-16/2026 उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

**पूछताछ का विवरण-** गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ताओं से पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि नाबालिग पीड़िता, अभियुक्ता पलक उपरोक्त के साथ वेट्रेस का कार्य किया करती थी तथा पलक और उसकी मां रिंकी द्वारा पीड़िता को पैसों का प्रलोभन देकर आई0वी0एफ0 डोनर बनने के लिए तैयार किया गया तथा उसे बहला फुसलाकर सीमा भारतीया पत्नी दिलीप भारतीया निवासी 06 कूपर रोड सिविल लाइंस कमिश्नरेट प्रयागराज के पास लेकर जाया गया, जहां पर उसने बेटे हिमांशु भारतीया से पीड़िता का फर्जी आधार कार्ड तैयार कराकर उसको बालिग तथा विवाहित दर्शाया।

सीमा भारतीया द्वारा नाबालिग को फर्जी आधार के साथ कल्पना भारतीया पत्नी कुलदीप यादव निवासी डिग्गी थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज, जो की थाना सिविल लाइन्स प्रयागराज स्थित इन्दिरा आई0वी0एफ0 की रजिस्टर्ड एजेंट है, के पास ले जाया गया, जहां पर उसके द्वारा नाबालिग पीड़िता का फर्जी कंसेन्ट एफिडेविट तैयार कराया गया। तत्पश्चात दिनांक-20.01.2026 को थाना सिविल लाइन्स प्रयागराज स्थित इन्दिरा आई0वी0एफ0 पर इनके द्वारा फर्जी कागजात के आधार पर ओवा एक्सट्रैक्शन करवाया गया।

दिनांक-03.02.2026 को पीड़िता की मां द्वारा उसे वन स्टॉप सेंटर पर दाखिल कराया गया था, जहां पर जब सी0डब्ल्यू0सी0 के सामने पीड़िता का बयान हुआ तो उसके द्वारा वहां पर थाना सिविल लाइन्स प्रयागराज स्थित इन्दिरा आई0वी0एफ0 पर पलक उपरोक्त के साथ जाकर ओवा एक्सट्रैक्शन करवाना स्वीकार किया गया था। इन सब तथ्यों के आधार पर प्रकरण में थाना फाफामऊ पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त अभियुक्त/अभियुक्ताओं को फर्जी डॉक्यूमेंट तैयार करने तथा नाबालिक को फर्जी बालिग दर्शाते हुए उसका ओवा एक्सट्रैक्शन करने के संबंध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है तथा अन्य तथ्यों की बारीकी एवं गहनतापूर्वक जांच की जा रही है।

## पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों के कल्याण, सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता के लिए संचालित 'वामा सारथी 'योजना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों के कल्याण, सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता के उद्देश्य से संचालित 'वामा सारथी' योजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण एवं दूरगामी पहल की गई है। इस योजना का उद्देश्य पुलिस कर्मियों के परिजनों को कौशल-आधारित प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाना है। दिनांक 06/02/26 को वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से वामा सारथी स्वावलंबन का विधिवत शुभारंभ श्रीमती मीनाक्षी सिंह अध्यक्ष वामा सारथी उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान वामा सारथी एवं उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मध्य समझौता ज्ञापन (MoU) संपादित किया गया, जिसके अंतर्गत पुलिस कर्मियों के परिजनों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इस Mo के अंतर्गत पुलिस परिवारों को वर्तमान समय की आवश्यकता एवं बाज़ार की मांग के अनुरूप ब्यूटीशियन, डिजिटल मित्र, सैंपल टेलरिंग, डिजिटल मार्केटिंग एवं ई-कॉमर्स जैसे रोजगारपरक एवं कौशल-आधारित पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण के पश्चात प्रतिभागियों को स्वरोजगार स्थापित करने, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़ने एवं निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के अवसर उपलब्ध होंगे। माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के दूरदर्शी नेतृत्व, सुशासन की नीति एवं पुलिस कल्याण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता के अंतर्गत आज प्रदेश के 18 जनपदों में एक साथ वामा कौशल विकास केंद्रों का शुभारंभ किया गया। यह पहल पुलिस परिवारों के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ठोस आधार प्रदान करेगी।

जनपद कमिश्नरेट प्रयागराज से इस अवसर पर अध्यक्षा वामा सारथी कमिश्नरेट प्रयागराज के नेतृत्व में वर्चुअल लोकार्पण किया गया जिसमे अपर पुलिस उपायुक्त/सहायक पुलिस आयुक्त, लाइन्स, व प्रतिसार निरीक्षक कमिश्नरेट प्रयागराज तथा अन्य संबंधित शाखाओं के अधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों द्वारा इस पहल को पुलिस परिवारों के लिए एक व्यवहारिक, दूरगामी एवं कल्याणकारी योजना बताया गया। कार्यक्रम के दौरान यह




भी उल्लेख किया गया कि पुलिस कर्मी दिन-रात कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्य करते हैं। ऐसे में उनके परिजनों के आर्थिक सशक्तिकरण, सम्मानजनक आजीविका एवं आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित करना पुलिस कल्याण का एक महत्वपूर्ण पहलू है। वामा सारथी योजना इसी सोच का प्रतिफल है।प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट द्वारा इस योजना को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किए जाने हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक पुलिस परिवार इस योजना से लाभान्वित हो सकें। यह पहल न केवल पुलिस परिवारों के जीवन-स्तर में सुधार लाएगी, बल्कि पुलिस कर्मियों के मनोबल में वृद्धि कर पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी।

## पिछले दस सालों में 93,000 से ज़्यादा स्कूल बंद हुए, मध्य प्रदेश और यूपी में सर्वाधिकः केंद्र

**ब्यूरो प्रयागराज।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक दशक में भारत में 93,000 से अधिक स्कूल स्थायी रूप से बंद हो गए हैं. यह जानकारी लोकसभा में दी गई। राजस्थान के सीकर से सीपीआई (एम) सांसद अमरा राम के सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने सोमवार (2 फरवरी) को लोकसभा में बताया कि पिछले 10 वर्षों में देशभर में 93,000 से अधिक स्कूल बंद हुए हैं, जिनमें से अधिकांश पहले छह वर्षों में बंद हुए। सरकार द्वारा संसद में दिए गए लिखित जवाब के मुताबिक, दशक के पहले अवधि में स्कूल बंद होने की संख्या सबसे अधिक रही. 2014-15 से 2019-20 के बीच 70,000 से ज्यादा स्कूल बंद हुए - जो अब तक का सबसे ऊंचा आंकड़ा है. इसके बाद 2020-21 से 2024-25 के बीच 18,727 और स्कूल बंद हुए। 2014-15 से 2019-20 के बीच उत्तर प्रदेश में 24,590 स्कूल बंद हुए - जो देश में सबसे ज्यादा हैं. इसके बाद मध्य प्रदेश में 22,438 स्कूल बंद हुए, जो दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है. इसके अलावा पश्चिम बंगाल, ओडिशा और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों में भी बड़ी संख्या में स्कूल बंद हुए।

आंकड़ों के अनुसार, 2014-15 और 2019-20 के बीच सबसे ज़्यादा स्कूल बंद होने के साथ झारखंड में 5,000 से ज़्यादा, राजस्थान में 2,500 से ज़्यादा और महाराष्ट्र में लगभग 2,000 स्कूल बंद हुए। इसी तरह पंजाब, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में 2014-15 और 2019-20 के बीच लगभग 1,000 स्कूल बंद हुए। जबकि जम्मू और कश्मीर में 2020-21 के बीच 4,000 से ज़्यादा स्कूल बंद हुए, पश्चिम बंगाल में 1,200 से ज़्यादा और महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश में 2020-21 और 2024-25 के बीच 600 से ज़्यादा स्कूल बंद हुए। 2020-21 और 2024-25 के बीच मध्य प्रदेश के बाद जम्मू-कश्मीर में सबसे ज़्यादा स्कूल बंद हुए, इसके बाद ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 1,000 से ज़्यादा स्कूल बंद हुए.बंद हुए स्कूल मुख्य रूप से ग्रामीण और दूरदराज़ इलाकों में दर्ज की गई, जहां छात्र नामांकन में लगातार गिरावट देखी जा रही है।



सरकार का कहना है कि स्कूल बंद होने के प्रमुख कारणों में छात्रों की कम संख्या, तर्कसंगत नीतियों के तहत स्कूलों का विलय और ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन जैसे जनसांख्यिकीय बदलाव शामिल हैं. कई मामलों में संसाधनों का बेहतर उपयोग करने, बुनियादी ढांचे में सुधार और शिक्षकों की बेहतर तैनाती सुनिश्चित करने के लिए पास-पास के स्कूलों को आपस में मिला दिया गया।

शिक्षा मंत्रालय द्वारा राज्यसभा में पेश किए गए सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जहां सरकारी स्कूलों की संख्या लगातार घट रही है, वहीं निजी (अनुदान-रहित) स्कूलों की संख्या बढ़ रही है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले पांच सालों में देशभर में 18,727 सरकारी स्कूल बंद हो गए, जबकि सिर्फ़ एक साल में निजी स्कूलों की संख्या 8,475 बढ़ गई।

सीपीआई (एम) सांसद जॉन ब्रिटास ने भारत में सरकारी स्कूलों की घटती संख्या पर चिंता जताई है. उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में 18,000 से अधिक सरकारी स्कूल बंद हो चुके हैं.राज्यसभा में पेश सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए ब्रिटास ने इस रुझान को देश की सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था के लिए चिंताजनक बताया. उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सरकारी शिक्षा सिमट रही है. निजी स्कूली शिक्षा फैल रही है।

आंकड़े दिखाते हैं कि सरकारी स्कूलों का ढांचा धीरे लेकिन लगातार सिमट रहा है, जबकि ये स्कूल खासकर ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर इलाकों में सस्ती शिक्षा की रीढ़ माने जाते रहे हैं. सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में सरकारी स्कूलों की कुल संख्या 2020-21 में 10,32,049 थी, जो 2024-25 में घटकर 10,13,322 रह गई. इसका मतलब है कि पांच साल की अवधि में 18,727 सरकारी स्कूल बंद हो गए। यह कमी देशभर में सार्वजनिक स्कूल नेटवर्क के धीरे-धीरे सिमटने को दिखाती है, जिससे खासकर उन छात्रों के लिए सस्ती शिक्षा तक पहुंच को लेकर चिंता बढ़ रही है जो ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों से आते हैं और मुख्य रूप से सरकारी स्कूलों पर निर्भर रहते हैं. सरकारी आंकड़ों के अनुसार, निजी अनुदान-रहित स्कूलों की संख्या 2023-24 में 3,31,108 थी, जो 2024-25 में बढ़कर 3,39,583 हो गई. यानी सिर्फ एक साल में 8,475 नए निजी स्कूल जुड़े।

### लावारिस सूटकेस मिलने से मचा हड़कंप



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र स्थित बड़ी सब्जी मंडी में शनिवार सुबह एक लावारिस सूटकेस मिला जिससे लोगों मे अफरा तफरी मच गयी। लावारिश सूटकेश देख स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी। इस दौरान मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई।सूचना पर पहुंची नैनी पुलिस भीड़ को सूटकेस से दूर किया और सूटकेश को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद डरते हुए सावधानी से खोला। सूटकेस खुलने पर उसमें कुछ कैमरे से जुड़े पुर्जे मिले है। जिसके बाद पुलिस और लोगों ने राहत की सांस ली।हालाकि पुलिस ने पता किया तो पता चला की कोई खरीदारी करने आया था उसी का सूटकेस छूट गया जिसे पुलिस की मदद से उस वक्ति को सौंप दिया गया।

## महिला टीचर ने छात्रा को मारा था थप्पड़, कोर्ट ने सुनाई तीन साल की सजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज** गुजरात के गांधीनगर में एक स्टूडेंट को पीटने के मामले में कोर्ट ने महिला टीचर को तीन साल तीन महीने की जेल की सजा सुनाई है. साल 2020 में सेक्टर-28 में स्थित वसंतकुंवर बा स्कूल में होमवर्क न करने जैसी बात पर टीचर पारुलबेन ने क्लास 9 में पढ़ाई करने वाली स्टूडेंट को थप्पड़ मारा था, जिसके कारण स्टूडेंट का कान का पर्दा फट गया था।

कोर्ट ने नोट किया कि टीचर का किया गया यह हमला क्रूरता की श्रेणी में आता है. टीचर ने सत्ता का दुरुपयोग और मासूम स्टूडेंट पर की गई शारीरिक हिंसा गंभीर बात होने का कोर्ट ने अवलोकन किया था. कोर्ट ने टीचर को तीन साल और तीन महीने की जेल की सजा के साथ 50 हजार का जुर्माना भी लगाया था।

साल 2020 के मामले में कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है. टीचर के मारने से स्टूडेंट का कान का पर्दा फट गया था. टीचर को जेल की सजा सहित 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है. दावा किया जा रहा है कि स्टूडेंट की सुनने की शक्ति पर गंभीर असर हुआ था. जुर्माने की राशि स्टूडेंट को मुआवजे के तौर पर चुकाने का आदेश दिया गया है. जस्टिस हिमांशु चौधरी ने फैसला सुनाते हुए कहा कि टीचर के सत्ता का दुरुपयोग और मासूम बच्चे पर की गई शारीरिक हिंसा गंभीर बात है, जो भविष्य में दूसरों के लिए उदाहरण बनेगी. कोर्ट ने नोट किया कि यह हमला 'क्रूरता' की श्रेणी में आता है और यह गंभीर चोट पहुंचाना और जुवेनाइल जस्टिस एक्ट की धारा 75 के तहत अपराध बनता है. कोर्ट ने इस घटना को बच्चों के अधिकारों और स्कूल में सुरक्षित वातावरण के उल्लंघन के रूप में गंभीरता से लिया था. शिक्षा के नाम पर बच्चों पर शारीरिक अत्याचार सहन नहीं किया जा सकता. यह सजा टीचरों के लिए एक बड़ा संदेश है कि बच्चों के साथ होने वाली किसी भी प्रकार की हिंसा को सहन नहीं किया जाएगा।

## बुंदेलखंड बुल्स को मिला दिग्गजों का समर्थन, हरभजन सिंह ने दी शुभकामनाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रीवा मप्र।** बुंदेलखंड की क्रिकेट टीम बुंदेलखंड बुल्स को अंतरराष्ट्रीय स्तर के दिग्गज खिलाड़ियों का समर्थन मिलना क्षेत्रीय क्रिकेट के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। युवा आइकॉन आकाश सिंह राजपूत के आग्रह पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी एवं देश के प्रसिद्ध स्पिन बॉलर हरभजन सिंह ने बुंदेलखंड बुल्स के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।

अपने संदेश में हरभजन सिंह ने मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष युवराज महान आर्यमन सिंधिया की दूरदर्शी सोच और क्रिकेट के विकास के लिए उनके निरंतर योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल से प्रदेश के साथ-साथ देश को भी नई क्रिकेट प्रतिभाएं मिलेंगी। हरभजन सिंह ने आकाश सिंह राजपूत की सोच, संघर्ष और प्रयासों की खुले दिल से प्रशंसा करते हुए कहा कि युवाओं को अवसर देने और बड़े स्तर के आयोजनों के माध्यम से खेल संस्कृति को आगे बढ़ाने का उनका प्रयास प्रेरणादायक है। उन्होंने बुंदेलखंड बुल्स के खिलाड़ियों से आपसी मित्रता, टीम भावना और सकारात्मक खेल भावना को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया।

गौरतलब है कि आकाश सिंह राजपूत का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन में दर्ज है। उन्होंने पिछले वर्ष दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित कर यह उपलब्धि हासिल की थी, जिसकी सराहना स्वयं हरभजन सिंह ने भी की थी। इसके अलावा आकाश सिंह राजपूत बॉलीवुड के चर्चित कलाकार हैं और आश्रम, मिर्जापुर, पोरस जैसे लोकप्रिय धारावाहिकों में अभिनय कर लोगों के दिलों को जीत चुके हैं। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में 10 लाख पौधारोपण कर वे 'भारत के ग्रीन मैन' की उपाधि भी प्राप्त कर चुके हैं। वर्तमान में



आकाश सिंह राजपूत एक बार फिर क्रिकेट महाकुंभ का आयोजन कर रहे हैं, वहीं बुंदेलखंड बुल्स की टीम मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग में भी हिस्सा ले रही है। इस पहल की सराहना करते हुए हरभजन सिंह ने बुंदेलखंड बुल्स सहित एमपी प्रीमियर लीग की सभी टीमों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। हरभजन सिंह का यह संदेश न केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने वाला है, बल्कि बुंदेलखंड क्षेत्र में क्रिकेट के उज्ज्वल भविष्य के लिए भी एक बड़ी प्रेरणा के रूप में देखा जा रहा है।

## 10 साल में ट्रायल कोर्ट ने 1300 लोगों को दी फांसी की सजा, हाईकोर्ट में टिक पाए सिर्फ 70 केस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** हैदराबाद स्थित हिमालयन नलसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ के स्क्वायर सर्किल क्लीनिक की नई रिपोर्ट ने भारत में मृत्युदंड देने की न्यायिक प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं. 10 साल के आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित यह रिपोर्ट बताती है कि ट्रायल कोर्ट लेवल पर बड़ी संख्या में फांसी की सजा सुनाई गई है, लेकिन ऊपरी अदालत में इन फैसलों का टिकना बहुत कम रहा है. आंकड़ों के अनुसार, 2016 से 2025 के बीच की ट्रायल कोर्ट्स ने कुल 1,310 लोगों को मौत की सजा सुनाई. जब यह मामले हाई कोर्ट पहुंचें तो सिर्फ 70 मामलों में ही फांसी की सजा को बरकरार रखा गया. यह संख्या कुल सजा के मुकाबले बहुत कम मानी गई है, रिपोर्ट में इसे चौंकाने वाली बात बताया गया है।

हाईकोर्ट की ओर से पुष्टि किए गए 70 मामलों में से सुप्रीम कोर्ट ने केवल 38 मामलों पर ही फैसला सुनाया है. इनमें से एक भी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मृत्युदंड को बरकरार नहीं रखा. वहीं लगातार तीसरे साल सुप्रीम कोर्ट ने किसी भी फांसी की सजा की पुष्टि नहीं की, जबकि बरी किए जाने के मामलों में बढ़ोतरी देखी गई. वहीं 31 दिसंबर तक देश में 574 लोग डेथ रो में थे. रिपोर्ट के अनुसार 2016 के बाद यह किसी भी कैलेंडर वर्ष के अंत में डेथ रो में बंद कैदियों की सबसे ज्यादा संख्या है. यह कंडीशन तब है जब अपीलीय अदालतें बड़ी संख्या में ट्रायल कोर्ट के फैसलों को पलट रही है या सजा को कम कर रही है।

2025 में ही सेशंस कोर्ट्स ने 94 मामलों में 128 लोगों को मौत की सजा सुनाई. वहीं हाई कोर्ट ने इस साल जिन मामलों का निपटारा किया, उनमें करीब 90 फीसदी मामलों में या तो सजा रद्द कर दी गई या उम्रकैद में बदल दी गई या फिर मामला दोबारा ट्रायल के लिए भेज दिया गया. इस रिपोर्ट का कहना है कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में बड़ी संख्या में बरी होने के मामले में संकेत देते हैं कि ट्रायल कोर्ट लेवल पर गलत, त्रुटिपूर्ण या अनुचित दोषसिद्धि हो रही है. इसे महज कुछ मामलों की गलती मान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि 2025 में ट्रायल कोर्ट्स में सुप्रीम कोर्ट के 2022 के



दिशा निर्देशों का बड़े पैमाने पर पालन नहीं किया. इन निर्देशों के तहत फांसी की सजा देने से पहले आरोपी की मानसिक स्थिति, प्रोबेशन रिपोर्ट और जेल रिकॉर्ड पर विचार करना जरूरी है. इसके बावजूद 83 में से 79 मामलों में इन नियमों का पालन नहीं हुआ है. इसके अलावा रिपोर्ट यह भी बताती है कि जहां ऊपरी अदालतें मृत्यु दंड को लेकर ज्यादा सतर्क होती जा रही है, वहीं संसद और राज्य विधानसभा मौत की सजा के दायरे को बढ़ाने वाले कानून बना रही है. इसके साथ ही उम्रकैद बिना रिहाई की संभावना वाली सजाओं का चलन भी बढ़ रहा है, जिसे रिपोर्ट ने एक नई और चिंताजनक समस्या बताया है।

## रूस से तेल आयात 38 महीने के निचले स्तर पर; ट्रंप ने कहा था भारत ऐसा करेगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को लेकर रूसी तेल ख़रीद बंद करने का जो दावा किया है, क्या वह सच साबित हो रहा है? तो क्या भारत ने अमेरिकी दबाव में रूसी तेल खरीद बंद करने को स्वीकार कर लिया है? ताज़ा आँकड़े तो कुछ ऐसा ही संकेत देते हैं। भारत ने दिसंबर 2025 में रूस से कच्चे तेल की खरीद को काफी कम कर दिया है। रूस से तेल आयात का मूल्य घटकर मात्र 2.7 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले 38 महीनों में सबसे कम है। रूस से आने वाला तेल अब भारत के कुल तेल आयात का सिर्फ़ 24.9% है, जो नवंबर में 34% से काफ़ी कम हो गया है। यह तीन साल में सबसे कम हिस्सा है।

ये आँकड़े ऐसे समय में आए हैं जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी टीम ने पिछले हफ्ते कई बार कहा है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। बदले में अमेरिका भारतीय आयात पर टैरिफ़ 50% से घटाकर 18% कर देगा। ट्रंप ने दावा किया कि भारत अब अमेरिका और शायद वेनेजुएला से ज्यादा तेल खरीदेगा।

लेकिन भारत सरकार ने इस दावे की पुष्टि या खंडन नहीं किया है। भारत ने सिर्फ इतना कहा है कि वह बाजार की स्थिति और अंतरराष्ट्रीय बदलावों के अनुसार ऊर्जा स्रोतों में विविधता ला रहा है। भारत की प्राथमिकता अपनी 1.4 अरब जनता की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

भारत ने दिसंबर 2025 में रूस से 5.8 मिलियन टन तेल आयात किया। यह फरवरी 2025 के बाद सबसे कम है। पिछले साल दिसंबर की तुलना में मूल्य में 15% की कमी आई, जबकि नवंबर 2025 की तुलना में 27.1% कम हुआ। यह नवंबर में 3.7 अरब डॉलर था। सरकार की ओर से कहा जा रहा है कि यह कमी इसलिए आई क्योंकि भारत अब तेल के स्रोतों को विविधता दे रहा है। यानी अब सरकार किसी एक या कुछ देशों पर निर्भर नहीं रहना चाहती है और कई देशों से तेल आयात हो रहा है।

पिछले साल दिसंबर में भारत ने 16 देशों से तेल खरीदा था, लेकिन इस बार 19 देशों से। इनमें से 10 देशों का हिस्सा बढ़ा है, जबकि 9 का घटा है। अमेरिका से तेल आयात में अच्छी बढ़ोतरी हुई है। दिसंबर 2025 में अमेरिका से 569.3 मिलियन डॉलर का तेल आया, जो दिसंबर 2024 की तुलना में लगभग 31% ज्यादा है। मात्रा में देखें तो 1.1 मिलियन टन तेल आया, जो पिछले साल दिसंबर से 58% ज्यादा है। हालांकि नवंबर 2025 में अमेरिका से आयात बहुत ज्यादा था। यह सात महीने का उच्चतम स्तर था, इसलिए दिसंबर में उससे कम दिख रहा है, लेकिन साल-दर-साल बढ़ोतरी साफ़ है।

### जिलाधिकारी ने 03 विक्रय विलेख का स्टांप देयता की दृष्टि से किया स्थलीय निरीक्षण

**भदोही-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा तहसील भदोही के अंतर्गत पंजीकृत बड़े विलेखों में से 3 विक्रय विलेख का स्टांप देयता की दृष्टि से स्थलीय निरीक्षण किया गया। पहला मौजा रजपुरा के पहले और दूसरा मौजा मिश्रा फिलिंग स्टेशन हनुमान बाग मंदिर भदोही चौरी रोड में विलेखों का मूल्यांकन प्रलेखनुसार सही पाया गया। तीसरा सरोई मार्ग में चैम्पो कारपेट के पीछे विक्रीत भूमि में स्टांप शुल्क देयता में कमी पाई गई। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने निर्देशित किया कि शासन के नियमानुसार विक्रय विलेख का स्टाम्प शूल्क लेना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि स्टाम्प, न्यायालय शुल्क और पंजीकरण के कार्यो को शासन के मंशानुरूप संम्पादित किया जाय। स्थलीय निरीक्षण के दौरान सब रजिस्ट्रार, तहसीलदार भदोही मिश्री सिंह चौहान, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार और क्षेत्रीय लेखपाल उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### संतुलन बिगड़ने से पलटी रंग लदी ट्रक, चालक सुरक्षित

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंड:-** नारायणपुर थाना क्षेत्र स्थित गोविंदपुर-साहिबगंज हाईवे पर जुम्मन मोड़ के पास शनिवार सुबह एक मालवाहक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में वाहन चालक और ट्रक में लदा सामान दोनों सुरक्षित बताए जा रहे हैं। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए और चालक की सहायता की। ट्रक में लदा रंग (पेंट) दूसरे वाहन से गंतव्य तक भेज दिया गया। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से पलटी हुई ट्रक (WB 37 E 2875) को सीधा करने की प्रक्रिया शुरू की गई। जानकारी के अनुसार ट्रक धनबाद से नारायणपुर की ओर आ रही थी। जुम्मन मोड़ के पास चालक का संतुलन अचानक बिगड़ जाने के कारण वाहन हाइवे से नीचे गड्ढे में जा गिरा। गनीमत रही कि दुर्घटना में किसी को चोट नहीं आई।

### नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने गौरा चौकी में किया पीडीए कार्यालय का उद्घाटन




**मनकापुर गोण्डा ।** विधानसभा क्षेत्र में सपा नेता हफीज मलिक की ओर से स्थापित पीडीए कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष वरिष्ठ सपा नेता माता प्रसाद पांडेय ने भाजपा पर समाज को बांटने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वेष और भ्रम फैलाकर समाज को बांटने का काम कर रही है। उन्होने यूपी पुलिस के एनकाउंटर पर भी सवाल उठाए और कहा कि पुलिस गलत तरीके से अल्पसंख्यकों, यादवों और ब्राह्मणों का एनकाउंटर कर रही है।सपा नेता लतीफ मलिक की तरफ से आयोजित कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सपा के वरिष्ठ नेता व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर बरसे एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठाते उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग चुनाव आयोग के साथ मिलकर पीडीए का वोट काटने की साजिश रच रहे हैं। गलत तरीके से फॉर्म 7 भरकर अल्पसंख्यकों के वोट काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा समझ गई है कि अब उसकी सरकार जाने वाली है इसलिए इस तरह की साजिश जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने वोट के अधिकार को बचाएं और जरूरत पड़े तो इसके लिए सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए तैयार रहें। गौरा चौकी में पीडीए कार्यालय खोलने को लेकर उन्होंने सपा नेता हाफिज मालिक और लतीफ मलिक की सराहना की और कहा कि इसे पढ़ा समाज के लोगों को एकजुट करने में मदद मिलेगी। इस दौरान डुमरियागंज विधायक सैयदा खातून, सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन सपा के राष्ट्रीय सचिव मसूद आलम खान गोंडा सदर से पूर्व प्रत्याशी सूरज सिंह,पुजारी पांडे, संजय साहू, इस्लाम प्रधान, मोहम्मद अजीज, राजे मिश्रा, रवि श्रीवास्तव, अमर यादव लाल साहब समेत बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### ढाई करोड़ की कार्ययोजना को मिली मंजूरी

**बीडीओ के नए कार्यालय का उद्घाटन , क्षेत्र पंचायत बैठक संपन्न**

**सुल्तानपुर/ लंभुआ:-** लंभुआ ब्लॉक परिसर में ब्लॉक प्रमुख डॉ. कुंवर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान राज्य वित्त, मनरेगा एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत लगभग ढाई करोड़ रुपये की कार्ययोजना को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में विधायक सीताराम वर्मा की उपस्थिति में पिछली बैठक की कार्यवाही पर चर्चा की गई। शिक्षा, बाल विकास पुष्टाहार, स्वास्थ्य सेवाएं एवं आयुष्मान कार्ड से जुड़े विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। इसके साथ ही कृषि सहकारिता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, लघु सिंचाई, जल निगम, नहर, नलकूप, वन एवं विद्युत से संबंधित समस्याएं भी उठाई गई।

मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पशुधन विकास, टीकाकरण व बीमा तथा समाज कल्याण विभाग की योजनाओं पर भी चर्चा की गई। प्रधान संघ अध्यक्ष कैलाश दूबे ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हो रहे कार्यों पर आपत्ति जताते हुए कहा कि कई गांवों में सड़कों को नुकसान पहुंचा है और अभी भी हर घर जल की सुविधा नहीं पहुंच सकी है। साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की बदहाली का मुद्दा भी उठाया गया।

## मधुपुर में सामाजिक सेवा की मिसाल- अनुराग गुटगुटिया वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा दो प्रमुख स्थलों पर वॉटर चिलर मशीनों का उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मधुपुर, देवघर, झारखंड:-** समाजसेवा और जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अनुराग गुटगुटिया वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा प्रदत्त वॉटर चिलर मशीनों का उद्घाटन मधुपुर के दो प्रमुख स्थलों–श्याम मंदिर परिसर और मधुपुर कोर्ट परिसर–में किया गया। उद्घाटन का कार्य PMJF लायन अरुण कुमार गुटगुटिया ने संपन्न किया। पहले चरण में उद्घाटन श्याम मंदिर परिसर में किया गया, जबकि दूसरे चरण में कोर्ट परिसर में मशीन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर PMJF लायन अरुण कुमार गुटगुटिया ने कहा कि स्वच्छ पेयजल सभी की मूलभूत आवश्यकता है और ट्रस्ट का प्रयास है कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वच्छ व ठंडा जल पहुँच सके। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ट्रस्ट जनहित के ऐसे कार्य जारी रखेगा। लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के अध्यक्ष लायन प्रेम पाठक ने कहा कि वॉटर चिलर जैसी सुविधाएं आम लोगों को प्रतिदिन सीधा लाभ देती हैं। उन्होंने ट्रस्ट की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि लायंस क्लब ऐसे कार्यों में सहयोग करता रहेगा। मधुपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुरारी सिंह ने कहा कि कोर्ट परिसर में वॉटर चिलर की व्यवस्था अधिवक्ताओं, वादकारियों और आगंतुकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने इसे समाजहित में एक सार्थक पहल बताया। इन दोनों कार्यक्रमों में लायंस क्लब के सचिव लायन विजय आनंद लछिरामका, डिस्ट्रीक्ट को-चेयरपर्सन (लायंस क्वेस्ट) लायन बिनोद लछिरामका, लायन देवानंद तिवारी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। श्याम मंदिर परिसर के कार्यक्रम में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष राकेश गुटगुटिया, रोहित लछिरामका, सोनी खंडेलवाल, राज टिबड़ेवाल, संजय गुटगुटिया, संजय अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं कोर्ट परिसर के कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद शाही, महासचिव श्यामसुंदर भैया, संयुक्त सचिव (प्रशासनिक) जितेंद्र कुमार, संयुक्त सचिव (पुस्तकालय) संजय सिंह, कोषाध्यक्ष धनंजय शाही, संयुक्त कोषाध्यक्ष अवधेश ठाकुर सहित कई अधिवक्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में बार एसोसिएशन की ओर से सचिव श्यामसुंदर भैया और प्रशासनिक सचिव जितेंद्र कुमार ने इस सेवा कार्य के लिए PMJF लायन अरुण कुमार गुटगुटिया को धन्यवाद पत्र भेंट किया। उपस्थित लोगों ने इस पहल को समाज के लिए उपयोगी बताते हुए ऐसे जनहितकारी प्रयासों को निरंतर जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अपनी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन संग पहुंचे रजरप्पा



**रामगढ़, झारखंड:-** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अपनी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन संग शनिवार को रजरप्पा पहुंचे। मुख्यमंत्री यहां प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ छिन्नमस्तिका मंदिर में विधिवत् पूजा-अर्चना कर माता रानी से समस्त राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं उन्नति की कामना की। मुख्यमंत्री ने नारियल बलि देकर रक्षा सूत्र बंधवाया तथा शीश झुकाकर माँ छिन्नमस्तिका से आशीर्वाद मांगा। मौके पर धार्मिक पुरोहितों ने परम्परा के अनुरूप पूरे विधि-विधान से पूजा सम्पन्न कराई। इस अवसर पर रजरप्पा मंदिर न्यास समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन को सप्रेम प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

## गोमिया में हाथियों का कहर जारी, तीन मौतों के बाद फिर दो ग्रामीणों की जान गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोमिया, झारखंड:-** गोमिया प्रखंड में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। हाल ही में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत से क्षेत्र शोक और दहशत में था, वहीं शुक्रवार शाम एक और दर्दनाक घटना में हाथी ने दो ग्रामीणों को कुचलकर मार डाला। नई घटना महुआटांड़ पंचायत के गांगपुर गांव की है, जहां 50 वर्षीय सोमर साव और उनके 8 वर्षीय पोते आयुष कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। हमले में सोमर साव की 12 वर्षीय पोती राशि कुमारी, 9 वर्षीय नाती राहुल कुमार और 52 वर्षीय समधन गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व पंचायत समिति सदस्य फूलचंद केवट मौके पर पहुँचे और घायलों को 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए रामगढ़ भेजवाया। उन्होंने बोकारो उपायुक्त से तत्काल पूरे क्षेत्र में रोशनी की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि हाथियों की आवाजाही का समय रहते पता चल सके।

ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रहे हाथी हमलों से दहशत का माहौल है। राजरप्पा, रामगढ़ और ललपनिया मार्ग से होकर गुजरना जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार शाम होते ही हाथियों का गांव में घुस आना अब आम बात हो गई है, जिससे लोग भय और असुरक्षा में जीने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि वन विभाग में कर्मियों की भारी कमी है और विभाग हाथियों के अलग-अलग दलों पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। जिले में प्रशासनिक तैयारियों के दावे किए जाते हैं, लेकिन लगातार हो रहे हमलों से नाराज ग्रामीण अब ठोस कदम और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।

## पाकुड़ नगरपालिका आम निर्वाचन 2026: अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित, तैयारियाँ तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़, झारखंड:-** पाकुड़ नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 को लेकर प्रशासनिक तैयारियाँ अब अंतिम चरण में पहुँच गई हैं। इसी संबंध में समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। उपायुक्त ने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम, नामांकन प्रक्रिया और अब तक की तैयारियों की विस्तृत जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों के साथ साझा की।

**अध्यक्ष पद के 10 और वार्ड सदस्य पद के 89 उम्मीदवार मैदान में**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि नामांकन, नामांकन पत्रों की समीक्षा और नाम वापसी की सभी प्रक्रियाएँ पूरी हो चुकी हैं। अंतिम सूची के अनुसार अध्यक्ष पद हेतु कुल 10 तथा वार्ड सदस्य पद के लिए 89 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। सभी अभ्यर्थियों को नियमानुसार चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। अभ्यर्थियों को मतदान केंद्रों की सूची, पहचान पत्र, अंतिम सूची, व्यय लेखा संधारण हेतु रेड चार्ट, आदर्श आचार संहिता की पुस्तिका एवं निर्वाचन अभिकर्ता नियुक्ति से संबंधित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करा दिए गए हैं। साथ ही व्यय लेखा जांच की तिथियों की जानकारी भी प्रदान कर दी गई है।

**स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हेतु व्यापक तैयारियाँ**

उपायुक्त ने कहा कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासन सतर्क है। इसके लिए 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 4 फ्लाइंग स्क्वॉड टीम (FST), 4 स्टैटिक सर्विलांस टीम (SST), 2 बीएसटी, 2 वीवीटी और 5 लेखा टीम लगातार निगरानी में जुटी हैं। इसके अतिरिक्त नियंत्रण कक्ष (Control Room) भी स्थापित किया जा चुका है, जहाँ से चुनावी गतिविधियों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। जांच अभियान के दौरान एसएसटी टीम ने अब तक 3 लाख 50 हजार रुपये जब्त किए हैं। उपायुक्त ने बताया कि इसकी सूचना आयकर विभाग को भेज दी गई है। चुनाव प्रक्रिया की निगरानी के लिए सामान्य प्रेक्षक (General Observer) और व्यय प्रेक्षक (Expenditure Observer) की प्रतिनियुक्ति भी कर दी गई है। अभ्यर्थियों को प्रेक्षकों से मिलने का निर्धारित समय उपलब्ध करा दिया गया है।

**मतदान केंद्रों का चिन्हांकन पूरा, प्रशिक्षण संपन्न**

मतदान संबंधी तैयारियों पर जानकारी देते हुए उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों का चिन्हांकन कर लिया गया है। मतदान कर्मियों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। मतगणना के लिए बाजार समिति परिसर में स्ट्रांग रूम निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इस बार सभी मतदान केंद्रों को तंबाकू निषेध क्षेत्र घोषित किया गया है।

**शांतिपूर्ण मतदान की अपील**

उपायुक्त ने सभी अभ्यर्थियों, राजनीतिक दलों और मतदाताओं से लोकतांत्रिक वातावरण बनाए रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। प्रेस वार्ता के दौरान निर्वाची पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका), मीडिया कोषांग के पदाधिकारी एवं प्रिंट-इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## शहर की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने को लेकर नगर आयुक्त से मिले विधायक प्रदीप प्रसाद

**●फुटपाथ दुकानदारों, नागरिक सुविधाओं, जलजमाव और स्वच्छता पर दिए अहम निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंड:-** विधायक प्रदीप प्रसाद ने शनिवार को नगर आयुक्त ओमप्रकाश गुप्ता से मुलाकात कर शहर की विभिन्न जनसुविधाओं, व्यवस्थाओं और नागरिक समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने नगर आयुक्त से कहा कि शहर की व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा आम नागरिकों, फुटपाथ दुकानदारों और किसानों की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएँ।

**फुटपाथ दुकानदारों की व्यवस्थित पुनर्व्यवस्था पर जोर**

विधायक ने विशेष रूप से फुटपाथ दुकानदारों की आजीविका को सुरक्षित रखते हुए उनके लिए उचित और सुव्यवस्थित स्थान तय करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे यातायात बाधित न हो और दुकानदारों को भी किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े। डेली मार्केट क्षेत्र में आम नागरिकों की सुविधा के लिए शौचालय को निःशुल्क किए जाने का आग्रह भी उन्होंने नगर आयुक्त से किया।

**जलजमाव व स्वच्छता की समस्या पर की गंभीर चर्चा**

बरसात के मौसम में सड़कों व नालियों में जलजमाव को गंभीर मुद्दा बताते हुए विधायक प्रसाद ने इसके स्थायी समाधान हेतु समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने को कहा। साथ ही कूद रेलवे स्टेशन के पास मैला टाँड क्षेत्र में कचरे के जमाव को रोकने और स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने के लिए भी आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

**डेली मार्केट को 'स्मार्ट मार्केट' बनाने की मांग**

विधायक प्रदीप प्रसाद ने डेली मार्केट को आधुनिक सुविधाओं से लैस 'स्मार्ट मार्केट' के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कालीबाड़ी में बने भवन को शीघ्र खोलकर सब्जी किसानों के लिए प्रत्यक्ष बिक्री की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग दोहराई। उन्होंने बताया कि इस विषय पर वह पूर्व में भी प्रशासन से कई बार वार्ता कर चुके हैं।

**दुकानदारों से संवाद कर जानी जमीनी स्थिति**

नगर आयुक्त के साथ बैठक के बाद विधायक स्वयं फुटपाथ दुकानदारों से मिलने पहुंचे और उनकी समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से समझा। उन्होंने दुकानदारों को भरोसा दिलाया कि उनके हितों की रक्षा के साथ-साथ शहर की व्यवस्था को संतुलित रखना उनकी प्राथमिकता है। विधायक ने कहा, 'मेरा प्रयास है कि हजारीबाग की व्यवस्थाएं अधिक सुदृढ़ हों, नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और दुकानदारों व किसानों के हितों का पूरी तरह संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। यातायात जाम से राहत, स्वच्छता और सुव्यवस्था के लिए त्वरित एवं ठोस कदम उठाए जाने आवश्यक हैं।' उन्होंने आश्वस्त किया कि इन सभी मुद्दों पर वे लगातार निगरानी रखेंगे और प्रशासन से समन्वय कर समाधान सुनिश्चित करेंगे।

### जल अर्पण दिवस का हुआ आयोजन

**ललितपुर।** ग्राम पंचायत पटसेमरा में शनिवार को जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री मनोहर लाल, एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, ब्लॉक प्रमुख मोहित निरंजन, चंद्रशेखर, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चौबे, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण अवनीश सिंह सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि मसौरा-सिंदवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत 45 गांवों में घर-घर नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इस योजना में इंटेक वेल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, ओवरहेड टैंक और पाइप लाइन का निर्माण किया गया है। जल अर्पण दिवस के अवसर पर पेयजल व्यवस्था का संचालन व रख-रखाव ग्राम पंचायत को सौंपा गया। राज्यमंत्री ने जल संरक्षण पर जोर देते हुए ग्रामीणों से पानी के सदुपयोग की अपील की। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों और ग्रामीणों द्वारा जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गई। ग्राम प्रधान गोपाल सिंह तोमर ने योजना के लिए शासन व प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## सेवा सप्ताह के तहत बरही में बाल संस्कार केंद्रों के बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** स्वामी विवेकानंद जी के कथन त्याग और सेवा ही भारतीय संस्कृति का मूल आधार है, सेवा परमो धर्मः को चरितार्थ करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक देशभर में एक लाख से अधिक सेवा प्रकल्पों के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने का कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में बरही प्रखंड के पांच बाल संस्कार केंद्रों पडिरमा, पुरहारा, बेंदगी, शबरीनगर एवं अंबेडकर नगर के बच्चों के प्रतिभा विकास हेतु खेलकूद प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सेवा सप्ताह के षष्ठम दिवस पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने में खण्ड सेवा प्रमुख राजु कुमार, क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव, खण्ड कुटुम्ब प्रबोधन संयोजक राजेन्द्र केशरी, शाखा सेवा कार्यकर्ता डॉ. बिनोद साव, विहिप सह जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता सहित कई गणमान्य लोगों ने योगदान दिया। इसके अलावा भामाशाह सरस्वती विद्या मंदिर बरही के प्रधानाचार्य रजनीश पाण्डेय, प्रिंस रविशंकर, सोमनाथ कुमार, योगेश्वर साव, कुन्दन कुमार, आशीष केशरी, दीपु चौरसिया, अनिल केशरी, मनोज शंकर एवं अनेक स्वयंसेवकों के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विजेताओं को पुरस्कार देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना विकसित करना एवं उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना रहा।

## विधायक ने सड़क चौड़ीकरण को लेकर किया भूमि पूजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमुहानी चौराहे पर शनिवार को सड़क चौड़ीकरण को लेकर भूमि पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नौतनवां विधायक ऋषि त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार मद्धेशिया रहे। इस दौरान अतिथियों ने विधि विधान पूर्वक वैदिक मन्त्रोंचार के साथ भूमि पूजन किया। भूमि पूजन कार्यक्रम का संचालन भाजपा महामंत्री प्रदीप सिंह ने किया है। जानकारी के मुताबिक नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के सीमावर्ती ग्राम पंचायत भगवानपुर टोला मदरी से लक्ष्मीपुर ब्लाक के रामनगर मोड़ तक पीडब्ल्यूडी सड़क चौड़ीकरण व कोहरगड्डी से भरटोलिया तथा रमगढहवा टोला भरगाही नाला पर पुल निर्माण कार्य को लेकर भूमि पूजन किया गया। वहीं ग्राम पंचायत भगवानपुर टोला मदरी से रामनगर मोड़ तक पीडब्ल्यूडी सड़क की लम्बाई लगभग 21.5 किलोमीटर है जिसके चौड़ीकरण मरम्मत कार्य की लागत लगभग 54.94 करोड़ रुपए है। यह सड़क मदरी, भगवानपुर, बड़हरा, सोहनी, महदेइया, डगरपुरवा, बोदनी, बैकुंठपुर, जमुहानी, हरलालगढ़, शीशमहल, परसहवा, चकदह, शाहपुर, रामनगर आदि गांवों को जोड़ती है। इस सड़क के बन जाने के बाद लोगों के आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। इसी क्रम में क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोहरगड्डी से भरटोलिया पक्की सड़क की लम्बाई लगभग 2.1 किलोमीटर जिसकी लागत 2.03 करोड तथा रमगढ़वा के भरगाही टोला के नाला पर पुल निर्माण की लागत लगभग 1.59 करोड़ रुपये की है जिसकी भूमि पूजन पूरे विधि विधान से विधायक ने किया है। अपने सम्बोधन में विधायक ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए नौतनवा में हुए विकास कार्यो को बारिकी से गिनाया। साथ ही यह भी बताया कि भाजपा सरकार में गुण्डो व माफियाओं का खात्मा हुआ है। भूमि पूजन कार्यक्रम में भाजपा वरिष्ठ नेता प्रदीप कुमार पाण्डेय, नौतनवां चेयरमैन बृजेश मणि त्रिपाठी, पीडब्ल्यूडी विभाग अधिशासी अभियंता एडीसन सिंह, सहायक अभियंता नवनीत सिंह,अवर अभियंता राहुल प्रसाद जिज्ञासु, अवर अभियंता इम्तियाज अहमद, अफरोज अहमद, एसके वर्मा तथा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बैजनाथ यादव, बच्चूसिंह, राजू उर्फ लल्लू पासवान, विरेन्द्र राजभर, अशोक यादव, कांग्रेस यादव, दुर्विजय सिंह , संजय यादव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में 'भारतीय भाषा परिवार' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सिद्धार्थनगर-** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर में शनिवार को 'भारतीय भाषा परिवार' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन कार्यरत भारतीय भाषा समिति तथा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के संयुक्त प्रावधान में संपन्न हुई। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रमेश चंद शर्मा ने कहा कि उपनिवेश काल में भारतीय भाषाओं को योजनाबद्ध ढंग से हीन दिखाने का प्रयास किया गया। भारतीय भाषाएं भारतीय ज्ञान-परंपरा की वाहक हैं, किंतु औपनिवेशिक एवं पश्च-औपनिवेशिक लेखन में इन्हें कमतर सिद्ध करने का प्रयास हुआ। उन्होंने कहा कि दर्शन, न्याय और व्याकरण–भाषा अध्ययन की तीनों परंपराएं भारत में ही विकसित हुई हैं। उद्घाटन समारोह में दूसरे वक्ता के रूप में प्रोफेसर निरंजन सहाय ने कहा कि भाषा के प्रति भारतीय दृष्टिकोण व्यापक और समावेशी रहा है, जबकि पश्चिम का दृष्टिकोण अपेक्षाकृत संकुचित रहा है। पश्चिमी शक्तियों ने अपने आधिपत्य के लिए हमें बाँटने का प्रयास किया और यह विभाजन भाषा के क्षेत्र में भी वर्गीकरण के माध्यम से किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर नीता यादव ने कहा कि 'भारतीय भाषा परिवार' विषय पर प्रकाशित दोनों पुस्तकें भारत को जोड़ने का महत्वपूर्ण उपक्रम हैं। प्रथम तकनीकी सत्र में पहले वक्ता के रूप में डॉ. सत्य प्रकाश पाल ने कहा कि भारतीय भाषाएं केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि जोड़ने की संस्कृति सिखाती हैं। भाषा हमारी पहचान और सभ्यता है, लखनऊ विश्वविद्यालय से आए डॉ. बलजीत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि 'भारतीय भाषा परिवार' पर आधारित पुस्तकें पहले हिंदी में आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदी समावेशी स्वभाव की भाषा है और इसलिए सजीव है। तकनीकी सत्र की अध्यक्षता करते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज के प्रोफेसर अमरेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भाषा के आधार पर उत्पन्न विवादों को मिटाने का प्रयास इन पुस्तकों में किया गया है। 1857 के स्वाधीनता संग्राम का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि उस समय भारत की धार्मिक और भाषाई एकता स्पष्ट दिखाई देती है। औपनिवेशिक सत्ता ने भाषा और धर्म दोनों आधारों पर विभाजन कर गहरी खाई उत्पन्न की, जिसका परिणाम आगे चलकर देश विभाजन के रूप में सामने आया। संगोष्ठी के समापन समरोह में मुख्य अतिथि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के आचार्य प्रोफेसर विमलेश कुमार मिश्रा ने कहा कि 'भारतीय भाषा परिवार' भारत की समावेशी संस्कृति को उजागर करने वाली पुस्तकों की श्रृंखला है, जिसके सतत विस्तार के क्रम में राष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन हो रहा है। यह पुस्तकें मैकाले और मैक्स मूलर जैसे विचारकों द्वारा स्थापित औपनिवेशिक भाषा दृष्टि का उन्हीं की भाषा में उत्तर प्रस्तुत करती हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के आचार्य प्रोफेसर प्रत्यूष दुबे ने कहा कि भारतीय भाषा परिवार भारत की सांस्कृतिक एकता की संकल्पना को प्रस्तुत करता है तथा लोक और भाषा के गहरे जुड़ाव को रेखांकित करता है।

इस एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कला संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर नीता यादव ने की तथा समापन सत्र की अध्यक्षता हिंदी विभाग के आचार्य प्रोफेसर सत्येंद्र कुमार दुबे ने की। संगोष्ठी की आख्या प्रस्तुति डॉ.रेनू त्रिपाठी ने की एवं धन्यवाद ज्ञापन संगोष्ठी के संयोजक प्रोफेसर हरीश कुमार शर्मा ने किया। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. जय सिंह यादव तथा समापन सत्र का संचालन डॉ. हृदयकांत पांडेय ने किया। इस अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राम पांडे सहित प्रोफेसर दीपक बाबू, प्रोफेसर सुनीता त्रिपाठी, डॉ. सच्चिदानंद चौबे, डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ. रविकांत शुक्ला, डॉ. हरेंद्र शर्मा, डॉ. अमित साहनी, डॉ. अब्दुल हफीज, डॉ. बाल गंगाधर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## निषाद समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमुहानी में सड़क चौड़ीकरण के भूमि पूजन के दौरान निषाद पार्टी के लोगों ने नौतनवां विधायक ऋषि त्रिपाठी को ज्ञापन देकर निषाद समाज को अनुसूचित जाति मे शामिल करने की मांग की है। निषाद पार्टी के विधानसभा प्रभारी घनश्याम निषाद ने बताया कि निषाद समुदाय का सबसे बड़ा मुद्दा निषाद आरक्षण लागू कराना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में भारत सरकार के गजट 1961 में निषाद, केवट, मल्लाह, मांझी, मझवार को अनुसूचित माना गया है। इसके बावजूद तहसील से एससी प्रमाणपत्र नहीं बनाए जाते हैं। देश के 18 राज्यों में निषाद, कश्यप, बिंद, मल्लाह को एससी में रखा गया है। वहीं उत्तर प्रदेश में निषाद समाज को ओबीसी में रखकर उनके अधिकार को लूटा जा रहा है। इस दौरान नागेन्द्र निषाद, राजू निषाद, शम्भू निषाद, विरेन्द्र निषाद, पुनीता, पार्वती सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध अतिक्रमण मामले में कार्यवाही न होने पर डीएम से की गई शिकायत

**कोंच(जालौन)**- मेन रोड पर बस स्टैंड के सामने स्थित ज्वाला भद्रसेन विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेशचंद्र ने शनिवार को समाधान दिवस में डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि विद्यालय के मुख्य द्वार पर बेतहाशा अवैध अतिक्रमण पसरा हुआ है जिससे बच्चों के आवागमन एवं शिक्षण कार्य बाधित होता है। मामले की कई बार शिकायत किए जाने पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा अतिक्रमणकारियों को सिर्फ नोटिस थमाकर इतिश्री कर ली गई। प्रार्थी ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की जिस पर न्यायालय द्वारा मामले को निस्तारित किए जाने का आदेश पारित किया गया, इसके बाद भी न्यायालय के आदेश का पालन नहीं किया गया। उसके बाद जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायत के तहत नगर पालिका ईओ ने गलत असत्य रिपोर्ट लगा दी। एसडीएम से भी शिकायत करने पर उन्होंने ईओ से स्पष्टीकरण मांगा फिर भी उसे अब तक न्याय नहीं मिल सका है। शिकायतकर्ता प्रधानाचार्य ने डीएम को बताया कि उसने जब दूरभाष पर ईओ से मामले की जानकारी लेनी चाही तो ईओ ने उसे धमकी दी, साथ ही उसे नोटिस थमा कर कहा कि यह जगह नगर पालिका की है ही नहीं। मामले को लेकर प्रधानाचार्य ने शीघ्र कार्यवाही किए जाने की मांग डीएम से की है।

### छत्रपति शिवाजी महाराज जयन्ती आयोजन की तैयारियाँ तेज

**कोंच(जालौन)**- मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज की जयन्ती आगामी 19 फरवरी को शिवाजी चौक उरई में धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। शिवाजी महाराज ट्रस्ट के अध्यक्ष चौ. जयकरन सिंह एड एवं कोषाध्यक्ष रामशंकर छानी ने संयुक्त रूप से बताया कि जिला मुख्यालय उरई में सबसे जालौन बाईपास चौराहे पर गत वर्ष 2023 में शिवाजी महाराज की मूर्ति का भव्य अनावरण तत्कालीन जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन जी के हाथों हुआ था, तभी से हर साल जयंती कार्यक्रम पूरी भव्यता एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। उन्होंने बताया कि उक्त रजिस्टर्ड संस्था का नाम अब छत्रपति शिवाजी महाराज जन जागरण समिति उरई कर दिया गया है, जिसके मुख्य आयोजकत्व में जयंती कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य हस्तियां शिरकत करेंगी। कार्यक्रम की तैयारी तेजी से की जा रही हैं जिसके लिए समिति के सदस्यों को अलग अलग जिम्मेवारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अधिकाधिक संख्या में जयंती कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### शादी समारोह से लौट रहे युवक से मारपीट कर धमकाया



**तालबेहट में पेट्रोल पंप के पास रोका, दो लोगों पर मुकदमा दर्ज**

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र में शादी समारोह से लौट रहे एक युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एक नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम रामपुर निवासी रॉकीराजा पुत्र स्व.हरेंद्र सिंह ने थाना तालबेहट में दी गई तहरीर में बताया कि 5 फरवरी की रात करीब 10.30 बजे वह एक शादी समारोह में शामिल होकर खाना खाकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान पौराला पेट्रोल पंप के पास तालबेहट क्षेत्र में उसे रास्ते में रोक लिया गया। पीड़ित के अनुसार, माताटोला निवासी बॉबी राजा पुत्र राजेंद्र सिंह अपने एक अज्ञात साथी के साथ वहां मौजूद था। दोनों ने बिना किसी कारण के रॉकीराजा को गालियां देते हुये मारपी अर दी। आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने परिजनों को जानकारी दी और अगले दिन थाना तालबेहट पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 351(3) और 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

# मछुआरों का नाम ओबीसी से खारिज करे सरकार : महेश कश्यप

**●अनुसूचित में गणना करने का आदेश जारी हो, मझवार, तुरैहा का सर्टिफिकेट जारी हो**

**मझवार-तुरेहा को अनुसूचित जाति का लाभ दिलाने की मांग तेज**

**निषाद पार्टी ने विधायक के माध्यम से विधानसभा में मुद्दा उठाने की अपील की**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** मझवार, तुरेहा सहित कई घुमंतू एवं वंचित जातियों को अनुसूचित जाति का संवैधानिक लाभ दिलाने की मांग को लेकर निषाद पार्टी ने बड़ा कदम उठाया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद ने विधायक को पत्र भेजकर आग्रह किया है कि इस गंभीर सामाजिक मुद्दे को उत्तर प्रदेश विधानसभा में लोक महत्व के विषय के रूप में उठाया जाए। पत्र में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश शासन के कार्मिक अनुभाग-2 द्वारा 31 दिसंबर 2016 को जारी अधिसूचना तथा भारत सरकार के गृह मंत्रालय की 8 जनवरी 2022 की अधिसूचना के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद जनपद और तहसील स्तर पर नियमों का पालन नहीं हो रहा है। इसके चलते मझवार, तुरेहा, निषाद, केवट, मल्लाह, कहार, धीमर, बिंद, बाथम, गोंडिया, मांझी, मझुआ आदि जातियों को आज भी पिछड़ी जाति का प्रमाण-पत्र जारी किया जा रहा है, जो नियमविरुद्ध और असंवैधानिक बताया गया है।

**अनुसूचित जाति सूची से हटाए जाने के बावजूद जारी हो रहे गलत प्रमाण-पत्र**

निषाद पार्टी का आरोप है कि राज्यपाल द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत 31.12.2016 को जारी अधिसूचना में उपरोक्त जातियों को पिछड़ी जाति की सूची से हटाकर अनुसूचित जाति में सम्मिलित किया गया था। इसके बाद भी संबंधित अधिकारियों द्वारा पुराने नियमों के आधार पर प्रमाण-पत्र जारी किए जा रहे हैं, जो भारत के संविधान और केंद्र सरकार के आदेशों का खुला उल्लंघन है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्ष 1950 की राष्ट्रपति अधिसूचना, 1961 की जनगणना, 1977 के संशोधन और विभिन्न संवैधानिक प्रावधानों में मझवार व तुरेहा जातियों को अनुसूचित जाति के रूप में मान्यता दी गई है। कई अन्य राज्यों जैसे दिल्ली, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड में भी ये जातियां अनुसूचित जाति की श्रेणी में आती हैं।

**पांच सूत्री मांगें रखीं**

निषाद पार्टी ने विधायक से आग्रह किया है कि विधानसभा में यह मांग उठाई जाए कि मझवार जाति की संवैधानिक रूप से अनुसूचित जाति में जनगणना कराई जाए। मझवार एवं तुरैहा जातियों को अनुसूचित जाति का प्रमाण-पत्र जारी किया जाए। 31 दिसंबर 2016 की अधिसूचना के आधार पर मझवार को ओबीसी सूची से हटाया जाए। नई संशोधित अनुसूचित जाति सूची जारी की जाए। निषाद, केवट, मल्लाह, कहार, धीमर, बिंद, बाथम, तुरेहा, गोंडिया, मांझी, मझुआ आदि जातियों को अनुसूचित जाति की समस्त सुविधाएं प्रदान की जाएं।

**सामाजिक न्याय से जुड़ा गंभीर मुद्दा**

डा.संजय निषाद ने कहा कि यदि समय रहते इस विसंगति को दूर नहीं किया गया तो लाखों वंचित परिवार शिक्षा, रोजगार और सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाएंगे। यह केवल प्रशासनिक त्रुटि नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय से जुड़ा गंभीर विषय है। निषाद पार्टी ने उम्मीद जताई है कि विधायक इस विषय को गंभीरता से लेते हुए विधानसभा में उठाएंगे और सरकार को संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप निर्णय लेने के लिए बाध्य करेंगे। इसे लेकर ललितपुर से जिलाध्यक्ष महेश रायकवार (हरपुरा) ने भी समर्थन करते हुए जल्द कार्यवाही की मांग की।

**ज्ञापन पर इनके हैं हस्ताक्षर**

ललितपुर जिलाध्यक्ष महेश कश्यप हरपुरा के साथ ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में हरगोविन्द रायकवार, सुरेन्द्र कुमार, अमन रैकवार, दीपक, पीयूष रैकवार, महेश, रवि कुमार निषाद, अजय कुमार, जानकी माते, हरीशंकर, दिनेश, जगभान, रम्मू, मुकेश रायकवार, अमित कश्यप, सुकलाल माते, शिवराज, जानकी प्रसाद, महेन्द्र रैकवार, संजय रैकवार, राजू रैकवार, राजकुमार, दिनेश रैकवार, गोलू रैकवार, आनन्द रैकवार, जितेन्द्र रायकवार, बृजेश रैकवार, राकेश रैकवार, निरमल रैकवार, पंकज रैकवार, अरविन्द, नरेन्द्र, विनोद कुमार, खेमचंद्र के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# बद्री प्रसाद कॉलेज में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के प्रति किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**- स्थानीय सेठ बद्री प्रसाद महाविद्यालय में शनिवार को एनएसएस इकाई द्वारा द्वितीय सामान्य एकदिवसीय शिविर आयोजित किया गया। महाविद्यालय के कॉर्डिनेटर कन्हैया नीखर एवं मुख्य अतिथि सचिन गुर्जर पूर्व प्रधान जुझारपुरा ने दीप प्रज्वलन कर शिविर की शुरुआत की। इस दौरान उपस्थित एनएसएस स्वयंसेवकों के बीच बोलते हुए अतिथियों ने कहा कि बालिकाओं की सुरक्षा एवं शिक्षा समाज और देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए बेहद आवश्यक है। बेटियां समाज की आधारशिला हैं, उन्हें शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाकर ही सशक्त भारत का निर्माण सम्भव है। शिक्षा के माध्यम से ही बेटियों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया जा सकता है। बेटी बचाओबेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना पड़ेगा। अंत में स्वयंसेवकों ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हरिशंकर निरंजन ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जया सरोज, प्रभारी प्राचार्य बृजेंद्र सिंह, डॉ मनोज पटेल, डॉ सत्यप्रताप, तैयबा सिद्दीकी, पूनम देवी, डॉ शिवम सिंह, संतोष रायकवार, राधेश्याम पटेल, राघवेंद्र पटेल, धर्मेंद्र कुमार, मनोज श्रीवास्तव, दिनेश बाबूजी, मनोहर प्रजापति, विवेक बाबू, राजकुमार, संदीप, संजय, कल्लू, नन्हे राजा आदि उपस्थित रहे।

### घूसखोर पंडित फिल्म के माध्यम से छवि धूमिल करना निंदनीय : कांग्रेस

**देवरिया।** कांग्रेस ने घूसखोर पंडित फिल्म के फिल्म निर्माता व निर्देशक की खिंचाई करते हुए ब्राह्मण समाज की छवि धूमिल किये जाने को लेकर निंदा करते हुए आक्रोश जताया है। जिला कांग्रेस के प्रवक्ता संजीव मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष भरत मणि त्रिपाठी, अमूल्य रत्न मणि त्रिपाठी, समीर पाण्डेय एवं मनोज मणि त्रिपाठी ने फिल्म घूसखोर पंडित फिल्म पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि फिल्म का शीर्षक ब्राह्मण समाज की छवि को नकारात्मक रूप में प्रस्तुत करता है, जो अत्यंत आपत्तिजनक है। नेताओं ने मांग की कि इस फिल्म पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए तथा फिल्म निर्देशक के विरुद्ध विधि सम्मत कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि मनोरंजन के नाम पर किसी भी समाज विशेष को गलत ढंग से चित्रित करना न केवल अनुचित है, बल्कि इससे समाज में नफरत, अविश्वास और असमानता की भावना भी जन्म लेती है। वक्ताओं ने कहा कि ब्राह्मण समाज सहित सभी वर्गों का राष्ट्र निर्माण, शिक्षा, ज्ञान और संस्कृति में ऐतिहासिक योगदान रहा है। ऐसे चित्रण से उनकी छवि धूमिल करना निंदनीय है। कांग्रेस नेताओं ने इस प्रकरण की घोर निंदा की।

# समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी जन शिकायतें

**●दर्ज 30 शिकायतों में मौके पर 8 निस्तारित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**- जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को तहसील कक्ष में जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय की अध्यक्षता एवं एसपी डॉ दुर्गेश कुमार, सीडीओ कुमरेंदु कुमार सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर राजस्व विभाग से जुड़ी 9, पुलिस विभाग से जुड़ी 11, विकास खंड कार्यालय से जुड़ी 3 और अन्य विभागों से संबंधित 6 शिकायतें फरियादियों द्वारा दर्ज कराई गईं। मौके पर 8 शिकायतें निस्तारित कर दी गईं, शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधीनस्थ अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। ग्राम सलैया खुर्द निवासी वृद्ध सुखसिंह ने अपनी पत्नी के साथ समाधान दिवस में पहुंचकर डीएम को शिकायती पत्र दिया। सुखसिंह ने शिकायती पत्र में बताया कि उसके 75 वर्षीय दृष्टिहीन पिता अजमेर सिंह के साथ धोखाधड़ी कर लहार एमपी निवासी रोहित नाम के युवक ने पिता के नाम दर्ज आराजी का बैनामा अपने नाम करा लिया है। जानकारी मिलने पर जब उसने विरोध किया तो उक्त व्यक्ति उसके साथ लड़ाई झगड़ा करने पर आमादा है। मामले को लेकर डीएम ने थानाध्यक्ष नदीगांव को आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर वृद्ध सुखसिंह को न्याय दिलाए जाने के निर्देश दिए हैं। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर पुरोहित ने अस्थाई जगह पर संचालित सुरई पुलिस चौकी की पुरानी जर्जर इमारत का पुनर्निर्माण कराकर चौकी को अपनी नियत जगह पर संचालित किए जाने की मांग करते हुए पत्र दिया। पूर्व बार संघ अध्यक्ष संजीव तिवारी ने बार के अन्य अधिवक्ताओं संग मिलकर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि एसडीएम एवं तहसीलदार कोर्ट में लिपिक की कमी होने से अधिवक्ताओं सहित वादकारियों को परेशानी उठानी पड़ रही है एवं न्यायिक कार्य भी प्रभावित हो रहा है। अधिवक्ताओं ने डीएम से लिपिक सहित कर्मचारियों के अन्य रिक्त पदों को भरे जाने की मांग की है। सभासद महेंद्र कुशवाहा ने अपने शिकायती पत्र में कहा कि नगर पालिका के अंतर्गत गाटा संख्या 2066 नवीन परती भूमि पर पालिका द्वारा बुद्ध पार्क बनाए जाने का निर्णय लिया गया है, लेकिन कुछ दबंगों ने उक्त भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है जिसे हटवाया जाए। डीएम ने सामने आई सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधीनस्थ अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि निस्तारण कार्य में ईमानदारी एवं गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए, समय सीमा के अंदर शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण करें और इसकी जानकारी संबंधित शिकायतकर्ता को भी दें। निस्तारण कार्य में हीलाहवाली बरतने पर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। एसपी ने पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों के निराकरण हेतु सम्बंधित थानाध्यक्षों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर प्रभारी एसडीएम वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, सीओ परमेश्वर प्रसाद, बीडीओ प्रशांत कुमार, एसडीओ रविन्द्र कुमार, ईओ मोनिका उमराव, कोतवाल कृष्ण बहादुर सिंह, अवनीश पटेल कैलिया सहित अन्य विभागों के जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना तालबेहट का किया आकस्मिक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शनिवार को थाना तालबेहट का आकस्मिक निरीक्षण कर थाना परिसर, थाना कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, मेस सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने थाना कार्यालय में साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव एवं अद्यतन स्थिति की जांच की गई। कार्यालय की साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई तथा अभिलेख व्यवस्थित व अद्यावधिक मिले। थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, आगंतुकों एवं पुलिसकर्मियों की मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। परिसर को स्वच्छ, हरित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए गए। मिशन शक्ति केन्द्र में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सहायता एवं परामर्श से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। रजिस्टरों के रखरखाव और शिकायत निस्तारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं पार्कों में जाकर महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए गए। साइबर हेल्प डेस्क के रजिस्टरों की जांच कर उनके समुचित रखरखाव व नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए गए। साइबर अपराध से पीड़ितों की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए बैंक खातों को डेबिट फ्रीज कराने, संबंधित बैंकों व वित्तीय संस्थानों से समन्वय स्थापित कर धोखाधड़ी की राशि वापस दिलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही, एमएचए द्वारा संचालित प्रतिबिंब पोर्टल, समन्वय पोर्टल, एनसीसीआरपी व सीईआईआर पोर्टल का प्रभावी उपयोग कर साइबर अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। थाना क्षेत्र में साइबर अपराध के प्रति जन-जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए गए। आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं आवेदकों से शत-प्रतिशत फीडबैक प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। थाने पर लंबित विवेचनाओं का गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित, एनबीडब्ल्यू, कुर्की एवं वारंट से संबंधित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी/तामील सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ऑपरेशन क्लीन के तहत माल निस्तारण (वाहन) संबंधी कार्यवाही माननीय उच्चतम न्यायालय एवं डीजीपी परिपत्र के निर्देशों के अनुसार समयबद्ध व नियमानुसार करने के निर्देश दिए गए। आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत पूर्व अभियोगों में की गई वैधानिक कार्यवाहियों की समीक्षा कर संबंधित आरोपियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, जनसुनवाई को प्राथमिकता देने और पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया।

# खितवांस प्रकरण में महिलाओं पर कार्यवाही से महिला संगठनों में आक्रोश

**●राज्यपाल को पत्र लिखकर कार्रवाई पर जताई आपत्ति, न्याय की लगाई गुहार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** नशाखोरी के खिलाफ सामाजिक चेतना जगाने के लिए सड़क पर उतरी ग्रामीण महिलाओं के साथ हुई प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर जिले में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्राम खितवांस में शराब के ठेकों के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को गंभीर धाराओं में जेल भेजे जाने का मामला अब प्रदेश स्तर तक पहुंच गया है। मणिबेन पटेल महिला मोर्चा, ललितपुर की ओर से उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को एक विस्तृत पत्र भेजकर इस कार्रवाई को अन्यायपूर्ण, अमानवीय और समाज को गलत संदेश देने वाला बताया गया है। पत्र में कहा गया है कि जिन महिलाओं ने नशाखोरी से अपने परिवारों और बच्चों को बचाने के लिए आवाज उठाई, उन्हीं को अपराधियों की तरह जेल भेज दिया गया।

**राज्यपाल के आह्वान का ही पालन कर रही थीं महिलाएं**

पत्र में उल्लेख किया गया है कि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी में दिए गए अपने दीक्षांत भाषण में स्वयं राज्यपाल ने बुंदेलखंड की बेटियों से नशाखोरी के खिलाफ आगे आने का आह्वान किया था। उसी प्रेरणा से ग्रामीण महिलाएं शराब के ठेकों के विरोध में सड़क पर उतरीं। यह आंदोलन न तो हिंसक था और न ही किसी प्रकार की तोड़फोड़ या लूटपाट की घटना सामने आई। महिलाओं का आरोप है कि वर्षों से वे आबादी के बीच चल रहे शराब ठेकों को हटाने की मांग कर रही थीं, लेकिन उनकी बात कभी नहीं सुनी गई। मजबूर होकर उन्होंने प्रदर्शन किया, जो मात्र कुछ घंटों तक चला और उसके बाद स्थिति सामान्य हो गई।

**गंभीर धाराओं में मुकदमे, पुरुषों को भी दिखाया आरोपी**

पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि महिला प्रदर्शनकारियों पर सार्वजनिक शांति भंग करने, दंगा फैलाने और लूटपाट जैसी गंभीर धाराएं लगाई गईं, जबकि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में ऐसा कोई कृत्य स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता। रिपोर्टों में महिलाओं के साथ कई पुरुषों को भी आरोपी दिखाया गया, जिससे आंदोलन को साजिशन हिंसक साबित करने का प्रयास किया गया। महिला संगठनों का कहना है कि इस तरह की कठोर कार्रवाई का उद्देश्य नशाखोरी के खिलाफ उठने वाली आवाजों को दबाना और अन्य महिलाओं को डराना है।

**मानसिक दबाव और आत्मघाती आशंका जताई**

पत्र में चेतावनी दी गई है कि पहली बार जेल भेजी गई ग्रामीण महिलाएं मानसिक तनाव और अवसाद की स्थिति में हैं। यदि समय रहते न्याय नहीं मिला तो किसी अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

**प्राकृतिक न्याय की मांग**

महिला मोर्चा ने राज्यपाल से मांग की है कि तथाकथित सामान्य अपराधों में फंसी महिलाओं को कठोर सजा के बजाय प्राकृतिक न्याय (नेचुरल जस्टिस) के सिद्धांतों के तहत राहत दी जाए और आरोपों की निष्पक्ष समीक्षा कर उचित दंड सुनिश्चित किया जाए। पत्र में कहा गया है कि यदि नशाखोरी के खिलाफ खड़ी महिलाओं को ही जेल भेजा जाएगा तो भविष्य में कोई भी समाज सुधार के लिए आगे आने का साहस नहीं करेगा, जो मानवता और समाज दोनों के लिए घातक होगा।

**महिलाओं ने जताया आभार और उम्मीद**

महिला मोर्चा की अध्यक्ष रामदेवी पटेल और महामंत्री सावित्री पटेल ने राज्यपाल से पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने की अपील करते हुए कहा है कि ललितपुर की असंख्य महिलाएं इस न्यायपूर्ण हस्तक्षेप के लिए सदैव कृतज्ञ रहेंगी।

# निवेश के नाम पर 10 लाख की ठगी, मुंबई निवासी पर मुकदमा दर्ज

**●मुनाफे का झांसा देकर जमीन-जेवर बिकवाए, पैसे मांगने पर दी जान से मारने की धमकी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र में निवेश के नाम पर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम कुआघोषी निवासी छत्रपाल सिंह ने मुंबई निवासी एक व्यक्ति पर 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित छत्रपाल सिंह पुत्र माधव सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पहचान फोन के माध्यम से दशरथ कोखरे नामक व्यक्ति से हुई थी, जो वर्तमान में नवी मुंबई (महाराष्ट्र) में रहता है। आरोपी ने स्वयं को सोहम इम्पैक्स नामक फर्म से जुड़ा बताते हुए उसमें निवेश करने का प्रस्ताव दिया। उसने हर माह 10 से 15 प्रतिशत तक मुनाफा देने और समय पर पूरी रकम वापस करने का भरोसा दिलाया। आरोपी की बातों में आकर छत्रपाल सिंह ने अपनी जमीन और जेवर गिरवी रखकर पैसों की व्यवस्था की। इसके बाद 15 जुलाई 2025 को उन्होंने आरटीजीएस के माध्यम से फर्म के खाते में 10 लाख रुपये ट्रांसफर किए। कुछ समय तक आरोपी टालमटोल करता रहा, लेकिन जब लंबे समय बाद भी न तो मुनाफा मिला और न ही मूल धन वापस हुआ, तो पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। लगातार दबाव और भय के चलते पीड़ित ने थाना महरौनी में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीर मानते हुए भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 316(2) (धोखाधड़ी), 351(3) (आपराधिक धमकी) और 352 (गाली-गलौज/दुर्व्यवहार) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक अरविंद कुमार यादव को सौंपी गई है। थाना प्रभारी महरौनी ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है और बैंक लेनदेन सहित अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी के विरुद्ध आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हनुमान जयंती महोत्सव मनाने के लिए समिति की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति की एक बैठक समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें इस वर्ष श्रीहनुमान जयंती महोत्सव 2 अप्रैल को मनाये जाने के संबंध में विचार विमर्श हुआ। श्रीहनुमान जन्मोत्सव धूमधाम एवं नवीनता के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इस आयोजन की रूप रेखा एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के लिए अति शीघ्र एक आम सभा की बैठक भी बुलाने का निर्णय लिया गया, ताकि श्री हनुमान जयंती महोत्सव जन सहभागिता से सुनिश्चित कर कार्यक्रम तय किए जा सकें। इसी क्रम में समिति द्वारा आगामी कार्यक्रमों के लिए अंशदान लेने व आय सभी के विचार लेने के लिए शहर में 9 फरवरी दिन सोमवार से जनसंपर्क करने का भी निर्णय लिया गया, ताकि आगामी कार्यक्रम अच्छे व भव्य तरीके से मनाये जा सके। बैठक में संयोजक पं.जगदीश पाठक, वरिष्ठ अध्यक्ष श्यामकांत चौबे, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, मंत्री राकेश तामिया, ऑडिटर चंद्रशेखर राठौर, धर्मेंद्र चौबे, शिवकुमार शर्मा, अवधेश कौशिक, भरत रिछारिया, मुन्नालाल त्यागी आदि उपस्थित थे। संचालन महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना ने किया।

# मताधिकार की रक्षार्थ सपा हर स्तर पर करेगी संघर्ष : नेपाल सिंह

**●सपा की मासिक बैठक में एसआईआर को लेकर हुआ मंथन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी की मासिक समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, आगामी राजनीतिक रणनीति तथा एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि भाजपा वोट काटने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी जनता के मताधिकार की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी और किसी भी कीमत पर वोटर सूची में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने बूथों पर पूरी मजबूती से खड़े रहें, मतदाता सूची पर नजर रखें और किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तत्काल पार्टी नेतृत्व को दें। उन्होंने आगे कहा कि बूथ स्तर की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। बैठक में संगठन को और अधिक सक्रिय करने, जनसंपर्क बढ़ाने तथा आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर भी चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने पार्टी नेतृत्व को भरोसा दिलाया कि वे पूरी निष्ठा और मजबूती के साथ पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस दौरान जिला महासचिव डा. शिशुपाल सिंह लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, स्नातक विधायक प्रतिनिधि विजय सिंह यादव, नगर अध्यक्ष अभि जैन, रामविलास रजक, अरशद मंसूरी, हरीसिंह यादव, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश यादव मुखिया, बाबूलाल पाल, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, राजेंद्र सिंह यादव, लाखन यादव रोंडा, छात्र सभा जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा, राजेश झा, रामकुमार यादव बम्हौरी कलां, राजेश यादव, दारासिंह यादव, यशपाल सिंह यादव, हरीमोहन यादव, पूजा यादव बुंदेलखंडी, शहरोज खान, जिला प्रवक्ता प्रमोद इमलिया, ऋषि यादव, जगदीश, नीरज यादव, राजेंद्र यादव, जिला मीडिया प्रभारी राममूर्ति तिवारी, वीरेंद्र सिंह, उदय सिंह यादव, सुखदयाल अहिरवार, शाहिद अली, हुकुम सिंह यादव, पुष्पेंद्र यादव एड, अजय यादव, राजबहादुर सिंह एड, कमलसिंह यादव, इंद्रपाल यादव, रजत घावरी, जगदीश प्रधान, जुगल किशोर, देशराज यादव, चारू सतभैया, बिट्टू यादव, यशवंत यादव, विक्की रजक, यशपाल बंधपुरा, जयसिंह बरैना, रामसिंह सहित अनेक सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### लायंस क्लब हर्ष द्वारा 8 फरवरी को विशाल निःशुल्क चिकित्सा परीक्षण शिविर का आयोजन

**प्रतापगढ़।** लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष द्वारा आगामी रविवार को एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर मोहनगंज-जेठवारा मार्ग स्थित देव मैरेज लॉन, पड़वासी में पूर्वाह्न 10 बजे से प्रारंभ होगा। चिकित्सा परीक्षण शिविर का शुभारंभ शिवसहाय अवस्थी, जिलाधिकारी प्रतापगढ़ द्वारा किया जाएगा। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रतापगढ़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। क्षेत्रीय विधायक जीतलाल पटेल ने भी शिविर में शामिल होने की सहमति प्रदान की है। लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष के अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में प्रसिद्ध हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल शुक्ला अपनी कुशल एवं अनुभवी चिकित्सक टीम के साथ उपस्थित रहेंगे, जो जरूरतमंद लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श करेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन को सफल बनाने में पूर्व प्रधान विनय कुमार शुक्ला (लल्लू शुक्ला) का विशेष सहयोग रहेगा। साथ ही लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष के सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं सदस्यगण समय से उपस्थित रहकर जरूरतमंद मरीजों और चिकित्सकीय टीम को अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करेंगे। लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष द्वारा आयोजित यह चिकित्सा शिविर क्षेत्रवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल मानी जा रही है।

### मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का उठाये लाभ, करें आनलाइन आवेदन

**प्रतापगढ़।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया है कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) 1 मार्च 2020 से संचालित है। ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता दोनों का या किसी एक की या संरक्षक की मृत्यु किसी कारण से हो गयी है अधिकतम दो बच्चों को 2500 प्रतिमाह की दर से 23 वर्ष तक लाभान्वित किये जाने का प्राविधान है। आवेदन पंजीकरण कराये जाने हेतु आनलाइन पोर्टल mbsyup.in विकसित किया गया है। आनलाइन आवेदन पंजीकरण कराने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक,आय प्रमाण पत्र (3 लाख से अधिक न हो), 5 वर्ष से अधिक आयु के बच्चे का शिक्षा प्रमाण पत्र, बच्चो की फोटो व मोबाइल नम्बर आवश्यक है।

### यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता पर जतायी गयी खुशी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** यूजीसी नेट की परीक्षा में सफलता हासिल करने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी साझा की है। नगर पंचायत क्षेत्र के



सांगीपुर वार्ड निवासी विकास दुबे पुत्र प्रभाकर दुबे ने लोक प्रशासन विषय से यूजीसी नेट की परीक्षा में सफलता हासिल की। मेधावी की सफलता से परिवार व शुभेच्छु गदगद हैं। हेमवती नंदन बहुगुणा के पूर्व प्राचार्य डॉ0 डीपी ओझा, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, डॉ0 श्याम बिहारी शुक्ल आदि ने शुभकामनाएं जताते हुए खुशी साझा की है। वहीं विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अर्न्तगत सिंधौर गांव की सुनैना



विश्वकर्मा पुत्री संजय विश्वकर्मा ने इतिहास विषय से निन्यान्वे फीसदी अंक हासिल कर यूजीसी नेट में सफलता प्राप्त की है। मेधावी सुनैना की सफलता पर सत्यम विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, मां नीलम, प्राचार्य शारदा प्रसाद विश्वकर्मा, दयाशंकर गिरि, डॉ0 सच्चिदानंद त्रिपाठी, हरिवंश शुक्ल, वीरेन्द्र पाण्डेय, पुरूषोत्तम विश्वकर्मा आदि ने खुशी साझा की है।

### आईजीआरएस की प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित करें

**कानपुर।** आज दिनांक 7.02.2026 को पुलिस उपायुक्त, सेंट्रल, अतुल कुमार श्रीवास्तव द्वारा सेंट्रल कार्यालय, स्वरूपनगर में आईजीआरएस पोर्टल के कार्यों की समीक्षा हेतु ब्रीफिंग आयोजित की गई। उक्त ब्रीफिंग में थाना अनवरगंज, रायपुरवा एवं नवाबगंज में आईजीआरएस पोर्टल से संबंधित कार्यों का प्रभार देख रहे संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए तथा लंबित प्रकरणों में शीघ्र सुधार एवं निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## डीएम एवं एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी शिकायतें, 15 शिकायतों का हुआ निस्तारण

### ● शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए-डीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 110 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से राजस्व विभाग की 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 110 शिकायतों में से 49 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 25, विकास विभाग से 7, विद्युत विभाग 03 एवं 26 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता शिवकुमार निवासी लोहंगपट्टी ने शिकायत किया कि प्रार्थी के गाटा में ग्राम प्रधान द्वारा जेसीबी



लगाकर प्रार्थी के खेत की मिट्टी बिना अनुमति से निकालकर प्रार्थी के खेत को गड्ढा बना दिया है, मिट्टी को बराबर भी नहीं किया गया है। पीड़ित के विरोध करने पर तरह तरह की धमकियां देते हैं।इस प्रकरण पर डीएम ने खण्ड विकास अधिकारी सण्ड्वा चन्द्रिका को निर्देशित किया कि जांच कर शिकायत का समाधान करायें। शिकायतकर्ता संजय कुमार पटेल ने शिकायत किया कि प्रार्थी के नाम घरेलू विद्युत कनेक्शन है, अपने बिल का भुगतान बराबर जमा करता रहा है परन्तु विद्युत विभाग की टीम घर पर आयी उस समय वह घर पर कोई नहीं था जिससे रसीद नहीं दिखा पाये। इसी कारण प्रार्थी के पिता राम सजीवन पटेल के नाम 88272 रूपये का जुर्माना अवैध रूप से कर दिया गया है जिसे समाप्त किया जाना आवश्यक है। प्रार्थी इस सम्बन्ध में शुक्रवार को अधिशासी अभियन्ता रानीगंज को विवरण दे चुका है।इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता रानीगंज को निर्देशित किया कि परीक्षण कराकर शिकायत का समाधान करायें।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिकायतकर्ताओं की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से शिकायतों का निपटारा करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की अनदेखी या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होने निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में जो भूमि संबंधी मामले हैं उसमें राजस्व तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। इस अवसर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को विनम्रता से सुनते हुए निष्पक्ष जांच कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) फरवरी 2026 संपन्न

**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ के 18 सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालयों कुल 8638 अभ्यर्थियों को शामिल होना था,यह परीक्षा प्रथम पाली में कक्षा 6 से 8 तक जूनियर वर्ग के विद्यालयों में शिक्षक भर्ती पात्रता हासिल करने के लिए सम्पन्न हुई।18 केंद्रों पर 8638 में 849 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे जबकि 7789 अभ्यर्थी उपस्थित रहे।सभी केन्द्रों पर परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।सभी विद्यालयों में अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक 7.30 बजे से आरम्भ हुआ।सभी केन्द्रों पर पुलिस की व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त रही।न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल व सिटी कोर्डिनेटर बीके सोनी और सीबीएसई बोर्ड द्वारा जनपद में भेजे गये अधिकारी सचल दल के रूप में सभी विद्यालयों का दौरा करते रहे। न्यू एन्जिल्स पर प्रथम पाली में 600 अभ्यर्थी आबंटित थे जिसमें 536 उपस्थित रहे और 64 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।दूसरी पाली की परीक्षा के लिये बायोमेट्रिक 1 बजे से आरम्भ हुआ। 2.30 बजे से प्रारंभ यह परीक्षा कक्षा 1 से 5 तक के अभ्यर्थियों को शिक्षक भर्ती पात्रता हासिल करने के लिये कराई गयी। 18 केंद्रों पर कुल 4351 अभ्यर्थी आबंटित थे,उपस्थित अभ्यर्थियों की संख्या 4027 रही और 324 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार किशोरी की मौत, ग्रामीणों ने लगाया जाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** कानपुर नगर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना सजेती क्षेत्र के गांव पडरी गंगा दीन गांव के पास, हमीरपुर रोड रेलवे स्टेशन के पास स्थित आनूपुर बरीपाल रेलवे फाटक के समीप बीती रात तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी,इस दुघर्टना में बाइक पर पीछे बैठी किशोरी की मौके पर मौत हो गई, बाइक चला रहा मौसेरा भाई व उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए,, दुघर्टना से आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम लगा दिया, ग्रामीणों का आरोप था कि टोल टैक्स बचाने के चक्कर में भारी वाहन इसी रोड से आवागमन करते हैं,, जिससे आए दिन होते, पुलिस भारी वाहनों को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाती , थाना प्रभारी निरीक्षक अनुज भारती ने कारवाई का आश्वासन दिया तब रात 7 बजे का लगा जाम 10 बजें पर अवागमन बहाल हो सका, कानपुर देहात के मुडेरा गांव निवासी राजेश सचान की बेटी राजा देवी 15 वर्ष अपने ननिहाल सिधौल गांव आई थी, शुक्रवार रात वह अपनी मौसी



की बेटी की शादी में शामिल होने घाटमपुर आ रही थी, बाइक उसकी दूसरी मौसी का लड़का कानपुर देहात के बरौर थाना क्षेत्र के मुडेरा गांव निवासी प्रियांशु 25 वर्षीय चला रहा था,,साथ में ही प्रियांशु की पत्नी पूनम 26 वर्ष भी बैठीं थी,बरीपाल के आगे पंडरी गंगा दीन गांव के पास रेलवे फाटक के पास पहुंचते ही लोहे के गाटर लाद कर आ रहें तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी,इस हादसे में 15 वर्षीय बेटी राजा देवी की मौत हो गई,, प्रियांशु और पूनम गंभीर रूप से घायल हो गए,आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर पहुंचाया गया, डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए पूनम को हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया गया है।

## SIR में फर्जी तरीके से फार्म 7 भरवाने का आरोप, सपा ने नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में किया इटवा तहसील का घेराव, ज्ञापन सौंपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान एसआइआर में फर्जी तरीके से फार्म सात भराकर नाम काटने की साजिश को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने इटवा तहसील का घेराव किया। शनिवार को नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। मुख्य चुनाव आयुक्त को संबोधित ज्ञापन एसडीएम इटवा कुणाल को सौंपा गया। इसमें की जा रही गड़बड़ी की निष्पक्ष जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र की हत्या करना चाहती है। जनता का भाजपा सरकार से मोह भंग हो रहा है। इसलिए भाजपा डर गई है और पीएडीए को निशाना बनाकर मुस्लिम, पिछड़ों, दलितों का नाम काटने का षड्यंत्र किया जा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया





जाएगा।

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि एक नेता डराने की धमकी देते हैं, हम लोग संघर्ष करने वाले हैं। डरने वालों में से नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जो साजिश रच रहे हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए, नहीं तो कार्यकर्ता कोर्ट से मुकदमा दर्ज कराने का काम करेंगे। डुमरियागंज विधायक सैयदा खातून ने कहा कि यदि गड़बड़ी नहीं रुकी तो सपा कार्यकर्ता जेल भरो आंदोलन शुरू करेंगे। सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि मतदाता सूची गड़बड़ी को लेकर ज्ञापन दिया जा रहा। वोटों की चोरी की जा रही है। सपा हर स्तर पर संघर्ष करेगी। जेल जाने से हम लोग नहीं डरते हैं। प्रशासन से मांग करते हैं कि इसकी निष्पक्ष जांच की जाए। सपा जिला महासचिव कमरूज्जमां खान व मणीन्द्र मिश्रा ने कहा कि सरकार के किसी दबाव में सपा झुकने वाली नहीं है। प्रदेश सचिव बेचई यादच, विधानसभा अध्यक्ष बब्लू खान, महासचिव अब्दुल लतीफ ने भी संबोधित किया। इस दौरान सत्येंद्र पाल यादव, राजीव कुमार सहित भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोदी सरकार महात्मा गांधी के नाम से डरती है - डॉ नीरज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के 45 दिवसीय कार्यक्रम के तहत शनिवार को कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय एक दिवसीय मनरेगा बचाओ सत्याग्रह का आयोजन किया गया।महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया, तत्पश्चात राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी प्रतापगढ़ के माध्यम से सौपा गया।इस सत्याग्रह का नेतृत्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना को लगातार कमजोर किया जा रहा है। मोदी सरकार महात्मा गांधी के नाम से डरती है। भाजपा मनरेगा योजना का नाम व उसका प्रावधान को बदलकर समाप्त करना चाहती है और मजदूरों का अधिकार छीनना चाहती है। वर्तमान सरकार केवल चंद उद्योगपतियों के इशारे में कार्य करती है।भाजपा केवल धर्म और जाति की राजनीति करती है।जनता की मूल मुद्दों पर ध्यान नहीं देकर भाजपा केवल उद्योगपतियों




का सत्कार करती है।कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम शंकर द्विवेदी व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मौलाना वाहिद ने कहा कि महात्मा गांधी भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेता और राष्ट्रपिता थे जिन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर ब्रिटिश शासन से भारत को आजाद कराया। आज हम सभी कांग्रेस जन सत्याग्रह के माध्यम से भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों खुलकर विरोध करते हैं।मनरेगा बचाओ संग्राम के कोऑर्डिनेटर रवि भूषण सिन्हा व जिला उपाध्यक्ष आरपी वर्मा ने कहा कि सरकार मनरेगा को समाप्त करने की साजिश कर रही है। कांग्रेस पार्टी इस साजिश के खिलाफ सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रखेगी।नगर अध्यक्ष मो. इस्तियाक व सदर ब्लॉक अध्यक्ष मो.वसीम ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं बल्कि ग्रामीण भारत की जीवनरेखा है।इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी,रियाज सुल्तान,सुरेश मिश्र, राधेश्याम सरोज, रामशिरोमणि वर्मा,सरोज कश्यप, मासूम हैदर,करुण पाण्डेय,लव त्रिपाठी, हरीश चन्द्र सरोज, इन्द्रानंद तिवारी,कृष्ण कुमार शुक्ल,आद्या प्रसाद द्विवेदी,विजय प्रताप त्रिपाठी,दुर्गेश तिवारी,मीरा देवी गौतम,सुरेश कुमार सरोज, फतेह बहादुर सिंह,सलमान खान, कृष्णा बिहारी शुक्ल,रियाज सुल्तान, सरोज कश्यप,संतोष मिश्र सिंटू,भवानी शंकर दूबे,उमेश तिवारी,मोनू मिश्र,राम कुमार पटेल,विवेक पाण्डेय,सुभाष तिवारी,चरण सिंह यादव, मो कासिम, राजू खान,मो असलम,रविन्द्र मिश्र,आशिक अली,रवि प्रताप सिंह,धर्मराज सिंह,मुन्ना लाल यादव,सुरेश मिश्र,मो सब्बीर,राहुल सरोज,दुर्गेश तिवारी,राम मनोहर गौतम, मो.ईदरिशी मो दिलशाद, सुधीर तिवारी, अरविंद तिवारी, कपिल ओझा,सुमन देवी,सुमन गौड़,कामेश मिश्र,मो.सहजाद सलमानी,इंद्रदेव पाण्डेय, राम मनोहर,वीरेन्द्र पति तिवारी अनिल कुमार शर्मा, रमेश बरनवाल, प्रदीप मिश्र, साहबदीन वर्मा, जय प्रकाश विश्वकर्मा, इत्यादि सैकड़ो पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नवागत पशु चिकित्सा अधिकारी ने किया सराहनीय कार्य

#### बकरी का सफल ऑपरेशन कर कराया सुरक्षित प्रसव

**लंभुआ / सुल्तानपुरः-** कस्बे में स्थित सरकारी पशु चिकित्सालय में नवागत उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी श्रवण कुमार मौर्या द्वारा एक बकरी का सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर उसके बच्चे का सुरक्षित जन्म कराया गया। जटिल स्थिति को देखते हुए समय रहते सर्जरी का निर्णय लिया गया, जिसे चिकित्सकीय टीम ने कुशलता से अंजाम दिया। पशु चिकित्सा अधिकारी श्रवण कुमार ने बताया ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा,ऑपरेशन चार्ज के लिये पशुपालक से दो रुपए का शुल्क लिया गया। जिससे मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। सहयोगी के रूप में देवी प्रसाद शर्मा मौजूद रहे।इस सफलता से क्षेत्र के पशुपालकों में राहत और खुशी का माहौल है। लोगों ने सरकारी पशु अस्पताल की सेवाओं की सराहना करते हुए नवागत अधिकारी के प्रयासों को प्रशंसनीय बताया।

## घाटमपुर में 15 फरवरी को निकलेंगी शिव बारात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** घाटमपुर में महाशिवरात्रि पर्व के लिए तैयारियां तेज हो गई है,15 फरवरी को कस्बे में पारम्परिक शिव बारात निकाली जाएगी, जिसमें भगवान शिव के गणों के रूप में भूत प्रेत और अद्भुत वेशभूषा में सजे शिव बाराती मुख्य आकर्षण होंगे,इस आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं के छुटने की उम्मीद है,यह आयोजन कस्बे का सबसे बड़ा धार्मिक कार्य क्रम माना जाता है, जिसमें हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं,शिव बारात के बाद शिव पार्वती विवाह का अनुष्ठान संपन्न होगा , कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम् भूमिका निभा रहे पंकज पांडेय ने बताया कि आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनानें के लिए आयोजकों के बीच जिम्मेदारियां तय की गई है, सुरक्षा ,सजावट, व्यवस्था,और कार्यक्रम, संचालन के लिए अलग-अलग , समितियां बनाई गई है ताकि श्रद्धालुओं को



कोई असुविधा न हो,शिव बारात कस्बा स्थित बारीश्वर महादेव मंदिर से शुरू होकर मां कुष्मांडा देवी मंदिर तक पहुंचेगी,इसी मंदिर परिसर में भगवान शिव और मां गौरा का पवित्र वैवाहिक अनुष्ठान विधि विधान से संपन्न कराया जाएगा, आयोजन से कई दिन पहले ही धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हो जाती है, गांव गांव निमंत्रण देने के लिए न्योता वाहन भी रवाना किए जाएंगे, मां कुष्मांडा देवी मंदिर परिसर में बने भव्य मंच पर वैवाहिक संगीत और विवाह मंचन का आयोजन होगा,,जिसे देखने के लिए लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है।

## पार्षद टीम नवीन पंडित की ओर से बेचें पाकर खिले निराला नगर और लाल क्वार्टर के स्कूली बच्चों के चेहरे

### ● अभी तक जमीन में बैठकर शिक्षा ग्रहण कर रहे थे निराला नगर और लाल क्वार्टर स्कूल के बच्चे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कामपुर।** लाल क्वार्टर स्कूल गोविंद नगर और निराला नगर के बच्चे अब जमीन पर बैठकर पढ़ने लिखने के बजाय अब बेंच पर बैठकर शिक्षा ग्रहण करेंगे। उनके बैठने के लिए बेंच की यह व्यवस्था समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भाजपा पार्षद दल के नेता नवीन पंडित की ओर से की गई है। यहां गोविंद नगर के निराला नगर के विद्यालयों में जहां बच्चे जमीन पर बैठकर पढ़ रहे थे। अब उनको बेंचे बनवाकर समर्पित कर विद्यालय को सौंपा गया। पार्षद दल के नेता नवीन पंडित द्वारा यह व्यवस्था करवाएं जाने से विद्यालय में बच्चों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने तालियां बजाकर वेलकम अंकल वेलकम अंकल ,भगवान आप लोगों को खूब तरक्की दे। कहकर अभिवादन भी किया। इसके लिए आज गोविंद नगर के पार्षद नवीन पंडित के नेतृत्व में समाज सेवी




श्याम कुकरेजा, दिनेश आहूजा, राजन आहूजा, प्रेम कुमार खंडूजा, रोहित शुक्ला, बबली भैया, विपुल गेरा, संदीप पासवान, विनोद कुमार, मनीष कुमार और राजकुमार सिंह सहित तमाम लोग पहले गोविंद नगर विद्यालय पहुंचे ,जहां पर 40 बच्चों की बैठने की व्यवस्था की गई।

इसके बाद भाजपा पार्षद दल के नेता नवीन पंडित की अगुवाई वाली यह टीम निराला नगर कंपोजिट पब्लिक स्कूल भी पहुंची और यहां भी 40 बच्चों की बैठने की व्यवस्था की गई। अवगत करा दें कि भाजपा पार्षद दल के नेता जुझारू नवीन पंडित के नेतृत्व में पनकी में एक विद्यालय के बच्चों को बैठने की व्यवस्था पहले ही की जा चुकी है। भाजपा पार्षद दल के नेता नवीन पंडित ने कहा कि हमारे सहयोगी दिनेश आहूजा ,श्याम कुकरेजा ने हमारा सहयोग किया है। मैं इन सब का आभारी हूं। और ऐसे पुनीत कार्यों में हमारे साथ कंधे से कंधे मिलाकर संघर्ष करें,जिस पर जिस पर उन्होंने पूरा भरोसा दिया कि जरूरत पड़ने पर और भी विद्यालयों की मदद इसी तरह से की जाएगी। आप इसी प्रकार से स्कूल ढूंढते रहे और हम लोग यहां पर मदद करते रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा पार्षद दल के नेता नवीन पंडित, पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक अमित पांडेय का विद्यालय की प्रधानाचार्य शमिता और दूसरे विद्यालय की प्रधानाचार्य बच्चों द्वारा कोटि कोटि अभिनंदन भी किया गया।

## डीएम, एसपी की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

### ● जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद की चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

### शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक अमेठी की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को



निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है, मुख्यमंत्री द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील तिलोई में कुल 49 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 06 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील मुसाफिरखाना में 18 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 03 का निस्तारण किया गया, तहसील गौरीगंज में 18 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 03 शिकायत का निस्तारण किया गया, तथा तहसील अमेठी में 24 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 02 का निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, तहसीलदार तिलोई सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## एसआईआर प्रक्रिया में आयोग की जल्दबाजी से कट रहे हैं वैध मतदाताओं के नाम- प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने एसआईआर प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग की गलतियों पर शनिवार को यहां तगड़ी घेराबंदी की है। उन्होने कहा कि एसआईआर को जल्दबाजी में पूरा कराने की आयोग की जिद के चलते वह लगातार गलतियां पर गलतियां कर रहा है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा यह सुझाव दिया था कि एसआईआर की प्रक्रिया इतने कम समय में पूरी कराना सम्भव नहीं हो है। उन्होने कहा कि तमाम मतदाताओं का नाम सूची से न कट सके इसके लिए इस प्रक्रिया को कम से कम चार से पांच साल तक जारी रखना चाहिए। उन्होने आरोप लगाया कि अहंकार में डूबी भाजपा के इशारे पर आयोग इतने कम समय में निर्वाचन आयोग ने यह प्रक्रिया पूरी कराने पर आमादा रहा। शनिवार को पत्रकार वार्ता में उन्होने कहा कि अब स्वयं आयोग को कई चरणों में यह प्रक्रिया आगे बढ़ानी पड़ रही है। उन्होने कहा कि निर्वाचन आयोग ने विपक्ष की मांग और सच्चाई पर ध्यान दिया होता तो बार बार जल्दबाजी में उसे यह निर्णय नहीं लेना पड़ता। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पहले निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की प्रक्रिया जल्दबाजी में पूरी करने



की जिद के कारण उत्तर प्रदेश में दो करोड़ नब्बे लाख चिन्हित मतदाताओं की संख्या में कमी आयी। उन्होने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में मतदाताओं की संख्या कम होना दुनिया के कई देशों की जनसंख्या के बराबर है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकार को जब अपनी यह भूल समझ में आयी तब प्रिंटिंग फार्म के माध्यम से पोलिंग बूथ पर बहुत से अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, पिछड़े तबके, प्रवासी मजदूर और दिहाड़ी मजदूरी करने वाले गरीब मजदूरों के नाम काटने के लिए फार्म बांटे गये। उन्होने कहा कि होली या ईद में जो मजदूर साल में एक बार घर आते हैं उनके नाम काटने के लिए फार्म बंटे। सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रदेश के लोगों खासकर गृह जनपद प्रतापगढ़ के नागरिकों से लोकतंत्र को बचाने में अपना योगदान जारी रखने पर भी जोर दिया है। उन्होने कहा कि सभी मतदाताओं को अपने अधिकारों की रक्षा करते हुए हर हाल में मतदाता सूची में वैध मतदाता के नाम शामिल कराने चाहिए। उन्होने कहा कि वैध मतदाताओं का नाम कटने पर ऐसे लोगों को मुफ्त राशन व चिकित्सा तथा शिक्षा जैसे अधिकारों से वंचित किया जा सकता है। सांसद प्रमोद तिवारी ने नोएडा में साफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की खुले गड्ढे में गिरकर दर्दनाक मौत को व्यवस्था की बदहाली करार दिया। उन्होने कहा कि दिल्ली में भी प्रशासन की लापरवाही के कारण 25 वर्षीय बाइक सवार युवक कमल की खुले गड्ढे में गिरने से मौत हो गयी। इसके पहले राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बाबा घुइसरनाथ धाम में मत्था टेका। यहां उन्होने महाशिवरात्रि पर होने वाले परम्परागत तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता महोत्सव की तैयारियों का भी अवलोकन किया। सांसद प्रमोद तिवारी ने पूरब देउम में कर्नल राधेश्याम मिश्र के निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना जतायी। देउम में अधिवक्ता विनय शुक्ल की पत्नी तथा मिश्राइनपुर में पूर्व प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय की मां के भी निधन पर संवेदना प्रकट की। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, रामबोध शुक्ला, छोटे लाल सरोज, शेरू खां, इं0 सुनील पाण्डेय, त्रिभु तिवारी, रामू मिश्र, पवन सिंह, मुरलीधर तिवारी, टिल्लू सिंह, आदि रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### आईजीआरएस की प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित करें



**कानपुर।** आज दिनांक 7.02.2026 को पुलिस उपायुक्त, सेंट्रल, अतुल कुमार श्रीवास्तव द्वारा सेंट्रल कार्यालय, स्वरूपनगर में आईजीआरएस पोर्टल के कार्यों की समीक्षा हेतु ब्रीफिंग आयोजित की गई। उक्त ब्रीफिंग में थाना अनवरगंज, रायपुरवा एवं नवाबगंज में आईजीआरएस पोर्टल से संबंधित कार्यों का प्रभार देख रहे संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए तथा लंबित प्रकरणों में शीघ्र सुधार एवं निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देश दिए गए कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शिकायतकर्ता को की गई कार्यवाही की स्पष्ट, तथ्यपरक एवं संतोषजनक आख्या आईजीआरएस पोर्टल पर अंकित की जाए। प्रकरण के निस्तारण से पूर्व संबंधित अभिलेखों एवं तथ्यों का भली-भांति परीक्षण किया जाए तथा आईजीआरएस पोर्टल पर कॉपी-पेस्ट अथवा सामान्य/औपचारिक उत्तर देने से पूर्णतः बचा जाए। आवश्यकता पड़ने पर शिकायतकर्ता से दूरभाष अथवा प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर समस्या का व्यावहारिक एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### दिल्ली जनकपुरी हादसे पर CM रेखा सख्त..........

पेज न....1 की शेष खबर

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि सभी विभाग कार्य स्थलों के चारों ओर मजबूत, निरंतर और स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाली बैरिकेडिंग सुनिश्चित करें, ताकि पैदल यात्रियों, साइकिल चालकों और वाहनों की आकस्मिक पहुंच रोकी जा सके साथ ही बैरिकेड्स इस प्रकार लगाए जाएं कि दुर्घटना का कोई जोखिम न रहे और कोई भी खुदाई या खुली खाई राहगीरों को दिखाई न दे या धूल प्रदूषण का कारण न बने. जहां आवश्यक हो, संबंधित प्राधिकरणों के समन्वय से सुरक्षित पैदल मार्ग और उचित यातायात डायवर्जन की व्यवस्था की जाए, ताकि असुविधा न्यूनतम रहे और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा सके।

**अधिकारी करेंगे नियमित निरीक्षण**

महत्वपूर्ण रूप से, इस निर्देश में अनुपालन की स्पष्ट जिम्मेदारी संबंधित फील्ड अधिकारियों तथा कार्यान्वयन एजेंसियों/ठेकेदारों पर तय की गई है. इंजीनियर-इन-चार्ज और फील्ड इंजीनियरों को निर्देश दिया गया है कि वे सभी ऐसे कार्य स्थलों का नियमित निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि कार्य अवधि के दौरान निर्धारित सुरक्षा उपाय लगातार बनाए रखें.

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्पष्ट रूप से कहा है कि इन निर्देशों का कोई भी उल्लंघन, ढिलाई या अनुपालन में कमी को गंभीरता से लिया जाएगा. लापरवाही के कारण यदि कोई दुर्घटना, चोट या जान-माल की हानि होती है, तो जिम्मेदार अधिकारियों और एजेंसियों के खिलाफ नियमों के अनुसार सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, इसके अतिरिक्त अन्य कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है. मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। किसी भी विभाग या ठेकेदार को शॉर्टकट अपनाने की अनुमति नहीं दी जाएगी और जमीनी स्तर पर प्रवर्तन की कड़ी निगरानी की जाएगी।

### लखनऊ में कर्मचारी की मौत के बाद बेटे और पोते 6 साल तक लेते रहे पेंशन, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** लखनऊ यूनिवर्सिटी के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मौत के बाद भी उसके बेटे और पोते छह साल तक फर्जीवाड़ा कर विभाग से पेंशन लेते रहे। मृतक के भतीजे ने कैसरबाग थाने में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर बीकेटी के पहाड़पुर निवासी आयुष ने दी थी। आयुष के मुताबिक, उनके चाचा पुत्तीलाल यूनिवर्सिटी के फिजिक्स विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। 2002 में वह रिटायर हो गए और दिसंबर 2017 में उनकी मौत हो गई थी। मौत के बाद पुत्तीलाल के बेटे राम बहादुर, पोते अभिषेक, विवेक और विशाल ने दस्तावेजों में उन्हें जीवित दिखाया। पेंशन विभाग और यूनिवर्सिटी से फर्जीवाड़ा किया। पिता की जगह एक रिश्तेदार चुन्नीलाल को खड़ा कर उनका अंगूठा लगवाकर 2023 तक पेंशन लेते रहे। जानकारी होने पर आयुष ने यूनिवर्सिटी में शपथ पत्र दिया था। इसके बाद फर्जीवाड़ा सामने आया। इंस्पेक्टर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की गई है।

# पर्यटन विकास की नई दिशा में सोनबील 2.0 उत्सव आनंदमय और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से आयोजित हुआ

**● वक्ताओं ने कहा कि यह 'सोनबील महोत्सव 2.0' केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह प्रकृति, परंपरा और पर्यटन विकास का एक संयुक्त प्रयास है।**

**जिले के सोनबील क्षेत्र में खुशी की लहर।**









स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि** सोनबील (Son Beel) असम के श्रीभूमि (करीमगंज) जिले में स्थित एक प्रमुख और विशाल आर्द्रभूमि (wetland) है, जिसे भारत की सबसे बड़ी और एशिया की दूसरी सबसे बड़ी आर्द्रभूमि माना जाता है। यह एक अनोखी मौसमी झील है जो गर्मियों में पानी से भर जाती है और सर्दियों में कृषि भूमि में बदल जाती है। यहाँ हिज़ोल के पेड़ और रंगीन सूर्यास्त आकर्षण का केंद्र हैं। असम की बराक घाटी की प्राकृतिक धरोहर और लोकसंस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने के उद्देश्य से आज 7 फरवरी (शनिवार) को श्रीभूमि जिले के सोनबील के पास आनंदपुर में उत्साहपूर्वक पर्यटन विकास के नए आयाम में सोनबील 2.0 उत्सव का शुभारंभ उत्साह और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से आयोजित हुआ। इस उत्सव को केंद्रित करते हुए सोनबील के आनंदपुर पूरे क्षेत्र में पर्यटन, संस्कृति और पर्यावरण जागरूकता का एक अनूठा मेलजोल तैयार हुआ, जो एक ऐतिहासिक क्षण की गवाह बन गया। असम विश्वविद्यालय और रवींद्रनाथ ठाकुर विश्वविद्यालय के प्रयासों और डोनर मंत्रालय के सहयोग से इस सोनबील उत्सव के आयोजन के आनंद में पूरे सोनबील क्षेत्र को उल्लास से भरा देखा गया। सोनबील उत्सव 2.0 का औपचारिक रूप से दीप प्रज्वलन उद्घाटन असम विश्वविद्यालय के आचार्य, भारतीय वायुसेना के सेवानिवृत्त एयर चीफ मार्शल अरुप राहा सहित उनके साथ कार्यक्रम में उपस्थित थे असम विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रोफेसर राजीव मोहन पाँथ, रवींद्रनाथ ठाकुर विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रोफेसर मानबेंद्र दत्ता चौधरी और असम विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रदोष किरण नाथ और संयोजक प्रोफेसर अरून्ज्योति नाथ। अकादमिक रजिस्ट्रार डॉ. संदीप रत्न सहित प्रमुख शिक्षाविद्। उत्तर-पूर्व भारत की प्रमुख जलभूमियों में से एक सोनबील को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर लाने का प्रयास असम विश्वविद्यालय ने किया है। 2024 में पहली सोनबील महोत्सव का आयोजन होने के बाद इस वर्ष इस महोत्सव में होजाइ के रवींद्रनाथ ठाकुर विश्वविद्यालय ने भी सहभागिता की। आर्थिक सहायता में नॉर्थ ईस्टर्न काउंसिल और डोनर मंत्रालय आगे आए। इस दिन उद्घाटन समारोह के बाद पूरे दिन लोकनृत्य और लोकसंगीत प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुस्तक विमोचन, पुरस्कार वितरण और आमंत्रित कलाकारों के संगीत प्रदर्शन सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित हुए। समारोह में उपस्थित सभी वक्ताओं ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह महोत्सव मुख्य रूप से सोनबील की प्राकृतिक सुंदरता, जैवविविधता, जलजीवन, लोकसंस्कृति और ग्रामीण जीवनशैली को पर्यटकों के सामने प्रस्तुत करने का एक प्रयास है। 'सोनबील महोत्सव 2.0' केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि प्रकृति, परंपरा और पर्यटन विकास का एक सम्मिलित प्रयास है। इस त्योहार के माध्यम से सोनबील असम के बराक घाटी एक महत्वपूर्ण पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो सकती है, जो राज्य के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे स्थानीय रोजगार में वृद्धि और इको-टूरिज्म के नए अवसरों के द्वार खुलने की उम्मीद है। समारोह में मुख्य अतिथि को विशेष सम्मान सहित सम्मानित किया गया और पत्रकार को भी विशेष सम्मान सहित सम्मानित किया गया।

### ग्यारह वर्षीय किशोर का फंदे से लटका मिला शव

**● परिजनों ने हत्या की आशंका जताई, पुलिस कर रही जांच**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले के धम्मौर थाना क्षेत्र में एक 11 वर्षीय किशोर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला है। रामपुर गांव के निवासी विवेक चौहान का शव उसके घर में छप्पर से लटका पाया गया। परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। मृतक के मामा आशीष चौहान ने बताया कि घटना के समय वे बाजार गए हुए थे। उन्हें फोन पर सूचना मिली, जिसके बाद वे घर लौटे तो विवेक का शव फंदे से लटका हुआ था। परिजनों ने तुरंत किशोर को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी।

परिजनों का आरोप है कि किसी ने पहले विवेक का गला दबाकर उसकी हत्या की है। इसके बाद, हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को छप्पर में रस्सी के सहारे लटका दिया गया।

आशीष चौहान ने कहा, 'हमें किसी ने फोन पर बताया कि ऐसी बात हो गई है। जब हम बाजार से लौटे तो उसकी मौत हो चुकी थी। हमें शक है कि किसी ने पहले उसका गला दबाया और फिर उसे छप्पर की रस्सी से लटका दिया। हम बिना देखे किसी पर आरोप नहीं लगा सकते, लेकिन हम चाहते हैं कि सच सामने आए। 'सूचना मिलने पर धम्मौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ सिटी सौरभ सामंत का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

### 'हेलो! मैं DSP बोल रहा हूं...' लखनऊ के युवक को आया एक फोन और लुट गए 69 हजार रुपये

**लखनऊ।** जानकीपुरम विस्तार सेक्टर सात निवासी युवक को जालसाज ने फोन किया। अर्दब में लेते हुए कहा कि''हेलो, डीएसपी भागलपुर बोल रहा हूं। इसके बाद युवक की निजी जानकारी वायरल करने की बात कहते हुए उससे 69 हजार रुपये ले लिए। ठगी का एहसास होने पर युवक ने साइबर सेल से शिकायत कर जानकीपुरम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित शिवम ने बताया कि दो फरवरी की सुबह उनके पास एक नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को डीएसपी बताते हुए कहा कि तुम्हारे खिलाफ मुकदमा दर्ज है। प्रशासनिक टीम तुमसे कुछ ही दूर है और गिरफ्तार करने आ रही है। तुम्हारा डाटा हमारे पास है अगर वायरल हो गया तो तुम्हारी और परिवार की बदनामी होगी। तुम्हे आठ साल की जेल हो जाएगी। यह डर दिखाते हुए जालसाज ने उससे 69 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। जानकीपुरम इंस्पेक्टर विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि आइपी एड्रेस और नंबर के आधार पर आरोपित की तलाश जारी है।

### सम्पूर्ण समाधान दिवसः शोहरतगढ़ में आए 56 प्रार्थना पत्र, 6 निस्तारित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर,** सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस तहसील शोहरतगढ़ में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0, उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ विवेकानन्द मिश्र तथा पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी द्वारा किया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 द्वारा तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि से संबधित विवाद मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण कराये।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस शोहरतगढ़ में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना ले। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। लेखपाल एवं कानूनगो मौके पर जाकर शिकायत के निस्तारण से पूर्व निरीक्षण कर उसके बाद की आख्या लगायेगे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए।

इस दौरान कुल 56 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-44, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-02, विकास-01, कृषि-02, जलनिगम-01, शिक्षा-01, विद्युत-02, नगर पंचायत-02, पूर्ति-01, प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। राजस्व के 06 प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त उपकृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, तहसीलदार शोहरतगढ़, तहसील शोहरतगढ़ क्षेत्र के थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त सेंट्रल व उपजिलाधिकारी द्वारा आनन्देश्वर मंदिर का निरीक्षण

**कानपुर।** दिनांक 7.02.2026 को पुलिस उपायुक्त (सेंट्रल) अतुल कुमार श्रीवास्तव एवं उपजिलाधिकारी द्वारा आगामी महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए थाना ग्वालटोली अंतर्गत स्थित श्री आनन्देश्वर (परमट) मंदिर परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर, घाटों, आवागमन मार्गों एवं अन्य संवेदनशील स्थलों का गहन अवलोकन किया गया। अधिकारियों द्वारा पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, जिसमें बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन एवं भीड़ नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल रहे।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन एवं व्यवस्थित दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों, महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा, पार्किंग व्यवस्था, यातायात डायवर्जन तथा निरंतर निगरानी व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस उपायुक्त सेंट्रल, अपर पुलिस उपायुक्त (स्थानीय अभिसूचना इकाई), सहायक पुलिस आयुक्त कर्नलगंज, नगर निगम एवं केस्को के अधिकारीगण, श्री आनन्देश्वर (परमट) मंदिर का कार्यभार देखने वाले पदाधिकारी/सेवक, स्थानीय पार्षद तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



### लखनऊ में डांट से नाराज होकर घर से निकलीं तीन लड़कियां, पुलिस ने दिल्ली-गोंडा से किया बरामद

**लखनऊ।** सआदतगंज में पति और मां की डांट से नाराज होकर घर से गई दो बहनों समेत एक किशोरी को पुलिस ने सकुशल खोज निकला। इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्या ने बताया कि गुरुवार को थाने पहुंचे एक युवक ने अपनी पत्नी, नाबालिग साली और उसकी नाबालिग दोस्त के घर से कहीं जाने की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सर्विलांस और सीसी फुटेज की मदद से छानबीन की गई। अन्य जनपदों की पुलिस, जीआरपी से भी सम्पर्क किया। दिल्ली रेलवे स्टेशन पर तैनात जीआरपी ने सहादतगंज पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद किशोरी को दिल्ली से बरामद किया गया। उससे पूछताछ में दो बहनों के गोंडा में होने की बात पता चली। दोनों को गोंडा से सकुशल बरामद कर परिवार को सौंप दिया गया है। तीनों ने बताया कि घर पर डांट से नाराज होकर घूमने के लिए वह चली गई थी।

# सड़कों पर गड्ढों से मौत अव्यवस्था की ज्वलंत तस्वीर पेश करती है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
बादल हुसैन



**नई दिल्ली,** भारत में जहां एक और हाइवे तथा एक्सप्रेस वे बनाने की रफ्तार में तेजी आई है, वहीं आज भी सड़कों पर गड्ढों के कारण होने वाली वाहन दुर्घटनाएं बड़ी संख्या में लोगों की मौत का कारण बन रही है। और इनमें लगातार वृद्धि हो रही है। इसके अधिकांश शिकार दोपहिया वाहन चालक हो रहे हैं। अभी नवेडा में इंजीनियर की मौत का मामला शांत भी नहीं हुआ कि अब राजधानी दिल्ली में जल बोर्ड की ओर से खोदे गए गड्ढे में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है की जनकपुरी बी में 20 फीट गड्ढे पर बैरिकेडिंग ढ़ंग से नहीं लगाई थी, हालांकि जल बोर्ड का दावा है कि चारों ओर बैरिकेड थे।सवाल है कि बैरिकेडिंग थी तो बाइक गड्ढे में कैसे गिरी।25 वर्षीय कमल धनी की मौत से उसके परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है। चारों तरफ चीख पुकार गूंज रही है।ए केवल पीड़ित परिवारों का दुःख नहीं है बल्कि अव्यवस्था की ज्वलंत तस्वीर पेश करती है। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि सड़कों पर गड्ढों से होने वाली दुर्घटनाओं में मौत से स्पष्ट है कि इनके लिए जिम्मेदार अधिकारी अपनी ड्यूटी सही ढंग से नहीं निभा रहे हैं। अतः अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करके उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

# डीएम ने सीडीओ के साथ कादीपुर ब्लॉक का किया निरीक्षण

**● सर्विस बुक अपडेट न होने पर दी चेतावनी, बीडीओ को साफ-सफाई व फाइल संरक्षण के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुलतानपुर-** शनिवार को जिलाधिकारी कुमार हर्ष और मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह ने कादीपुर ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान सर्विस बुक पर आकस्मिक और उपार्जित अवकाश की फीडिंग न होने पर संबंधित कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी दी गई और उन्हें तत्काल अपडेट करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान लेखाकार कक्ष, लेखा सहायक, मनरेगा कक्ष, सहायक विकास अधिकारी कक्ष, पुरानी फाइलों के रखरखाव, कर्मचारियों की सर्विस बुक में डेटा एंट्री, राज्य वित्त आयोग के अनुदान तथा वित्तीय व्यय से संबंधित रजिस्टर पर डेटा एंट्री का जायजा लिया गया। इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका, स्टाफ की स्थिति, स्वीकृत/रिक्त पदों की संख्या और कर्मचारियों के कार्य विभाजन का भी अवलोकन किया गया।

जिलाधिकारी ने लेखाकार कक्ष के निरीक्षण के समय ग्रांट रजिस्टर, शासनादेशों का अनुरक्षण और कर्मचारियों की सर्विस बुक में अद्यतन डेटा एंट्री के बारे में जानकारी ली। सर्विस बुक अद्यतन न होने पर जिलाधिकारी ने लेखाकार को इसे तुरंत अपडेट करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने पंचम राज्य वित्त आयोग से प्राप्त अनुदान और उसके सापेक्ष किए गए व्यय का ग्रांट रजिस्टर में अंकित न होने पर नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने लेखाकार जीतूराम को इन प्रविष्टियों को तत्काल दर्ज करने का निर्देश दिया।

इसके बाद, सहायक विकास अधिकारी कक्ष का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने सभी पटल सहायकों से उनके कार्य आवंटन और की गई कार्यवाही की अद्यतन स्थिति बताने को कहा। सभी पटल सहायकों ने अपने कार्य आवंटन और कृत कार्यवाही के बारे में अवगत कराया। उन्होंने सहायक विकास अधिकारी कक्ष में रखी अलमारियों में संरक्षित अभिलेखों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को परिसर की साफ-सफाई और पत्रावलियों के संरक्षण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक (डीआरडीए) अशोक सिंह, उपजिलाधिकारी कादीपुर उत्तम तिवारी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# काशी में सनातन संस्कारों की अनुपम झलकः असम के 7 वर्षीय अथर्व कश्यप सहित 49 बटुकों का उपनयन संस्कार सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**वाराणसी।** फाल्गुन कृष्ण पंचमी के पावन अवसर पर शुक्रवार, 7 फरवरी 2026 को काशी स्थित श्रीविद्या मठ में सनातन परम्परा का भव्य दृश्य देखने को मिला। यहां जगद्गुरुकुलम् की काशी शाखा के 49 छात्रों का विधिवत उपनयन संस्कार सम्पन्न हुआ। इनमें असम राज्य के 7 वर्षीय छात्र अथर्व कश्यप भी शामिल रहे। पंडित श्री रामचन्द्र देव जी सहित अनेक विद्वान आचार्यों के आचार्यत्व में संपन्न इस संस्कार को वेदाध्ययन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। आचार्यों ने कहा कि वेद अध्ययन से पूर्व उपनयन संस्कार सनातन परम्परा का अनिवार्य अंग है, जिससे बालक धर्म, संयम और संस्कारों के मार्ग पर अग्रसर होता है।

उपनयन संस्कार गंगा तट स्थित श्रीशंकराचार्य घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुआ। सभी उपनीत बटुकों को परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती '1008' जी महाराज का पावन आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि पूज्य शंकराचार्य जी महाराज देशभर में भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म के संरक्षण एवं प्रचार के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में उनके मार्गदर्शन में जगद्गुरुकुलम् की देशभर में 10 से अधिक शाखाएं संचालित हो रही हैं। उनकी परिकल्पना है कि प्रत्येक जिले में कम से कम एक निःशुल्क गुरुकुल स्थापित हो, जिससे सनातन धर्म की शिक्षा समाज के हर वर्ग तक सहज रूप से पहुंच सके। मठ के प्रभारी ब्रह्मचारी परमात्मानंद जी ने सभी उपनीत बटुकों को गायत्री मंत्र की दीक्षा प्रदान की। कार्यक्रम का सफल संयोजन प्रबंधक श्री कृष्ण कुमार द्विवेदी एवं उप-प्राचार्य श्री आर्यन सुमन पांडेय जी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

# व्यापारियों की बड़ी आवाजः फेम ने प्रमुख सचिव से मिलकर सचल दल व्यवस्था समाप्त करने की उठाई मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल (फेम) ने प्रदेश के व्यापारियों की समस्याओं को लेकर राज्य कर विभाग के उच्चाधिकारियों के समक्ष सशक्त तरीके से पक्ष रखा। फेम के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ स्थित कौटिल्य भवन में प्रमुख सचिव, राज्य कर उत्तर प्रदेश श्रीमती कामिनी रतन चौहान (आईएएस) से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उक्त बात की जानकारी फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन महामंत्री जितेंद्र चतुर्वेदी बताया की इस बैठक में राज्य कर आयुक्त डॉ. नितिन बंसल सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान करने वाली सचल दल (मोबाइल स्क्वॉड) व्यवस्था को समाप्त करने की प्रमुख मांग रखी।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती ने कहा कि व्यापारियों को नोटिस केवल ई-मेल से भेजने के बजाय व्यक्तिगत रूप से भी उपलब्ध कराए जाने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कई मामलों में अधिकारी लक्ष्य पूर्ति के दबाव में अनुचित पेनाल्टी वसूलते हैं, जिनमें से 90 से 95 प्रतिशत राशि बाद में विभाग को लौटानी पड़ती है। इससे न सिर्फ व्यापारी परेशान होता है, बल्कि विभाग की छवि भी प्रभावित होती है।

फेम ने एमनेस्टी स्कीम लागू करने, वैट की धारा-32 को जीएसटी में शामिल करने तथा बिना पूर्व नोटिस के व्यापारियों के बैंक खाते सीज न किए जाने की भी मांग की। फेम के जिला महामंत्री ब्रजेश पंडित ने सुझाव दिया कि जब पेनाल्टी की राशि वापस करनी ही पड़ती है, तो ऐसे मामलों में संबंधित अधिकारियों की भी समीक्षा होनी चाहिए, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि लक्ष्य किस प्रकार पूरे किए जा रहे हैं। बैठक में प्रदेश भर के फेम के पदाधिकारी भी शामिल रहे। प्रमुख सचिव श्रीमती कामिनी रतन चौहान ने फेम की सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने और समाधान का आश्वासन दिया। फेम की ओर से समस्याओं को गंभीरता से सुनने के लिए प्रमुख सचिव का आभार जताते हुए प्रदेशभर से आए व्यापारियों का धन्यवाद किया गया।

# मुख्य विकास अधिकारी भदोही द्वारा 7 पोषण पुनर्वास केंद्र (NRC) निरीक्षण



दिनांक 07 फरवरी 2026 को मुख्य विकास अधिकारी श्री बाल गोविंद शुक्ला द्वारा पोषण पुनर्वास केंद्र (NRC), जनपद भदोही का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ. नित्यानंद (आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी), सीएमएस महाराजा चेत सिंह जिला चिकित्सालय एवं डॉ. ए.के. तिवारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बच्चों को च्यवनप्राश, चना एवं गुड़ प्रदान किया गया तथा बच्चों की दिनचर्या, पोषण, स्वच्छता एवं देखभाल के संबंध में उनकी माताओं को विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई, ताकि घर पर भी उचित पालन सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि केयरटेकर प्रीति द्वारा बच्चों को बहलाने के लिए मोबाइल पर चित्र/वीडियो दिखाए जा रहे थे, जिसे वैज्ञानिक दृष्टि से हानिकारक बताया गया। विशेषज्ञों के अनुसार कम उम्र में मोबाइल स्क्रीन का अधिक उपयोग बच्चों के मस्तिष्क विकास, दृष्टि एवं एकाग्रता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। इस संबंध में तत्काल रोक लगाने एवं बच्चों के लिए खेल, संवाद और गतिविधि-आधारित मनोरंजन अपनाने के निर्देश दिए गए। एनआरसी की किचन व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। साथ ही बिल्डर/रसोई प्रभारी को निर्देशित किया गया कि माता एवं बच्चों को निर्धारित पोषण आहार मेनू के अनुसार ही भोजन उपलब्ध कराया जाए, जिससे पोषण पुनर्वास के उद्देश्य पूरे हो सकें।